■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 298
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, बुधवार
2 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1559 :** इटली के जेनोआ क्षेत्र से यहूदियों को निकाला गया।
**1679 :** मुगल शासक अकबर ने जजिया कर समाप्त किया।
**1902 :** लॉस एंजिल्स में पहला मोशन पिक्चर थियेटर खुला।
**1945 :** सोवियत संघ और ब्राजील के बीच राजनयिक संबंध बहाल हुए।
**2001 :** नेपाल में माओवादी विद्रोहियों द्वारा 37 पुलिस अधिकारियों की हत्या।

**हमें हमारा लक्ष्य प्राप्त करते वक्त सिर्फ दो सोच रखनी चाहिए, अगर रास्ता मिल गया तो ठीक नहीं तो रास्ता मैं खुद बना लूंगा।**

# 165 करोड़ की लागत से बोधगया में होगी 'बौद्ध ध्यान एवं आध्यात्म केंद्र' की स्थापना

**आधुनिक सुविधाओं से होगा युक्त | बिहार के पर्यटन उद्योग को मिलेगी नई ऊंचाई**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के बोधगया में 'बौद्ध ध्यान एवं आध्यात्म केंद्र' की स्थापना होगी। इस परियोजना के लिए 165.443 करोड़ रूपये स्वीकृत किए गये हैं। इसे स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत मंजूरी दी गई है, जिसके लिए पहली किस्त के रूप में 16.54 करोड़ रूपये जारी किए गए हैं।



### केसरिया स्तूप से प्रेरित होगा डिजाइन

पर्यटन मंत्रालय की मंजूरी और निगरानी समिति (सीएसएमसी) ने इस परियोजना को हरी झंडी दी है। इसके तहत राज्य सरकार बोधगया के पवित्र वातावरण को ध्यान में रखते हुए एक विशेष ध्यान एवं अध्यात्म केंद्र विकसित करेगी, जिसका डिजाइन प्राचीन बौद्ध वास्तुकला विशेष रूप से बिहार के केसरिया स्तूप से प्रेरित होगा।

### परियोजना की मुख्य विशेषताएं

**बौद्ध धर्म के अनुयायियों और पर्यटकों के लिए ध्यान एवं अध्यात्म केंद्र**

इस केंद्र का उद्देश्य बौद्ध धर्म के अनुयायियों और पर्यटकों को ध्यान, साधना और आध्यात्मिक शांति का अनुभव कराना होगा। परंपरागत बौद्ध वास्तुकला से प्रेरित डिजाइन केंद्र का ढांचा प्राचीन बौद्ध स्तूपों के आधार पर विकसित किया जाएगा, जिससे यह न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेगा बल्कि बोधगया के धार्मिक महत्व को भी बढ़ाएगा।

**आधुनिक सुविधाओं से युक्त ध्यान केंद्र**

ध्यान साधना के लिए विशेष कक्ष, बौद्ध धर्म से संबंधित डिजिटल प्रदर्शनियों समेत कई सुविधाएं मिलेगी।

**आर्थिक और पर्यटन क्षेत्र में योगदान**

इस परियोजना से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और बोधगया के पर्यटन उद्योग को भी नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

**वित्तीय प्रबंधन और कार्यान्वयन**

इस परियोजना को लागू करने की जिम्मेदारी बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (बीएसटीडीसी) को दी गई है। भारतीय पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) को इस योजना की केंद्रीय नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है। पहली किस्त के रूप में 16.54 करोड़ रूपये जारी किए गए हैं और आगे की धनराशि योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार जारी की जाएगी।

**बिहार में पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा**

बोधगया दुनिया भर के बौद्ध अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थस्थल है। 'बौद्ध ध्यान एवं अध्यात्म केंद्र' की स्थापना से बिहार में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और बोधगया को एक वैश्विक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित करने में सहायता मिलेगी।

# लोकसभा में आज पेश होगा वक्फ संशोधन विधेयक

■ **आठ घंटे की चर्चा के बाद पारित होने की उम्मीद**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पेश करेगी। केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को बताया कि विधेयक को 2 अप्रैल को प्रश्नकाल के बाद विचार और पारित करने के लिए पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधेयक पर 8 घंटे चर्चा होगी, जिसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है। रिजिजू ने कहा कि अगर सदन को लगता है कि अगर ऐसा लगेगा कि चर्चा के लिए समय बढ़ाया जाना चाहिए, तो समय बढ़ाया जा सकता है, लेकिन अगर विपक्षी दल कोई बहाना बनाकर चर्चा में हिस्सा नहीं लेना चाहते हैं, तो हम इसे रोक नहीं सकते। हम चर्चा चाहते हैं। हर राजनीतिक दल को अपनी बात रखने का अधिकार है। देश जानना चाहता है कि संशोधन विधेयक पर किस राजनीतिक दल का क्या रुख है। ये बात हजारों साल तक दर्ज रहेगी, ये बात रिकॉर्ड में रहेगी कि किसने संशोधन विधेयक का विरोध किया और किसने समर्थन किया। उन्होंने कहा, ''2 अप्रैल को प्रश्नकाल के तुरंत बाद मैं संशोधन विधेयक को विचार और पारित करने के लिए पेश करना चाहता हूं। हम 8 घंटे की चर्चा के लिए सहमत हुए हैं।'' केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में भाजपा प्रवक्ताओं को वक्फ संशोधन विधेयक के बारे में जानकारी दी थी। बैठक के दौरान रिजिजू ने विधेयक का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया, जिसमें मुस्लिम समुदाय को इससे होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया। रिजिजू ने कहा कि विधेयक धार्मिक संस्थानों की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप नहीं करता है और इसे उन लोगों को अधिकार देने के लिए बनाया गया है, जिनके पास पहले ये अधिकार नहीं थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विधेयक का उद्देश्य वक्फ प्रबंधन में सुधार, पारदर्शिता और डिजिटलीकरण को बढ़ाना है। हालांकि, विपक्ष समेत तमाम मुस्लिम संगठनों ने वक्फ संशोधन विधेयक की कड़ी आलोचना की है और इसे 'असंवैधानिक' बताया है। विपक्ष का आरोप है कि भाजपा मुसलमानों के अधिकारों को 'छीनने' का प्रयास कर रही है। वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करते हुए एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि यह विधेयक असंवैधानिक है और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 25, 26 और 29 का 'गंभीर उल्लंघन' है। ओवैसी ने कहा कि यह 'वक्फ बर्बाद विधेयक' है। हैदराबाद के सांसद ओवैसी ने भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू, चिराग पासवान और जयंत चौधरी से वक्फ संशोधन विधेयक के समर्थन के पीछे के कारणों पर सवाल उठाया।

**जेपीसी के संशोधन मंजूर**

वक्फ संशोधन विधेयक पिछले साल अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया था। विपक्ष के विरोध के बाद इस विचार करने के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया गया था। जेपीसी ने पिछले महीने अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। बाद में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जेपीसी द्वारा किए गए सुझावों और संशोधनों को मंजूरी दे दी थी।

**विधेयक का उद्देश्य**

इस विधेयक का उद्देश्य वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन करना है, ताकि वक्फ संपत्तियों के विनियमन और प्रबंधन में आने वाली समस्याओं और चुनौतियों का समाधान किया जा सके। सरकार का कहना है कि अधिनियम में संशोधन से भारत में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन और प्रबंधन में सुधार होगा। साथ ही पंजीकरण प्रक्रिया में सुधार करने और वक्फ रिकॉर्ड के प्रबंधन में प्रौद्योगिकी की भूमिका बढ़ाने जैसे बदलाव करके वक्फ बोर्ड की दक्षता बढ़ाई जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### एक करोड़ की हेरोइन के साथ आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर रेल पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई की है। एनसीबी के साथ संयुक्त कार्रवाई में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही एक करोड़ रुपए की हेरोइन भी बरामद की गई है। गिरफ्तार तस्करों के निशानदेही पर अन्य तस्करों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। दरअसल, एनसीबी को गुप्त सूचना मिली कि 15909 (अवध आसाम एक्सप्रेस) से एक तस्कर भाड़ी मात्रा में हीरोइन की खेप लेकर मुजफ्फरपुर जंक्शन पर उतरने वाला है। जिसके बाद आरपीएफ इंस्पेक्टर मनीष कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। आरपीएफ और एनसीबी के द्वारा संयुक्त रूप से उक्त ट्रेन में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान ट्रेन से एक युवक को पकड़ा गया। उसकी पहचान पश्चिम चंपारण जिले के पकड़ी दयाल थाना क्षेत्र के कुबेर सहनी के पुत्र अक्षय सहनी (29) के रूप में किया गया। टीम ने अक्षय की तलाशी ली, जिस क्रम में में उसके नीले रंग के बैग से दो कला रंग का पैकेट निकला। एनसीबी की ओर से दोनों पैकेटों की जांच की गई। जांच के बाद दोनों पैकेटों के अंदर से 520 ग्राम हीरोइन निकला।

### जल्द भारत आएंगी सुनीता विलियम्स

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स ने स्पेस से लौटने के बाद मंगलवार को पहली बार प्रेस कांफ्रेंस की। सुनीता ने अपने साथी एस्ट्रोनॉट बुच विल्मोर और निक हेग के साथ टेक्सास के जॉनसन स्पेस सेंटर में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि भारत स्पेस प्रोग्राम में अपनी जगह बना रहा है। वह इसका हिस्सा बनना चाहेंगी। एक सवाल में जवाब में उन्होंने कहा कि मैं निश्चित तौर पर अपने पिता के देश भारत जाऊंगी। जल्द ही एक्सिओम मिशन पर जाने वाले भारतीय अंतरिक्ष यात्री को लेकर मैं उत्साहित हूं। यह बहुत बढ़िया है। वो बात कर पाएंगे कि उनके नजरिए से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन कितना अद्भुत है। मैं उम्मीद करती हूं कि मैं उनसे किसी समय मिल सकूं और हम भारत में ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ अपना अनुभव साझा कर सकें। भारत महान देश और अद्भुत लोकतंत्र है जो अंतरिक्ष देशों में अपनी जगह बनाना चाह रहा है। हम इसका हिस्सा बनना चाहेंगे और भारत की मदद करना चाहेंगे।

# अचानक जदयू कार्यालय पहुंचे नीतीश कुमार

■ **वक्फ बिल पर मीडिया के सवालों को टालते हुए सिर्फ इतना कहा कि सब ठीक है**
■ **महिला कार्यकर्ताओं के अनुरोध पर उनके संग खिंचवाया फोटो**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वक्फ संसोधन बिल को लेकर पार्टी के मुस्लिम नेताओं के विरोध के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को अचानक जदयू कार्यालय पहुंचे। बिना किसी सूचना के मुख्यमंत्री के पार्टी कार्यालय पहुंचने पर वहां मौजूद कार्यकर्ता हैरान रह गए। वे नीतीश कुमार के वहां पहुंचने पर इंकलाब जिंदाबाद, नीतीश कुमार जिंदाबाद के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने हमारा नेता कैसा हो, नीतीश कुमार जैसा हो के भी नारे लगाए। पार्टी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान वहां प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को नहीं देख कर मुख्यमंत्री थोड़े नाराज दिखे। इस दौरान मीडियाकर्मियों ने जब उनसे वक्फ बिल को लेकर सवाल किया तो उन्होंने इसे टालते हुए सिर्फ इतना कहा कि सब ठीक है। मुख्यमंत्री जब पार्टी कार्यालय से निकलने लगे तो महिला कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और उनके साथ फोटो खिंचवाने का अनुरोध किया। महिलाओं ने उनकी तारीफ में एक गाना गाकर भी सुनाया। इस पर मुख्यमंत्री मुस्कराते रहे।

# चमकी बुखार को लेकर प्रशासन अलर्ट

**मुजफ्फरपुर (नबिटा ब्यूरो)।** बच्चों के काल चमकी बुखार को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी समेत वरीय अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में संध्या चौपाल लगाया साथ ही ग्रामीणों को चमकी बुखार से बचाव के सम्बन्ध में जानकारी भी दिए। बीते दो साल में जिले में चमकी बुखार से एक भी बच्चे की मौत नहीं हुई है। दो वर्षों के अनुभव पर इस साल भी जीरो डेथ पॉलिसी पर काम किया जा रहा है। अब तक मुशहरी के दो, पारू के एक, बोचहा के दो, कुढ़नी के एक और मोतीपुर के एक मरीज में एइएस की पुष्टि हुई है। लेकिन किसी बच्चे की मौत नहीं हुई हैं। सभी बच्चें इलाज के बाद घर लौट गए है। इसके साथ ही पीलिया,डायरिया,जुकाम खांसी से भी बच्चे पीड़ित हो रहे है। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है।

# तनिष्क शोरुम में भीषण आग, 10 बाइक जली

■ **इसी शो रूम में 22 दिन पूर्व हुई थी 10 करोड़ की लूट**
■ **कर्मचारी एवं ग्राहक दूसरे छत के सहारे कूदकर बाहर निकाले गये**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** नगर थाना क्षेत्र के गोपाली चौक आरा में तनिष्क शोरूम में मंगलवार को भीषण आग लगी थी। आग, ग्राउंड फ्लोर पर जनरेटर में लगी है। जहां वेल्डिंग का कार्य चल रहा था। वेल्डिंग के चिंगारी से आग लगी जिससे वेसमेंट में रखी बाइक जलकर राख हो गयी। किसी तरह शोरूम के अंदर से सभी कर्मचारियों को बाहर निकाला गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शोरूम के बेसमेंट में वेल्डिंग का काम चल रहा था। इसी बीच चिंगारी निकलने से बेसमेंट में खड़ी कार में आग लग गई। धीरे-धीरे आग बेकाबू हो गई और पूरे बेसमेंट को चपेट में ले लिया है। आग लगने के कारण धुआं पूरे शोरूम के अंदर फैला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम आग को बुझाने में लगी थी। जिस वक्त आग लगी शोरूम में 40 कर्मचारी और ग्राहक भी मौजूद थे। आग से बेसमेंट में खड़ीं 10 बाइक जलकर राख हो चुकी थी। फैल रहे धुंआ को देखते हुए दुकान से कर्मचारी व ग्राहक दूसरे छत के सहारे कूदकर बाहर निकाले गये। बता दें कि 22 दिन पहले इसी शोरूम में 10 करोड़ की लूट हुई थी।

# सरहुल पर दो दिनों का होगा राजकीय अवकाश : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** प्रकृति का पर्व सरहुल को लेकर उत्साह चरम पर है। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रांची के करमटोली आदिवासी हॉस्टल और सिरमटोली केंद्रीय सरना समिति पहुंचे। जहां पर उन्होंने ना केवल पूजा अर्चना की, बल्कि पौधा लगाकर प्रकृति पर्व को यादगार बनाने की कोशिश की। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मंत्री चमरा लिंडा ने मांदर बजाया। जिसमें गांडेय विधायक व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और झारखंड सरकार में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की एक साथ झूमती नजर आईं। आदिवासी हॉस्टल के छात्र-छात्राओं के साथ सरहुल के मौके पर मुख्यमंत्री ने जमकर नृत्य की और लोगों को सरहुल के बारे में बताया।

**मुख्यमंत्री ने सरहुल की दी लोगों को बधाई**

करमटोली स्थित आदिवासी हॉस्टल पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरहुल के मौके पर संबोधित करते हुए कहा कि व्यस्तता की वजह से भले ही आपके बीच समय नहीं दे पाता हूं। लेकिन आपके साथ मैं हमेशा हूं। उन्होंने सरहुल की बधाई देते हुए कहा कि इस हॉस्टल से मेरा जुड़ाव रहा है। यहां के विकास के लिए जो पहले सरकार ने वादा किया था, वह कार्य आने वाले समय में आपको देखने को मिलेगा।

# भाजपा के नए अध्यक्ष की घोषणा इसी महीने

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष इसी महीने मिल जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नागपुर दौरे के बाद चुनावी प्रक्रिया तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक 30 मार्च को मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत की मुलाकात में नए अध्यक्ष के नाम पर चर्चा हुई है। मोदी के नागपुर से लौटने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भी बातचीत हुई है। प्रधानमंत्री ने वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह और संगठन महामंत्री बीएल संतोष से राज्यों के संगठनात्मक चुनाव पर चर्चा की।

# 89 करोड़ की लागत से बन रहा आधुनिक शवदाहगृह कार्य, मई में होगा पूरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार का पहला आधुनिक शवदाहगृह पटना के बांसघाट में बन रहा है। राजधानी पटना में लगभग 4.5 एकड़ जमीन पर 89.40 करोड़ रूपये की लागत से नया शवदाहगृह मई में बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद इसका उद्घाटन किया जाएगा। निर्माण कंपनी बुडको के इंजीनियर के अनुसार पहले शवदाहगृह केवल 1.24 एकड़ में था। इसमें कई आवश्यक सुविधाओं का अभाव था। नया शवदाहगृह आधुनिक तकनीकों से लैस होगा और यहां चार विद्युत शवदाह यूनिट, छह लकड़ी आधारित और आठ परंपरागत शवदाह स्थलों की व्यवस्था होगी। यहां एक ही जगह अंतिम संस्कार के लिए सभी तरह की सुविधाएं मौजूद होंगी।

**यह मिलेंगी विशेष सुविधाएं :–**

- अस्थि विसर्जन और नहाने के लिए दो तालाब
- पाइपलाइन की मदद से गंगा नदी से इन दोनों तालाबों तक आएगा पानी
- दो प्रतीक्षा कक्ष, दो प्रार्थना घर और दो पूजा हल
- छह ब्लक शौचालय, एक कार्यालय और दो चेंजिंग रूम
- एक प्रशासनिक कार्यालय, कैंटी, मंदिर और स्टाफ क्वार्टर
- 40 स्क्वायर मीटर का सब-स्टेशन शवगृह, पार्किंग, आंतरिक सड़कें और सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली कैंटीन, मंदिर, स्टाफ क्वर्टर और 40 वर्ग मीटर का सब-क्वार्टर
- परिसर में शवगृह, पार्किंग, सड़क, मंत्र श्लोक और पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम


**पुराने शवदाहगृह का जीर्णोद्धार**

पुराने शवदाहगृह जीर्णोद्धार के तहत 4 हजार 260 वर्ग मीटर में वेंडिंग जोन और वेटिंग रूम, 1 ब्लक शौचालय, चेंजिंग रूम, पार्किग तथा बैठने के लिए शेड बन रहे हैं। परंपरागत शवदाहगृह में अस्थि विसर्जन की व्यवस्था, गंगा जल शावर भी बनाए गये हैं। इस परियोजना के पूरा होने से पटना और आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को अंतिम संस्कार के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

# बागमती में नहाने गए चार युवक डूबे, दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में बागमती नदी में नहाने के दौरान चार युवकों के डूबने का मामला सामने आया है। जिसमें दो युवक की मौत हो गई है, दो को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। मामला जिले के कटरा थाना क्षेत्र के गंगिया गांव का है। स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बाद मौके पर एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। टीम ने रेस्क्यू कर चारों को बाहर निकाला। मृतक की पहचान सीतामढ़ी के मधौल गांव के संजय सिंह के पुत्र अंकित कुमार के रूप हुई है। वहीं, एक अन्य मृतक की पूरी जानकारी नहीं है। घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार अशोक कुमार मिश्र के पुत्र के उपनयन संस्कार में शामिल होने के चारों युवक आए हुए थे। इस दौरान अंकित कुमार और बक्सर के सिमरी थाना क्षेत्र निवासी आकाश समेत उसके चार में मित्र नदी में नहाने के लिए गए हुए थे। नदी में नहाने के दौरान चारों अनियंत्रित हो उसमें डूबने लगे। स्थानीय लोग मौके पर जुट गए जिसके बाद किसी तरह स्थानीय घटना में तीन युवकों नदी बाहर निकला। लेकिन उसमें अंकित कुमार की मौत हो गई। बता दें कि अंकित मूल रूप से सीतामढ़ी जिले के मधौल गांव का रहने वाला है। अपने पिता संजय सिंह के साथ दिल्ली में रहता था। वही पढ़ाई करता है। दिल्ली में ही उसकी दोस्ती आकाश से हुई थी। आकाश बक्सर जिले का रहने वाला है। आकाश के परिजनों को भी मामले की जानकारी दे दी गई है। आकाश के परिजन मुजफ्फरपुर के लिए निकल गए है। एसडीएम पूर्वी अमित कुमार ने बताया कि नहाने के दौरान दो युवक डूब गए थे। दोनों के शव को बाहर निकाल लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।



# सड़क दुर्घटना में बच्चे की मौत

**दरभंगा (नबिटा ब्यूरो)।** राजकीय उच्च पथ 57 पर पकटोला गांव के पास मंगलवार सुबह 11 बजे कार और टेंपो की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 12 साल के बच्चे की मौत हो गई। चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायल टेंपो में सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो और कार के परखच्चे उड़ गए। कार का एयरबैग खुलने से उसमें बैठे लोगों को हल्की चोटें आईं। हादसे के बाद कार चालक और सवार मौके से फरार हो गए। तेज रफ्तार कार अतरबेल की ओर से आ रही थी। जाले की ओर जा रहे सीएनजी टेंपो को सामने से टक्कर मार दी। टेंपो में सवार सभी लोग मुजफ्फरपुर जिले के कटरा थाना क्षेत्र के बेलपकौना गांव के रहने वाले हैं।

# मालगाड़ियों की टक्कर में दो लोको पायलटों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**साहिबगंज।** बरहेट में एनटीपीसी फाटक के पास दो मालगाड़ियों के बीच आपस में जोरदार टक्कर हो गई। घटना में दो लोको पायलट की मौत हो गई। जबकि चार लोग घायल हो गए हैं। मृतकों में बोकारो जिला के सेक्टर नौ निवासी 32 वर्षीय अंबुज महतो और पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के जियागंज निवासी ज्ञानेश्वर माल शामिल हैं। घायलों में 32 वर्षीय जितेंद्र कुमार, 45 वर्षीय उदय मंडल, 55 वर्षीय राम घोष और 48 वर्षीय टीके नाथ शामिल हैं। साहिबगंज मुख्यालय से पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मी रवि ने बताया कि घटना सुबह 3:30 बजे की है। एक मालगाड़ी पटरी पर खड़ी थी। इस दौरान दूसरी तरफ से आ रही मालगाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे इंजन व कोयला लोड बोगी में आग लग गई। आग बुझाने का कार्य जारी है। वहीं, दो इंजन पटरी से नीचे उतर गया और इंजन पूरी करह से क्षतिग्रस्त हो गया। फायर ब्रिगेड के कर्मी ने बताया कि इंजन में छह लोग सवार थे, जिसमें दो लोको पायलट की मौत और चार लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को बरहेट सदर अस्पताल ले जाया गया है। जहां उनकी इलाज जारी है, जिसमें कुछ की हालत गंभीर है। एनटीपीसी के एजीएम शांतनु दास ने बताया कि दो मालगाड़ी में टक्कर की वजह से दो लोको पायलटों की मौत हुई है। कंट्रोलर ने पॉइंट बनाने में गड़बड़ी की है, जिसके कारण यह हादसा हुआ है। घटना की जांच चल रही है। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# जल-जीवन-हरियाली अभियान बने हमारी जीवनशैली का अंग : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा कृषि भवन, मीठापुर, पटना के सभागार में जल-जीवन-हरियाली अभियान अन्तर्गत राज्यस्तरीय कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने की। प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को जल-जीवन-हरियाली अभियान के अन्तर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसमें संवाद के माध्यम से जागरूकता फैलायी जाती है एवं महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाती है।



मंत्री के कहा कि राज्य सरकार द्वारा जल-जीवन-हरियाली अभियान की शुरूआत की गयी है। यह खुशी की बात है कि इस महीने का कार्यक्रम कृषि विभाग के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से जल स्तर को संतुलित बनाकर रखना, जल को प्रदूषण मुक्त रखना, वृक्ष अच्छादन को बढ़ाना तथा नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना प्रमुख रूप से लक्षित किया गया है। श्री सिन्हा ने कहा कि जल होगा तो हरियाली होगी और हरियाली होगा तो जीवन होगी। इसलिए जल-जीवन हरियाली अभियान प्रदेश ही नहीं विश्व के प्रत्येक मानव का अभियान बनना चाहिए। जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत सार्वजनिक जल संरचनाओं, तालाब, पोखर, कुंआ, नदी, नाला, आहर, पाइन के जीर्णोद्धार के साथ-साथ नये जल-स्त्रोतों का सृजन किया जा रहा है। सरकारी भवनों की छत पर वर्षा जल के संचयन तथा सौर ऊर्जा को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि सचिव ने जल संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि जल है तो जीवन है, जीवन है तो सब कुछ है। जल के बिना जीवन की कल्पना भी असंभव है। उन्होंने आगे कहा कि जल है तो कृषि है, कृषि है तो जीवन है। वास्तव में, जल कृषि की आत्मा है और कृषि हमारे भोजन, पर्यावरण और आर्थिक समृद्धि का आधार है। यदि जल संरक्षित रहेगा, तो कृषि समृद्ध होगी और समाज की आवश्यकताएं पूरी होंगी। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक बी0आर0बी0एन0 निर्मल कुमार, निदेशक कृषि नितिन कुमार सिंह, मिशन निदेशक जल-जीवन-हरियाली प्रतिभा रानी, निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार, अपर सचिव द्वय शैलेन्द्र कुमार एवं कल्पना कुमारी, अपर निदेशक (शष्य) धनंजय पति त्रिपाठी, निदेशक, भूमि संरक्षण सुदामा महतो सहित कृषि एवं अन्य विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# दक्षिण पूर्व रेलवे ने माल लदान में रचा इतिहास, 2024-25 में दर्ज किया नया रिकॉर्ड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में माल लदान के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इस वर्ष रेलवे ने 212.37 मिलियन टन माल ढुलाई कर अपनी अब तक की सबसे उच्चतम माल लदान उपलब्धि दर्ज की। यह प्रदर्शन पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 0.36% अधिक है। दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत चक्रधरपुर और आद्रा मंडलों ने भी शानदार प्रदर्शन किया । चक्रधरपुर मंडल ने 154.04 मिलियन टन माल लदान किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3.25% अधिक है। आद्रा मंडल ने 29.12 मिलियन टन माल लदान किया जो पिछले वर्ष से 4.16% अधिक है। इस शानदार प्रदर्शन के साथ दक्षिण पूर्व रेलवे ने ?18,949.83 करोड़ का राजस्व अर्जित किया। इस दौरान कई महत्वपूर्ण रिकॉर्ड भी बने, जिनमें एक दिन में सबसे अधिक माल लदान यानी 1.78 मिलियन टन (31 मार्च 2025), जो पिछले सर्वश्रेष्ठ आंकड़े से 30.9% अधिक है , शामिल है। इसके साथ 200 मिलियन टन माल लदान का सबसे तेज़ रिकॉर्ड, सिर्फ 349 दिनों में (15 मार्च 2025) भी बना। कोयला लदान 55.56 मिलियन टन हुआ जो पिछले वर्ष की तुलना में 4.23% अधिक है। कंटेनर लदान 2.43 मिलियन टन हुआ जो 44.8% की वृद्धि दर्शाता है। उर्वरक लदान 0.92 मिलियन टन रहा जो 16.2% अधिक है। (बॉगी) लदानः 6.41 मिलियन टनरहा जो 4.43% अधिक है। दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकारियों ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए रेलवे कर्मियों, ग्राहकों और हितधारकों को धन्यवाद दिया। रेलवे प्रशासन का कहना है कि यह सफलता आधुनिक तकनीक, कुशल प्रबंधन और बेहतर लॉजिस्टिक्स योजना के चलते संभव हुई। इस शानदार प्रदर्शन के साथ दक्षिण पूर्व रेलवे ने न केवल अपने पिछले रिकॉर्ड तोड़े हैं बल्कि भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जगाई है।

# मुख्यमंत्री किसी भी गलत प्रावधान को लागू नहीं होने देंगे : मोहम्मद इरशादुल्लाह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वक्फ संशोधन बिल को लेकर मुस्लिम समुदाय के विरोध के बावजूद संसद में 2 अप्रैल को इसे पेश किए जाने की बात सामने आ रही है। इसको लेकर मुस्लिम संगठनों के विरोध बीच बिहार सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष मोहम्मद इरशादुल्लाह और शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अफजल अब्बास ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भरोसा जताते हुए कहा कि वे इस बिल को लेकर अपनी बात रखेंगे और किसी भी गलत प्रावधान को लागू नहीं होने देंगे। सुन्नी वक्फ बोर्ड अध्यक्ष मोहम्मद इरशादुल्लाह ने मुसलमानों से नीतीश कुमार की सरकार को 25 से 30 साल तक बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमें संसद में पेश होने वाले वक्फ संशोधन बिल की पूरी जानकारी नहीं है, लेकिन हम इसमें कई बिंदुओं पर आपत्ति जताते हैं। यदि यह बिल पास हुआ तो कुछ न कुछ गलत जरूर होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मुस्लिम समुदाय के लिए की गई पहल का जिक्र करते हुए कहा कि 9000 कब्रिस्तानों की घेराबंदी, हर जिले में अल्पसंख्यकों के लिए आवासीय विद्यालय और कई अन्य विकास कार्य किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 2005 के पहले बिहार में कई बार दंगे हो चुके थे, लेकिन नीतीश कुमार के कार्यकाल में कोई दंगा नहीं हुआ। वहीं, शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अफजल अब्बास ने भी वक्फ संशोधन बिल को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि हमें इस बिल के संसद में पेश होने की जानकारी नहीं थी, लेकिन अगर 2 अप्रैल को यह बिल पास होता है तो यह जल्दबाजी होगी। इस पर गंभीर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने भरोसा जताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वक्फ बोर्ड के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाएंगे और मुस्लिम समुदाय के हितों की रक्षा करेंगे।

## झपट्टामार गिरोह का भंडाफोड़, दो आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** रूपसपुर पुलिस ने मोबाइल झपट्टामार गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से लूटे गए तीन मोबाइल फोन और एक बाइक बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनूप कुमार सिंह और दिनेश कुमार के रूप में हुई है, जो रामजी चक, दीघा के निवासी हैं। एएसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि 31 मार्च को बी-301, खिलाड़ी हेरिटेज, विश्वसरैया नगर निवासी सत्यम सिंह का मोबाइल गोला रोड के सर्विस लेन में बाइक सवार बदमाशों ने छीन लिया था। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# वक्फ संशोधन बिल पर गरमायी सूबे की सियासत

## जदयू विधान पार्षद ने कहा यह बिल सही नहीं है, इसे किसान बिल की तरह वापस ले लेना चाहिए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** संसद में बुधवार को पेश होने वाले वक्फ संशोधन बिल को लेकर बिहार की सियासत गरमा गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी जदयू विधान पार्षद गुलाम गौस ने इस बिल का विरोध किया है। उन्होंने वक्फ बिल को अनुचित बताते हुए कहा है कि केन्द्र सरकार को किसान बिल की तरह इसे वापस ले लेना चाहिए। हालांकि जदयू के ही वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह ने इस बिल को बिल्कुल सही ठहराया है। गुलाम गौस ने केंद्र सरकार पर बार-बार अनुचित नीतियों के जरिए अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने का इल्जाम लगाया है। उन्होंने कहा कि जब से यह केंद्र सरकार आई है, कभी लव जिहाद, सीएए, मॉब लिंचिंग, ट्रिपल तलाक और अब यह बिल। यह हमारा धार्मिक मामला है। केंद्र पर हमला बोलते हुए गौस ने कहा कि आपने हमारे अधिकारों की रक्षा के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता हमारी विशेषता है। मैं निश्चित रूप से इन सभी मुद्दों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने उठाऊंगा। बता दें कि गुलाम गौस एक दिन पहले ही ईद के मौके पर राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव से मिलने पहुंचे थे। उनकी इस मुलाकात से कई तरह की सियासी चर्चा होने लगी थी। इन सबके बीच अब उन्होंने वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करते हुए केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया है। गौस ने कहा कि मौलाना आजाद फाउंडेशन द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति भी बंद कर दी गई। इसके अतिरिक्त कई ऐसे मामले सामने आए हैं जिसमें अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाया गया है। हम अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सभी मुद्दों पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने अपनी बात रखेंगे। वहीं, इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता ललन सिंह ने कहा कि प्रदेश में नीतीश कुमार के नेतृत्व में मुसलमानों का सशक्तिकरण हुआ है। जदयू या मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कांग्रेस से किसी प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं है। कांग्रेस को पहले अपने कार्यकाल पर नजर डालनी चाहिए कि उन्होंने बिहार और देश में लंबे समय तक शासन किया, लेकिन अल्पसंख्यकों के लिए क्या किया? उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्षों में मुसलमानों की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक प्रगति के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं, जो किसी भी अन्य राज्य में देखने को नहीं मिले। भागलपुर दंगे किसके शासन में हुए थे? नीतीश सरकार ने दंगा पीड़ितों को न्याय दिलाया, विधवाओं को पेंशन दी और प्रभावित परिवारों को आर्थिक मदद पहुंचाई। कांग्रेस को सिर्फ वोट बैंक की चिंता है जबकि नीतीश कुमार विकास और न्याय की राजनीति कर रहे हैं जबकि जदयू के सांसद संजय झा ने कहा कि नीतीश कुमार पिछले 19 सालों से बिहार में काम कर रहे हैं।

# राज्य के 94 स्वास्थ्य संस्थान राज्य स्तरीय कायाकल्प अवार्ड से होंगे पुरस्कृत : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि वर्ष 2024-25 में राज्य के 28 जिलों के 94 स्वास्थ्य संस्थान राज्य स्तरीय कायाकल्प अवार्ड से पुरस्कृत होंगे। कायाकल्प अवार्ड को तीन श्रेणियों में दिया जा रहा है जिसमें प्रथम श्रेणी में जिला अस्पताल, दूसरे श्रेणी में रेफरल अस्पताल/अनुमंडलीय अस्पताल/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं तीसरे श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ इको फ्रेंडली अस्पताल शामिल हैं। पहली श्रेणी के अंतर्गत 9 जिला अस्पताल, द्वितीय श्रेणी में 83 स्वास्थ्य संस्थान तथा तीसरे श्रेणी में 2 इको फ्रेंडली अस्पताल शामिल है। कायाकल्प असेस्मेंट के अंतर्गत वार्डों, शौचालयों, प्रयोगशालाओं, ओपीडी सहित अस्पताल परिसर की साफ- सफाई के मानकों का ध्यान रखा जाता है। इसके अलावा कचरे एवं बायो मेडिकल वेस्ट का प्रबंधन, संक्रमण के विभिन्न मानकों को ध्यान में रखा जाता है। श्री पांडेय ने कहा कि प्रथम श्रेणी के तहत बेगूसराय जिला अस्पताल प्रथम एवं बांका जिला अस्पताल रनर अप रहा। वहीं शेखपुरा व भागलपुर सहित 7 जिला अस्पतालों को सराहना पुरस्कार मिलेगा। द्वितीय श्रेणी में शेखपुरा जिला के बरबीघा रेफरल हॉस्पिटल को प्रथम तथा सुपौल जिले के ललित नारायण अनुमंडलीय अस्पताल रनर अप रहा। बांका के बेलहर तथा सारण के मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य 81 स्वास्थ्य केंद्र को सराहना पुरस्कार से पुरस्कृत होंगे। शेखपुरा के जिला और रेफरल अस्पताल (बरबीघा) को इको फ्रेंडली अस्पताल के तहत अवार्ड दिए जाएंगे। श्री पांडेय ने कहा कि कायाकल्प अवार्ड के लिए स्वास्थ्य संस्थानों को प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इस राशि में से 25 प्रतिशत राशि चयनित अस्पतालों के कर्मचारी/स्टाफ के बीच तथा शेष 75 प्रतिशत राशि का उपयोग नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट तथा कायाकल्प अंतर्गत चिन्हित कमियों को दूर करने में किया जा सकता है। इसमें समुचित पानी की व्यवस्था, डिपार्टमेंटल डायरेक्शन दिव्यांग हेतु पश्चिमी शौचालय, रैंप और रेलिंग, ग्रीन पार्क विकसित करने समेत संस्थान में अन्य कमियों को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

# एनटीपीसी के निजी ट्रैक पर दो मालगाड़ियों की टक्कर, भारतीय रेलवे से कोई संबंध नहीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** आज तड़के लगभग 3 बजे एनटीपीसी द्वारा संचालित निजी रेलवे लाइन पर दो मालगाड़ियों की आमने-सामने की टक्कर होने की सूचना मिली। यह ट्रैक पूरी तरह से एनटीपीसी के स्वामित्व में है और एनटीपीसी द्वारा ही संचालित किया जाता है। यह रेल मार्ग कहलगांव और फरक्का ताप विद्युत संयंत्रों को जोड़ता है और इसे आमतौर पर 'एनटीपीसी ललमटिया एमजीआर' के नाम से जाना जाता है। यह स्पष्ट किया जाता है कि इस घटना का भारतीय रेलवे से कोई संबंध नहीं है। एमजीआर लाइन का संपूर्ण संचालन जिसमें लोकोमोटिव, चालक दल, रखरखाव, सिग्नलिंग आदि शामिल हैं। पूरी तरह से एनटीपीसी के अधीन है। दुर्घटना से जुड़ी अधिक जानकारी एनटीपीसी अधिकारियों से प्राप्त होने पर साझा की जाएगी।

हालांकि एनटीपीसी ने मालदा मंडल से सहायता मांगी है और 140 टन की क्रेन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। यह क्रेन साहिबगंज से भेजी जा रही है। भारतीय रेलवे, एनटीपीसी अधिकारियों को बहाली कार्य में हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

# 18 अप्रैल को मनाई जाएगी विंध्यवासिनी देवी की पुण्यतिथि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के नागेश्वर कॉलोनी में 18 अप्रैल को बिहार की मशहूर लोक गायिका पद्म सम्मान से सम्मानित विंध्यवासिनी देवी की पुण्य तिथि मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम की घोषणा जीकेसी कोर कमेटी की बैठक में जीकेसी ग्लोबल उपाध्यक्ष दीपक अभिषेक ने की। बैठक की अध्यक्षता संगठन की प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन कर रही थीं। यह आयोजन जीकेसी कार्यालय में ही किया जाएगा। कार्यक्रम में भगवान चित्रगुप्त जी का माल्यार्पण और जीकेसी एंथम की प्रस्तुति के बाद विंध्यवासिनी देवी की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया जाएगा इसके बाद जीकेसी कलाकारों द्वारा बिहार की पहली स्वर कोकिला कही जाने वाली विंध्यवासिनी देवी के गाये और लिखे गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। बैठक में विंध्यवासिनी देवी के व्यक्तित्व पर भी



विस्तार से चर्चा हुई। संगठन की प्रबंध न्यासी ने कहा कि वह भोजपुरी, मैथिली, बज्जिका और मगही में लगभग 50 हजार गीतों को गाने वाली संभवतः पहली लोक गायिका हैं। मौके पर जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता और संगठन के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि विंध्यवासनी देवी की गायकी में गजब का आकर्षण और मिठास होती थी। भाषा चाहे जो भी हो दर्शक दिल से उनकी गायकी का आनंद लेते थे। जीकेसी राष्ट्रीय प्रवक्ता मुकेश महान ने कहा कि उनकी गायकी तो खास और सबसे अलग थी ही, उनके स्वभाव और बातचीत में भी एक अलग तरह की मिठास थी। वो सभी का सम्मान करती थीं। अपनापन तो उनके स्वभाव का हिस्सा ही था। इस मौके पर राजस्थान जीकेसी द्वारा प्रकाशित कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। मौके पर पर जीकेसी प्रदेश महसचिव संजय कुमार सिन्हा सहित निलेश रंजन, आशुतोष ब्रजेश, रविरंजन सिन्हा, रवि रंजन सहाय, जीवन ज्योति, धनंजय प्रसाद, शिशिर कुमार लाल, प्रसुन्न कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# महाप्रबंधक ने विभागाध्यक्षों एवं मंडल रेल प्रबंधकों के साथ की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक में महाप्रबंधक द्वारा पूर्व मध्य रेल पर समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान प्राप्त किए गए उपलब्धियों पर चर्चा की गयी। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पूर्व मध्य रेल द्वारा प्राप्त की गयी उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसके लिए बधाई दी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूर्व मध्य रेल की कुल प्रारंभिक आय 31,575 करोड़ रूपए रही।

# नीतू कुमारी नवगीत ने की स्वच्छता पर आधारित कई गीतों की प्रस्तुति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** चैती छठ की पावन बेला पर छठ पर्व में स्वच्छता के महत्व के संबंध में लोगों को जागरूक करने हेतु पटना नगर निगम द्वारा गांधी घाट पर स्वच्छता के चार रंग छठ गीतों के संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन पटना की मेयर सीता साहू और पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर नीतू कुमारी नवगीत ने किया। इस अवसर पर मेयर सीता साहू ने कहा कि छठ पर्व के दौरान हम बिहारवासी स्वच्छता को सबसे अधिक महत्व देते हैं। घर आंगन से लेकर गली-गली तक की सफाई की जाती है जिस प्रकार हम छठ के दौरान स्वच्छता का महत्व देते हैं वैसा ही हमें बाकी दिन भी करना है। ताकि पटना और बिहार स्वच्छ




एवं सुंदर दिखे। लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने स्वच्छता पर आधारित कई गीतों की प्रस्तुति की। उसके बाद उन्होंने बिहार के पारंपरिक छठ गीतों की शानदार प्रस्तुति करते हुए उपस्थित श्रोताओं को भावविह्वल कर दिया। उन्होंने पटना के घाट पर करब छठ बरतिया हो, मारबो रे सुगवा धनुष से, गंगा के तीरे तीरे करब छठ बरतिया हमसब, कांच ही बांस के बहंगिया, केल्वा के पात पर, उग ना सूरज देव, कौन खेत जन्मल धान सुधान हो, उ जे केरवा जे फरेला घबद से सहित अनेक पारंपरिक छठ गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक गायक राजेश केसरी ने देवी भजन और छठ गीतों की प्रस्तुति दी। उन्होंने दउरा में दस गो दियारिया, भेजा है बुलावा गीत गाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत के साथ अशोक कुमार ने बैंजो, राजन कुमार ने कैसियो, धनंजय धड़कन ने नाल पर और प्रिंस ने पैड पर संगत किया।

# खरना पूजा आज, नहाय खाय के साथ छठ पर्व शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** चैती छठ लोक आस्था का महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान नहाए खाए से शुरू हो गया। सभी छठव्रती सुबह से ही नदी तालाब में स्नान ध्यान कर शुद्ध मन से कद्दू चावल चना के दाल का प्रसाद बनाकर ग्रहण करते हुए भगवान सूर्य की आराधना में जुट गए हैं। मसौढ़ी में शहर से लेकर गांव तक पूरा इलाका छठमय हो चुका है। ऐसे में मसौढ़ी में मणीचक सूर्य मंदिर तालाब घाट समेत विभिन्न 60 छठ घाट पर पूजा को लेकर प्रशासनिक तैयारी चल रही है जहां पर सुरक्षा साफ-सफाई, रंग रोहन की तैयारी चल रही है। भगवानगंज के अनौली गांव के चांदनी कुमारी, पूजा कुमारी, अनीता देवी, रवि रंजन कुमार, राधेश्याम सिंह, माधुरी कुमारी, पूजा कुमारी, कुंदन कुमार, सोनी कुमारी, पूनम कुमारी ने कहा कि चावल कद्दू चना का दाल बनाने की परंपरा रही है। पारंपरिक गीतों के साथ हम सबों ने प्रसाद ग्रहण किया है और बुधवार को खरना की तैयारी करेंगे। छठी मैया के रूप में उन्हें पूजन कर हर छठव्रती अपनी मन्नतें पूरा करती है। कहा जाता है कि संतान सुख की प्राप्ति और पूरे परिवार की सुख समृद्धि शांति के लिए छठ पूजा की जाती है और यह पर्व हिंदू के लिए नियम निष्ठा का पर्व है। खरना के दिन प्रसाद ग्रहण का निर्जला 36 घंटे का व्रत रखा जायेगा जो शुद्ध मन से हर छठ व्रत करने पर हर मनोकामना पूर्ण होती है।

# शक्तिधाम में महिलाओं ने की गणगौर पूजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गणगोर पूजन के लिए बैंक रोड शक्तिधाम दादीजी मंदिर में प्रातः से ही महिलाओं का तांता लगा रहा। सैकड़ों की संख्या में महिलायें राजस्थानी वेशभूषा में सुबह छह बजे से ही पूजा अर्चना के लिए सज-धज कर प्रसाद की थाली में खीर, पूरी, गुड़ , गेहूं , जौ, दूब, रोली आदि पूजन सामग्री लेकर भक्ति भाव से गणगौर माता की पूजा अर्चना किया। नजारा ऐसा मानो पूरी राजस्थानी संस्कृति शक्तिधाम में उतर आयी हो। आज ही संध्या में हीं गणगोर माता का विसर्जन किया जाएगा। मौके पर मुख्य संस्थापक अमर कुमार अग्रवाल ने गणगौर पूजा के सम्बन्ध में बताया कि नवरात्रों के तीसरे दिन



यानी की चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तीज को गणगौर माता यानी की मां पार्वती की पूजा की जाती है। बस उसी दिन से कुंवारी लड़कियां मन इच्छित वर पाने के लिए ईशर और गणगौर की पूजा करती है। सुहागिन स्त्री पति की लम्बी आयु के लिए पूजा करती है। पूजन में रेखा मोदी, कुसुम अग्रवाल, संगीता गोयल, सुमित्रा मित्तल, प्रियंका पोद्दार, सीमा माखरिया, सरिता बंका, रेणु बजाज सहित सैकड़ों की संख्याओं में महिलाओं ने गणगौर माता का पूजन किया। एम पी जैन ने बताया कि इस पूजन समारोह को सफल बनाने में अमर अग्रवाल, रमेश मोदी, ओम पोद्दार, अक्षय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, रीतेश तुलस्यान, रौशन सर्राफ, रमेश अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, मनोज अग्रवाल आदि सक्रिय रहे।

# एसडीएम, एसडीपीओ ने छठ घाट का लिया जायजा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ की तैयारी को लेकर अनुमंडल प्रशासन की तैयारी जोरो पर चल रही है जिसको लेकर विभिन्न छठ घाटों पर विधि व्यवस्था का संधारण को लेकर जायजा लिया जा रहा है। ऐसे में मंगलवार को एसडीएम अमित कुमार पटेल और डीएसपी नभ वैभव ने संयुक्त रूप से मणिचक सूर्यमंदिर धाम का जायजा लेते हुए अपने पदाधिकारियों को कई निर्देश दिये। बताया कि मसौढ़ी में श्री विष्णु सूर्य मंदिर मणीचक धाम पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में छठ महापर्व को लेकर भीड़ नियंत्रण और विधि व्यवस्था को संधारण करने के लिए चार जगहों पर ड्रॉप आउट बनाया गया है इस नो एंट्री में किसी भी प्रकार के वाहनों पर रोक लगाई गई है। वहीं पार्किंग करने के लिए गांधी मैदान और सेकसरिया स्कूल को पार्किंग की व्यवस्था चिन्हित की गई है।

# नई दिशा परिवार ने किया 21 व्रतियों के बीच छठ सामग्री का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना सिटी।** सामाजिक सांस्कृतिक संस्था नई दिशा परिवार के तत्वावधान में गिरिराज उत्सव पैलेस, पटना सिटी में 21 छठ व्रतियों को सूप, साड़ी और साड़ी पूजन सामग्री उपलब्ध कराया गया है। इस अवसर पर मेयर सीता साहू, उप मेयर रेशमी चंद्रवंशी, राजेश राज, समाजसेवी राजेश बल्लभ, कमल नयन श्रीवास्तव, डॉ दिवाकर तेजस्वी ने छठ व्रत की महिमा पर प्रकाश डाला और पूजन सामग्री वितरण किया। इस मौके पर नयी दिशा परिवार द्वारा रौशनी एलेवन के तहत मैट्रिक में प्रथम श्रेणी में उतीर्ण करने वाले 11 छात्राओं को सम्मानित किया गया। इनमें अंशिका राज, सोनाली



कुमारी, मुस्कान कुमारी, राजनंदनी कुमारी, सोनाली, गुनगुन कुमारी, श्रेशा मेहता, सिंधु कुमारी, साक्षी और सगुण कुमारी शामिल है। नई दिशा परिवार के संस्थापक सचिव राजेश राज ने बताया कि हर साल उनकी संस्था की ओर से चैती और कार्तिक छठ व्रत के अवसर पर छठ व्रतियों को सूप और साड़ी पूजन सामग्री उपलब्ध कराया जाता है। नई दिशा परिवार के मुख्य संरक्षक राजेश बल्लभ ने बताया कि नई दिशा परिवार कार्तिक और चैती छठ के अवसर पर सूप, नारियल एवं पूजन सामग्री कर वितरण करता है। उन्होंने बताया कि पिछले 16 वर्षो से गिरिराज उत्सव पैलेस इस नेक काम के लिये निःशुल्क दिया जाता है। नई दिशा परिवार के संरक्षक कमलनयन श्रीवास्तव ने बताया कि महापर्व छठ की महिमा अपार है।

# भारत को 2047 तक अग्रणी देशों में लाने के लिए हर संभव प्रयास करने का लें संकल्प : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिक्रमगंज।** द डीपीएस धावां बिक्रमगंज के प्रांगण में मंगलवार को भारतीय उत्सव नववर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 2047 तक भारत को अग्रणी देशों में लाने के लिए हम सभी को संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्र गान से किया गया। द डीपीएस के छात्राओं ने तिलक लगा कर अतिथियों का स्वागत किया। आयोजक मंडल ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र, मोमेंटो और तुलसी का पौधा देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व विधायक राजेश्वर राज और स्वागत भाषण द डीपीएस धावां बिक्रमगंज के उपनिदेशक अखिलेश सिंह ने किया। कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार, आचार्य लोकेश, क्षेत्र वैदिक प्रमुख राणा प्रताप, विधान परिषद के सभा पति अवधेश नारायण सिंह सहित कई लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में धनंजय सिंह, बिनोद मिश्रा, शैलेश मिश्रा, युवा नेता रितेश राज, सत्येन्द्र सिंह बजरंगी, मुन्ना पांडेय, सोनू सिंह सहित कई भाजपा के कार्यकर्ताओं और आर एस एस के लोगों की सराहनीय भूमिका रही।

# 1539 उद्यमियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** बिहार लघु उद्यमी योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अंतिम रूप से चयनित 1539 उद्यमियों का एक अप्रैल से जिला उद्योग केन्द्र, सासाराम के सभाकक्ष में तीन दिवसीय प्रशिक्षण चालू कर दिया गया है जो पूर्णतः निशुल्क है। चयनित उद्यमियों को कार्यालय द्वारा मोबाइल के माध्यम से सूचित किया जाता है। बिहार लघु उद्यमी योजना युवाओं को रोजगार देने हेतु अति महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें दो लाख रूपये तक अपना रोजगार करने हेतु पूर्णतः अनुदान के रूप दी जाती है। चयनित सभी उद्यमियों को बारी-बारी से सूचित किया जायेगा अपने बारी का इंतजार करें। इस योजना में चयन कराने या किसी प्रकार से राशि की मांग की जाती है तो उनके झांसे में न आयें एवं तत्काल उसकी सूचना महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, रोहतास को दें।

# बीडीओ, सीओ और थानाध्यक्ष विधि-व्यवस्था चौकस रखें : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में रामनवमी से संबंधित शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें शांति समिति के सदस्य, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष सम्मिलित हुए। उक्त बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। रामनवमी के अवसर पर सजग एवं सचेष्ट रहकर सतत निगरानी रखते हुए शांति एवं विधि व्यवस्था का संधारण किया जाना अपेक्षित है। जिला पदाधिकारी ने नगर परिषद एवं नगर पंचायत को शहर की साफ-सफाई तथा चौक चौराहों पर पानी की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर डीजे पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा। जिला शांति समिति के सदस्य एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष अपने क्षेत्र अंतर्गत सतत भ्रमणशील रहते हुए विधि व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी भभुआ एवं मोहनियां, जिला शांति समिति के सदस्य, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भभुआ, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी सभी थाना अध्यक्ष इत्यादि लोग मौजूद थे। जिले के सभी महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी तैनात रहेंगे। विधि व्यवस्था तथा रामनवमी पर्व की संवेदनशीलता के मद्देनजर जोनल दंडाधिकरी की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि जिले को जोन वार विभक्त करके वरीय पदाधिकारी को दंडाधिकारी के रूप में प्रति नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सादे लिवास में पुलिस कर्मियों को जगह-जगह तैनात किया गया है जो पल-पल की गतिविधि को नियंत्रण कक्ष से संपर्क स्थापित कर विधि व्यवस्था का संधारण करेंगे।जिला नियंत्रण कक्ष भी 24 घंटे गतिशील रहेगा तथा पालीवार पदाधिकारी की प्रति नियुक्ति की गई है। पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

# सोने का चेन ले उड़े अपराधी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस लाइन के पास अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने रविवार शाम एक महिला का सोने का चेन झपटा मार ले उड़े। पुलिस के अनुसार सिकरिया जेम्स में कार्यरत माइकल राजा दुरई डिहरी बाजार से अपनी बाइक से जा रहे थे। पुलिस लाइन के सामने एक फर्नीचर दुकान के पास बाइक सवार दो अपराधी आए और उनकी पत्नी के गले से 56 ग्राम सोने का चेन झपट्टा मार के भागे।

## तीन आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में पॉक्सो एक्ट, चोरी, शराब तस्कर है।

# अभिनव कला संगम द्वारा ईद मिलन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** जिले के अग्रणी सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला संगम द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्टेशन रोड में सामाजिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए ईद मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित हुए और सभी ने कौमी एकता और सौहार्द को बनाए रखने के लिए सामाजिक एकता पर बल दिया। संस्था के सचिव नंदन कुमार ने बताया कि जिले में हमारा डिहरी डालमिया नगर किसी भी धर्म को सभी समुदाय के द्वारा सामाजिक सौहार्द के साथ मनाया जाता है। संस्था द्वारा आयोजित ईद मिलन समारोह के दौरान एक-दूसरे को बधाई दिए वहीं दूसरी ओर मुस्लिम भाइयों के द्वारा चैत्र मास को सनातन धर्म का पवित्र महीना बताया गया। इसके साथ ही मां दुर्गा से आशीर्वाद की कामना की गई। वहीं जिले के प्रशासनिक पदाधिकारियों ने अभिनव कला संगम के सामाजिक कार्यों के साथ-साथ आपसी सौहार्द पर हो रहे कार्यक्रमों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद वारिस अली ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व विधायक इंजीनियर सत्यनारायण यादव, अशोक भारद्वाज, नंद यादव, वीरेंद्र सिंह, पंकज गुप्ता, धनंजय यादव, मनीष कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह, अरुण कुमार, उपेंद्र ओझा, हरेश कुशवाहा, मुन्ना कुशवाहा, सैफ उल हक, इरफान कुरैशी, बेताब अहमद, सिंगर पिंटू दिलवाले, राजेश कुमार, दीपक शर्मा, राकेश कुमार गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता सहित सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। वहीं संस्था की ओर से संस्थापक सदस्य जीवन प्रकाश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद वारिस अली, निर्देशक संजय सिंह वाला, प्रमोद कुमार सिंह, अध्यक्ष संतोष सिंह, सचिव नंदन कुमार, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार, प्रेम प्रकाश उर्फ पी पी, कीर्तन श्रीवास्तव, विनोद गुप्ता, कलाम हाशमी, अरुण शर्मा, मनोज पांडे, विजय चौरसिया, मोहम्मद शादाब सिद्दीकी, संजय गुप्ता, शिव गुलाम, अजय सिन्हा, अमित कुमार पटेल, आकाश कुमार, विकास कश्यप सहित कांफ्रेंस के जरिए संस्थापक सदस्य ठाकुर कुंज बिहारी सिन्हा उर्फ मन्ना जी, पवन कुमार सिंह (मुनमुन सिंह), संयोजक मृणाल गुप्ता, बृजेश मिश्रा, पवन कुमार मिश्रा, सरोज उपाध्याय, वैभव कुमार(पंकज), जितेंद्र कुमार (जीतू), सुनील कुमार (पिंटू), बंटी पटेल (राज पटेल) आदि ने शुभकामनाएं दिए।

# नारायण रेकी सत्संग परिवार ने जरूरतमंदों के बीच दो सौ छाते किए वितरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भीषण गर्मी को देखते हुए नारायण रेकी सत्संग परिवार के पटना हेड अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक सामाजिक पहल के तहत गरीब और जरूरतमंद लोगों को करीब 200 से अधिक छाते पटना के मीठापुर सब्जी मंडी एवं आसपास के इलाके में वितरित किए गए। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य तपती धूप में मेहनत करने वाले छोटे-छोटे सब्जी विक्रेताओं, ठेले वालों और अन्य जरूरतमंदों को राहत प्रदान करना था। इस अवसर पर अरविंद कुमार ने कहा कि नारायण रेकी सत्संग परिवार का यह प्रयास है कि समाज के हर जरूरतमंद व्यक्ति तक सहायता पहुंचे। यह छोटा सा कदम उन लोगों की मदद करेगा जो तेज धूप में अपनी आजीविका कमाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। छाते पाकर सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे। मौके पर एम पी जैन ने बताया कि नारायण रेकी सत्संग परिवार की संस्थापिका राज दीदी का कहना है कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। भगवान ने हमें मानव में जन्म दिया है तो हम अधिक से अधिक जरूरतमंदों की सेवा कर सकें। मौके पर सुगादेवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित राज अकेला ने कहा कि नारायण रेकी परिवार की यह बहुत हीं अच्छी पहल पटना हेड अरविंद कुमार द्वारा की गई है। मौके पर प्रभु आहार सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि नारायण रेकी संस्थान समय-समय पर विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का आयोजन करता रहा है और आगे भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहेगा।

# मां कामाख्या की प्राण प्रतिष्ठा व यज्ञ की तैयारी जोरों पर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** शहर में कामाख्या देवी प्राण प्रतिष्ठा व यज्ञ की तैयारी जोरों पर चल रही है। सदस्यों घर-घर जाकर कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। सोमवार को तैयारी समिति की बैठक हुई जिसमें सदस्यों को विभिन्न जिम्मेवारियां दी गई। पंडित डॉ. पुण्डरीक जी महाराज के सान्निध्य में होने वाले यज्ञ कार्यक्रम में पांच हजार श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि चार मार्च अप्रैल जलयात्रा, पंचाग पूजन व अधिवास होगा। अधिवास स्नापन व नगर भ्रमण पांच अप्रैल को किया जाएगा जबकि सम्पूर्ण न्यास व प्राण प्रतिष्ठा व यज्ञ की पूर्णाहुति व विशाल भंडारा का आयोजन छह अप्रैल को निर्धारित है। बाबू मुहल्ला के मां कामाख्या चौक पर आयोजित कार्यक्रम में डब्लू सिंह, गुड्डू सिंह, अमन सिंह, विमल सिंह, रिषभ प्रताप सिंह, ज्ञानजी सिंह, पवन सिंह, रिंकू सिंह, विक्की सिंह, अजय सिंह, आनन्द सिंह भोलू, दीपू सिंह, ढुलढुल सिंह, ललन सिंह, अमित सिंह बॉबी, झबन सिंह, गगन सिंह, जग्गू सिंह, बब्लू सिंह काका, बच्चा सिंह आदि सदस्यों को जिम्मेवारी सौंपी गई।

# मारपीट मामले में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**नासरीगंज (नबिटा सं.)।** काराकाट थाना क्षेत्र के दहीयाड़ी गांव से पुलिस ने छापेमारी कर मारपीट के पुराने मामले में तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त दहीयाड़ी गांव निवासी सुरेंद्र सिंह यादव, ईश्वर चंद यादव दोनों पिता रामलीला यादव तथा तीसरा अभियुक्त रंजीत कुमार यादव पिता सुरेंद्र सिंह यादव बताया जाता है। थानाध्यक्ष भागीरथ कुमार ने बताया कि कांड संख्या 360 /23 का तीनों अभियुक्त थे जो फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना पर दहीयाड़ी गांव में छापेमारी कर तीनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# डीडीयू-गया-मानपुर रेल खंड पर 160 किमी प्रति घंटे की गति से होगा स्पीड ट्रायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल के अंतर्गत डीडीयू-गया-प्रधानखांटा (धनबाद) रेलखंड में रेल परिचालन की 160 किमी प्रति घंटा की अधिकतम गति क्षमता तक वृद्धि हेतु अवसंरचना उन्नयन कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में चार अप्रैल 2025, शुक्रवार को डीडीयू मंडल के अंतर्गत डीडीयू-गया-मानपुर रेलखंड में ट्रेन का 160 किमी प्रतिघंटा की अधिकतम गति के साथ परिचालन हेतु स्पीड ट्रायल किया जाना है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि डीडीयू मंडल के अंतर्गत डीडीयू- गया-मानपुर रेलखंड में 160 किमी प्रति घंटा पर दोनों ओर से प्रस्तावित स्पीड ट्रायल को देखते हुए चार अप्रैल शुक्रवार को दिन भर रेलवे ट्रैक से पर्याप्त सुरक्षात्मक दूरी बनाए रखें। सभी जनसामान्य रेल लाइन के निकट न आएं तथा मवेशियों को भी रेल लाइन से दूर रखें। सभी समपार फाटक पर सभी संकेतों एवं निर्देशों का पालन करें। अनाधिकृत स्थान से या बंद समपार फाटक से रेलवे लाइन पार न करें। स्टेशनों पर सभी लोग एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए उपलब्ध फुट ओवर ब्रिज का प्रयोग करें। सभी संरक्षा नियमों का पालन करें। यदि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा।

# डिहरी में चार को मनायी जाएगी बाबा वीर चौहरमल की जयंती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय एनिकट स्थित बाबा चौहरमल धाम में बाबा वीर चौहरमल जयंती की भव्य तैयारियां शुरू हो गई है। दुसाध जागृति एवं सांस्कृतिक चेतना मंच के तत्वावधान में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया है। बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष संजय पासवान ने की जिसमें मंच के पदाधिकारी, सदस्य तथा समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे। अध्यक्ष संजय पासवान ने बताया कि बाबा वीर शिरोमणि चौहरमल जी की 712वीं जयंती 4 अप्रैल को मनायी जाएगी जिससे सुबह पूजा समारोह तथा 1 बजे दिन में प्रसाद वितरण एवं भंडारा होगा। उन्होंने समाज के लोगों से आग्रह किया कि हमलोगों के पूर्वज बाबा वीर शिरोमणि चौहरमल जी की जयंती में भाग लें और आपने पूर्वजों के बारे में



अपने समाज के लोगों तथा अपने बच्चों को अधिक से अधिक जानकारी दें। उन्होंने बताया कि हमारे कुल देवता बाबा वीर शिरोमणि चौहरमल है हमारे समाज में कुछ पूजा आज भी जीवित है-जैसे आग पर चलना, खोलते हुए दूध में हाथ डालकर चलना, बांस पर चढ़ना, हमारे समाज के लोग राहू पूजा करते हैं। राहू पूजा केवल बिहार में दुसाध के यहां होती है। यह पूजा अपने कुल वंशज की है जो इस वंश के आदि राजा थे और इस जाति की पुरानी पूजा है। राहु पूजा पासवान जाति के लिए एक शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि मनमुटाव और नदी का उदगम बहुत छोटा होता है, किंतु जैसे-जैसे ये आगे बढ़ता है विशाल रूप धारण कर लेते हैं। इसलिए रिश्ते बरकरार रखने की सिर्फ एक ही शर्त है। किसी की कमियां नहीं अच्छाइयां देखें। उन्होंने अपने समाज के लोगों से अपील किया कि हमारे पूर्वजों के इतिहास के बारे में जानकारी जरुर प्राप्त करें।

# स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में विस्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनके सुविधाजनक आवागमन हेतु राजेन्द्रनगर, दानापुर, गया एवं सहरसा से नई दिल्ली/आनंद विहार के लिए तथा धनबाद से जम्मूतवी के लिए चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अविध में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है। गाड़ी सं. 02393 राजेन्द्रनगर-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे राजेन्द्रनगर से 01.04.2024 से 30.04.2025 तक गुरूवार को छोड़कर सप्ताह के शेष छः दिन चलायी जाएगी। गाड़ी सं. 02394 नई दिल्ली-राजेन्द्रनगर क्लोन स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे नई दिल्ली से 02.04.2024 से 01.05.2025 तक शुक्रवार को छोड़कर सप्ताह के शेष छः दिन चलायी जाएगी। गाड़ी सं. 03257 दानापुर-आनंद विहार स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब दानापुर से 06.04.2025 से 27.07.2025 तक प्रत्येक रविवार को चलायी जाएगी। गाड़ी सं. 03258 आनंद विहार-दानापुर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब आनंद विहार से 07.04.2025 से 28.07.2025 तक प्रत्येक सोमवार को चलायी जाएगी। गाड़ी सं. 02397 गया-आनंद विहार स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब गया से 06.04.2025 से 29.06.2025 तक प्रत्येक रविवार को चलायी जाएगी। गाड़ी सं. 02398 आनंद विहार-गया स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब आनंद विहार से 07.04.2025 से 30.06.2025 तक प्रत्येक सोमवार को चलायी जाएगी। गाड़ी सं. 03697 गया-दिल्ली स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब गया से 01.04.2025 से 30.06.2025 तक रविवार को छोड़कर सप्ताह के शेष छः दिन चलायी जाएगी। गाड़ी सं. 03698 दिल्ली-गया स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब आनंद विहार से 02.04.2025 से 01.07.2025 तक सोमवार छोड़कर सप्ताह के शेष छः दिन चलायी जाएगी। गाड़ी सं. 05577 सहरसा-आनंद विहार स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब सहरसा से 01.04.2025 से 09.04.2025 तक गुरूवार एवं शनिवार को छोड़कर सप्ताह के शेष पांच दिन चलायी जाएगी। गाड़ी सं. 05578 आनंद विहार-सहरसा स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब सहरसा से 03.04.2025 से 11.04.2025 तक शनिवार एवं सोमवार को छोड़कर सप्ताह के शेष पांच दिन चलायी जाएगी। गाड़ी सं. 03309 धनबाद-जम्मूतवी स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब धनबाद से 01.04.2025 से 28.06.2025 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को चलायी जाएगी।

# पैक्स के माध्यम से गेहूं अधिप्राप्ति का शुभारंभ, एसडीओ ने किया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** रवि विपणन मौसम 2025 के अवसर पर पैक्स के माध्यम से गेहूं अधिप्राप्ति करने हेतु प्राप्त विभागीय निर्देश के आलोक में बाढ़ प्रखंड के बेढ़ना पश्चिमी पैक्स में गेहूं अधिप्राप्ति का कार्य प्रारंभ किया गया। गेहूं अधिप्राप्ति कार्य का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी बाढ़ द्वारा फीता काटकर किया गया. मंगलवार को कुल 25 क्विंटल गेहूं का क्रय बेढ़ना पश्चिमी पैक्स द्वारा किया गया। मंगलवार को पूरे अनुमंडल में पैक्स के माध्यम से लगभग 100 क्विंटल गेहूं का क्रय किया गया। विभाग द्वारा गेहूं का एम एस पी दर 2425/- क्विंटल निर्धारित किया गया। इच्छुक किसान अपना गेहूं अपने-अपने पैक्स के माध्यम से गेहूं का विक्रय कर सकते हैं। कार्यक्रम में दर्जनों किसान और फैक्स के सदस्य ने हिस्सा लेते हुए समय पर गेहूं खरीदारी को लेकर खुशी जाहिर की।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 28.03.2025,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएँ ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन-265-24-25, कार्य का नामः** वरिष्ठ डीईएन/III/सियालदह के कार्यक्षेत्र में ठेकेदारों के निजी पोर्टल (2 अदद) का उपयोग करते हुए रानाघाट-कृष्णनगर, कालीनारायणपुर-शांतिपुर, रानाघाट-गेदे और कृष्णनगर-लालगोला शाखा में सीटीआर (पी)=32.022 टीकेएम कार्य के साथ अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,50,25,896.85, **बयाना राशि :** रु.6,25,100/-, **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन-271-24-25, कार्य का नामः** वरिष्ठ डीईएन/III/सियालदह के अधीन ठेकेदारों के निजी पोर्टल (2 अदद) का उपयोग करते हुए कृष्णनगर-लालगोला शाखा में सीटीआर (पी)= 32.368 टीकेएम कार्य के साथ अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.9,51,28,109.61, **बयाना राशि :** रु.6,25,700/-, **कार्य की समापन अवधिः** 12 (बारह) माह (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 24.04.2025 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। **निविदा के खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 24.04.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-01/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा (नीलामी संचालन अधिकारी), मालदा ऑफिस बिल्डिंग, डाकघरः झलझलिया, जिला मालदा, पिन:732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा मालदा मंडल के तहत विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर कैटरिंग स्टॉल के लिए अनुबंध प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई-नीलामी कैटलॉग **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है। **ऑक्शन कैटलॉग नं. सीएटीजी-ऑक्शन-03, नीलामी शुरू होने की तिथि: दिनांक 14.04.2025 को 11.00 बजे। मालदा मंडल के तहत कैटरिंग (टी) स्टॉल के लिए ई-नीलामी। क्रम सं.; अनुक्रम सं.; लॉट सं./कैटेगरी और स्थान** निम्नानुसार हैं : **(1) एए/1; सीएटीजी-एमएलडीटी-आरजेएल-जीएमयू-1-22-1** और राजमहल रेलवे स्टेशन पर बुकिंग काउंटर के प्रवेश द्वार के पास पीएफ नंबर 1 पर जीएमयू/महिला के तहत 5 वर्ष की अवधि के लिए कैटरिंग स्टॉल का प्रावधान। **(2) एए/2; सीएटीजी-एमएलडीटी-टीएलजे-जीएमयू-100-23-1** और तालझारी रेलवे स्टेशन पर गेट और स्टेशन भवन के प्रवेश द्वार के पास पीएफ नंबर 1 पर जीएमयू/महिला के तहत 5 वर्ष के लिए कैटरिंग यूनिट का प्रावधान (फ्रूट स्टॉल) । **(3) एए/3; सीएटीजी-एमएलडीटी-एमआरएचए-जीएमयू-81-23-1** और मुराहारा रेलवे स्टेशन पर जीएमयू/कोई भी के तहत पीएफ नंबर 2 पर 5 वर्ष के लिए कैटरिंग यूनिट का प्रावधान। **(4) एए/4; सीएटीजी-एमएलडीटी-एएचए-जीएमयू-114-25-1** और अनारक्षित/किसी के लिए भी अभयपुर रेलवे स्टेशन पर जमालपुर छोर की ओर कमर्शियल सुपरवाइजर रूम के पास पीएफ नंबर 1 पर 5 वर्ष की अवधि के लिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। **(5) एए/5; सीएटीजी-एमएलडीटी-एनआईएलई-जीएमयू-112-25-1** और निमतीता रेलवे स्टेशन पर स्टोर के पास पीएफ नंबर 1 पर 5 वर्ष की अवधि के लिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान जो जीएमयू/किसी के लिए भी आरक्षित है। **(6) एए/6; सीएटीजी-एमएलडीटी-केपीआरडी-जीएमयू-12-22-1** और जीएमयू/किसी के भी तहत कल्याणपुर रोड रेलवे स्टेशन पर जमालपुर छोर पर एफओबी के पास पीएफ नंबर 1 पर 5 वर्ष की अवधि के लिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। **(7) एए/7; सीएटीजी-एमएलडीटी-एमआरएचए-जीएमयू-19-22-1** और जीएमयू/किसी के लिए, मुराहारा रेलवे स्टेशन पर बुकिंग ऑफिस के पास, पीएफ नंबर 1 पर 5 वर्ष की अवधि के लिए कैटरिंग सेवा का प्रावधान। **(8) एए/8; सीएटीजी-एमएलडीटी-जीजीए-जीएमयू-116-25-1** और जीएमयू/किसी के लिए, घोघा रेलवे स्टेशन पर पे एंड यूज शौचालय के पास पीएफ नंबर 1 पर 5 वर्ष की अवधि के लिए कैटरिंग सेवा का प्रावधान। **(9) एए/9; सीएटीजी-एमएलडीटी-केटीजे-जीएमयू-68-22-1** और जीएमयू/महिला के लिए, खालतीपुर रेलवे स्टेशन पर एफओबी से न्यू फरक्का छोर की ओर 20 मीटर की दूरी पर पीएफ नंबर 2 पर 5 वर्ष की अवधि के लिए कैटरिंग स्टॉल का प्रावधान। **(10) एए/10; सीएटीजी-एमएलडीटी-एमजेडसी-जीएमयू-121-25-1** और मिर्जाचौकी स्टेशन में हावड़ा छोर पर 200 मीटर की ओर एफओबी के पास पीएफ नंबर 1 पर 5 वर्ष के लिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। **(11) एए/11; सीएटीजी-एमएलडीटी-एनएनएचटी-जीएमयू-64-24-4** और नोनीहाट हॉल्ट रेलवे स्टेशन पर बुकिंग ऑफिस के पास पीएफ नंबर 1 पर 5 वर्ष की अवधि के लिए जनरल माइनर यूनिट स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध विधवाओं, रेलवे कर्मचारियों की विधवाओं के लिए कैटरिंग सेवा का प्रावधान। **(12) एए/12; सीएटीजी-एमएलडीटी-बीईएलटी-जीएमयू-74-23-1** और जीएमयू/किसी के अधीन बेला रेलवे स्टेशन पर बुकिंग ऑफिस के पास पीएफ नंबर 1 पर 5 वर्ष के लिए कैटरिंग यूनिट का प्रावधान। **(13) एबी/1; सीएटीजी-एमएलडीटी-केटीजे-एसएमयू-67-24-1** और खालतीपुर रेलवे स्टेशन पर एफओबी से मालदा टाउन छोर की ओर 20 मीटर की दूरी में पीएफ नं. 2 पर 5 वर्ष के लिए कैटरिंग स्टॉल का प्रावधान, जीएमयू/कोई भी। **(14) एबी/2; सीएटीजी-एमएलडीटी-जेडीपीटी-एसएमयू-85-24-1** और जगदीशपुर रेलवे स्टेशन पर बुकिंग ऑफिस के पास पीएफ नंबर 1 पर 5 वर्ष के लिए कैटरिंग यूनिट का प्रावधान, जीएमयू/कोई भी। **(15) एबी/3; सीएटीजी-एमएलडीटी-एमएलडीटी-एसएमयू-104-23-1** और मालदा टाउन रेलवे स्टेशन पर पिलर नंबर 02 और 03 के बीच पीएफ नंबर 4/5 पर 5 वर्ष के लिए कैटरिंग यूनिट का प्रावधान, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी)/कोई भी। **(16) एबी/4; सीएटीजी-एमएलडीटी-पीएनएसए-एसएमयू-57-24-1** और जीएमयू/किसी के अधीन पुनसिया हॉल्ट रेलवे स्टेशन पर बुकिंग ऑफिस के पास पीएफ नंबर 01 पर 05 वर्ष की अवधि के लिए कैटरिंग सेवा का प्रावधान। **(17) एबी/5; सीएटीजी-एमएलडीटी-बीजीपी-एसएमयू-109-25-1** और एसएमयू/अल्पसंख्यक/महिलाओं के लिए आरक्षित भागलपुर रेलवे स्टेशन पर महिला प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय के प्रावधान के साथ पीएफ नंबर 1 पर 05 वर्ष की अवधि के लिए कैटरिंग सेवा का प्रावधान, **(18) एबी/6; सीएटीजी-एमएलडीटी-टीकेएलई-एसएमयू-18-25-1** और टिकानी रेलवे स्टेशन पर एफओबी के पास पीएफ नंबर 01 पर 05 वर्ष की अवधि के लिए कैटरिंग सेवा का प्रावधान जो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से संबंधित किसी के लिए भी आरक्षित है। **(19) एबी/7; सीएटीजी-एमएलडीटी-एमजीआर-एसएमयू-6-25-1** और मुंगेर रेलवे स्टेशन में जमशेदपुर सिरे पर रैंप के एप्रोच के पास पीएफ नंबर 1 पर 5 वर्ष की अवधि के लिए कैटरिंग सेवा का प्रावधान, जो अनुसूचित जनजाति (अजजा) से संबंधित किसी के लिए आरक्षित है। **(20) एबी/8; सीएटीजी-एमएलडीटी-एसएलजे-एसएमयू-24-24-1** और जीएमयू/किसी के अधीन सकरीगली रेलवे स्टेशन पर द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय के पास, पीएफ नं. 01 पर 05 वर्ष की अवधि के लिए कैटरिंग सेवा का प्रावधान। प्रत्याशित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि विस्तृत जानकारी के लिए आईआरईपीएस ई-ऑक्शन मॉड्यूल देखें।

MLD-01/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# ऑपरेशन मुस्कान ने 45 लोगों के चेहरे पर लौटाई मुस्कान






डॉ पंकज कुमार
सिन्हा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार पुलिस द्वारा चोरी/गुम हुए मोबाइल के बरामदगी के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्रवाई लगातार जारी है। इसी संदर्भ में पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देशानुसार जिले भर में चोरी/गुम हुए 45 मोबाइल को उनके धारक को सुपर्द किया गया। बिहार पुलिस द्वारा राज्य भर में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत चोरी हुए और खो गए मोबाइल को खोज कर उनके धारकों को सपोर्ट करने का कार्य लगातार किया जा रहा है । नवादा पुलिस भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर अपना योगदान दे रही है । पिछले 2 साल के दौरान चोरी गए मोबाइल में से 45 मोबाइल को विभिन्न माध्यमों से ढूंढ कर नवादा पुलिस द्वारा उनके धारकों को मंगलवार को सौंप दिया गया। नवादा के पुलिस कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने 33 वैसे मोबाइल धारकों को उनके मोबाइल वापस लौटाए , जिनका मोबाइल कहीं गुम हो गया या चोरों द्वारा चुरा लिया गया था। एसपी ने सभी को उनके नाम और लोकेशन के आधार पर सारी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के बाद मोबाइल सौंप दिया है। एसपी के द्वारा जैसे ही मोबाइल धारकों को प्राप्त हो रहा था उनके चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी। यह मुस्कान उनके पुराने कोई मोबाइल मिलने पर प्राप्त हुई है। मोबाइल मिलते ही सारे लोगों ने एक स्वर में कहा, 'धन्यवाद नवादा पुलिस। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि चोरी हुए या खो गए मोबाइल को सनहा या रिपोर्ट संबंधित थाने में कराया जाना आवश्यक है । थाना में रिपोर्ट कराए जाने के साथ ही ऐसे मोबाइल को विभिन्न लोकेशन के माध्यम से खोजने का काम शुरू कर दिया जाता है। इसी आधार पर जिले भर में 45 लोगों को मोबाइल उनके धारकों को सुपुर्द किया गया।

# डीएम ने मृतकों के आश्रितों को दिया नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत हत्या के तीन मामलों में मृतकों के आश्रितों को मंगलवार को जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। सत्येंद्र दास उर्फ सकिंद्र रविदास, निवासी-सतगीर, थाना-रजौली, जिला-नवादा, अपनी पत्नी उर्मिला देवी के साथ जंगल से जलावन की लकड़ी लेकर घर लौट रहे थे, जब कुछ लोगों ने उनकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसी प्रकार, यमुना मांझी, ग्राम-खैरा, पंचायत-छबैल, थाना-कौआकोल, जिला- नवादा को जबरन घर से ले जाकर उनकी हत्या कर दी गई। वहीं, सन्नी चौधरी उर्फ सोनी, निवासी-मुढ़ेना, थाना-रजौली, जिला-नवादा की हत्या पटना जिले के कंकड़बाग थाना



अंतर्गत चिरैयाटाड़ पुल के नीचे गोली मारकर कर दी गई थी। इन तीनों मामलों में माननीय न्यायालय द्वारा आरोप गठन के पश्चात मृतकों के आश्रित क्रमशः सुबोध रविदास, मेडी देवी तथा ममता देवी को जिला पदाधिकारी, द्वारा समाहरणालय संवर्ग के अंतर्गत कार्यालय परिचारी के रिक्त पद पर सशर्त नियुक्ति प्रदान की गई। इन पदों का वेतनमान 5200-20200 ग्रेड पे 1800 निर्धारित किया गया है, जो सातवें वेतन पुनरीक्षण के अंतर्गत प्रतिस्थानी लेवल-01 में आता है। इसके अलावा, समय-समय पर सरकार द्वारा अनुमोदित अन्य भत्ते भी देय होंगे। यह उल्लेखनीय है कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या 1825, दिनांक 19.09.2020 के तहत हत्या के मामलों में मृतक के एक आश्रित को सरकारी नौकरी देने का प्रावधान है। इस प्रावधान के अंतर्गत नवादा जिले में प्रथम बार नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। इस अवसर पर प्रकाश प्रिय रंजन, जिला कल्याण पदाधिकारी, नवादा तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत गठित सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति के सदस्य विनय कुमार सिन्हा, मंजू देवी एवं संजय चौधरी उपस्थित थे।

# रामनवमी को लेकर होगी शांति समिति की बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** रामनवमी पर्व 2025 के सफल आयोजन एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर, जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के निर्देशानुसार जिले के सभी थानों में शांति समिति की बैठकें आयोजित की जाएंगी। ये बैठकें 2 अप्रैल को पकरीबरावां थाना परिसर में सुबह 11 बजे (पकरीबरावां, धमौल, कौआकोल, रोह एवं रूपौ), दोपहर 1 बजे वारिसलीगंज थाना परिसर में (वारिसलीगंज, काशीचक एवं शाहपुर) और शाम 4 बजे नगर थाना परिसर में (मुफस्सिल, नगर थाना, बुंदेलखंड, कादिरगंज, हिसुआ एवं नारदीगंज) होंगी। 3 अप्रैल को सुबह 11 बजे सिरदला थाना परिसर में (सिरदला, परनाडाबर, मेसकौर, सीतामढ़ी एवं रजौली) और दोपहर 2 बजे अकबरपुर थाना परिसर में (अकबरपुर, नेमदारगंज, गोविंदपुर, थाली एवं नरहट) बैठक होगी। 4 अप्रैल को दोपहर 1 बजे डीआरडीए सभागार में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित होगी। जिला पदाधिकारी ने अंचल अधिकारियों, थाना अध्यक्षों और ओपी प्रभारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के शांति समिति सदस्यों को समय पर आमंत्रित करें, वहीं अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर एवं रजौली को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर थानावार बैठकें निर्धारित तिथियों से पूर्व संपन्न कराने का निर्देश दिया गया है।

# अनुमंडल अस्पताल रजौली बना दलालों का अड्डा, व्याप्त कुव्यवस्था के कारण दलाल को मिली छूट

## दलाल परिजनों को बहला फुसलाकर मरीजों को ले जाते हैं निजी क्लिनिक, सिविल सर्जन समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी साधे हैं चुप्पी




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** अनुमंडलीय अस्पताल रजौली के इर्द-गिर्द इन दिनों बिचौलिए सक्रिय हैं,जो स्वास्थ सेवा की बदहाल स्थिति का फायदा उठाकर मरीजों को बहला फुसलाकर निजी नर्सिंग होम में इलाज कराने के लिए ले जाते हैं। जहां उनके जिंदगी से खिलवाड़ करने के साथ जमकर आर्थिक शोषण किया जाता है।सरकारी अस्पताल जानकर गरीब मरीज यहां इलाज कराने आते हैं। जहां पर दलालों की सक्रियता एवं सरकारी स्वास्थ्य कर्मी की मिलीभगत से निजी नर्सिंग होम में दाखिल करा दिया जाता है।जिसके कारण यह कहना गलत नहीं होगा कि सरकारी व्यवस्था सिर्फ दिखावे की रह गई है। इसके कारण गरीब जनता को निःशुल्क मिलने वाली स्वास्थ सेवा के लाभ से वंचित रहना पड़ता है। जबकी इसी कार्य के लिए तैनात आशा व जीएनएम मोटी रकम लेकर अनुमंडलीय अस्पताल के इर्द-गिर्द मंडराते अवैध नर्सिंग होम के दलालों के हाथ में दे देते हैं। अनुमंडलीय अस्पताल में नॉर्मल डिलीवरी के साथ-साथ छोटे ऑपरेशन से प्रसव कराया जा रहा है।वहीं बीते तीन माह पूर्व जब कुछ चिकित्सकों एवं कर्मियों का वेतन बंद किया गया था,तो एक गर्भवती महिला का सिजेरियन से प्रसव करवाया गया था।वहीं ग्रामीण महिलाओं को सुविधा मिलता देख विभाग ने स्वास्थ्यकर्मियों के बंद वेतन को चालू कर दिया।वहीं रजौली में सिजेरियन की सुविधा उपलब्ध होने पर आसपास के लोगों में खुशी का माहौल था। किंतु कुछ चिकित्सक समेत स्वास्थ्यकर्मियों के बंद वेतन के चालू होने के बाद जरूरतमंद महिलाओं को भी नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया जाता है।साथ ही उनके परिजनों से चिकित्सकों द्वारा कहा जाता है कि यहां सिजेरियन के लिए उचित व्यवस्था नहीं है।इसके अलावे परिजनों को स्वास्थ्य सेवा देने के नाम पर इस तरह डराया जाता है कि लोगों का विश्वास सरकारी व्यवस्था से उठ जाता है और यही वो कड़ी होती है,जिसका फायदा निजी क्लिनिक चलाने वाले लोग उठाते हैं।ग्रामीण क्षेत्र से आए गरीब और कम पढ़े लिखे लोग दलालों के चंगुल में फंसने को मजबूर हो जाते हैं। इस कार्य में कुछ फर्जी डिग्री वाले लोग भी चांदी काट रहे हैं।अनुमंडलीय अस्पताल के अगल-बगल में करीब आधा दर्जन नर्सिंग होम खुले हुए है। जिसमें मान्यता प्राप्त डॉक्टर का बोर्ड तो लगा रहता है।परंतु उनका कोई अता-पता नहीं होता है। सूत्र के मुताबिक गंभीर ऑपरेशन वाले मरीज को निजी क्लिनिक में ले जाया करते है।उसके बाद मरीजों का आर्थिक एवं मानसिक दोहन चालू हो जाता है।गर्भवती महिलाओं के साथ यह कार्य बहुत पहले से ही किया जा रहा है। निम्न स्तर के मरीज को सरकारी अस्पताल में किसी तरह का प्रसव करा दिया जाता है। परंतु जैसे ही ऑपरेशन की समस्या आती है तो यह कार्य तत्काल जीएनएम कर्मी सक्षम चिकित्सालय के पास नहीं भेजकर दलालों के सुपुर्द कर देते हैं। जहां अप्रशिक्षित झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा प्रसव के अलावा ऑपरेशन तक किया जाता है। जिसके कारण कई महिलाओं को प्रसव के दौरान काफी शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। अस्पताल में एनआरसी के संचालन, पीकू का संचालन, ऑक्सीजन प्लांट का संचालन, प्रसव की सुविधा समेत कई व्यवस्थाओं में कुव्यवस्था व्याप्त है।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स की सफलता को ले डीएम व एसपी ने की बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी एंव पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के सफल आयोजन के लिए पूर्व तैयारियों से संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विदित हो कि 04 से 15 मई तक बिहार राज्य के पांच जिलों यथा पटना, राजगीर (नालंदा), भागलपुर, गया एवं बेगूसराय में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अतर्गत खेल का आयोजन नालंदा जिला में प्रस्तावित है। समीक्षा के क्रम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के सफल आयोजन के लिए आवासन, भोजन, सुरक्षा, विधि व्यवस्था, खेल मैदान की व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, ट्रांसपोर्टेशन, शौचालय, प्रचार प्रसार, लाईटिंग आदि व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर आयुक्त, उपविकास आयुक्त, अपरसमाहर्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, अनुमंडलाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित संबंधित विभाग के पदाधिकारी गण आदि उपस्थित थे।

# बदमाशों ने पति को बंधक बना पत्नी से किया दुष्कर्म

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले के इसलामपुर क्षेत्र में हुई एक सनसनी खेज वारदात ने लोगों को स्तब्ध कर दिया है। विष्णुपुर गांव के पास बदमाशों ने एक दंपत्ति को निशाना बनाया। इस वारदात में न सिर्फ लूटपाट की गई, बल्कि महिला के साथ उसके पति के सामने ही दो बदमाशों के द्वारा दुष्कर्म जैसी घिनौनी हरकत को अंजाम दिया गया। इस घटना ने इलाके में आक्रोश फैला दिया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़ित दंपत्ति को अपने एकंगरसराय एक रिश्तेदार के यहां मिलकर वापस बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था। रास्ते में विष्णुपुर गांव के पास दो बदमाशों ने हथियार के बल पर उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने पहले दंपत्ति से लूटपाट शुरू की और उनके पास मौजूद नकद 50 हजार 990 रूपया समेत सोने का आभूषण व मंगलसूत्र छीन लिया। लूट का विरोध करने पर अपराधियों ने महिला एवं उसके पति को हथियार का भय दिखाकर अपने कब्जे मे लेकर महिला को खींचकर पास मे ही सुनसान इलाके में ले जाकर वहां पर दोनों अपराधियों ने पति के सामने महिला के साथ बारी बारी से दुष्कर्म किया। दंपति की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण लोग मौके पर जुट गए। ग्रामीणों को जुटता देख दोनों अपराधी भागने के कोशिश करने लगे। लेकिन स्थानीय ग्रामीणों ने पीछा कर एक अपराधी को धरदबोचा। पकड़ा गया अपराधी खुदागंज थाना क्षेत्र के शोभाबिगहा गांव निवासी अवधेश कुमार का पुत्र कौशलेंद्र कुमार उर्फ सन्नी बताया जाता है। पकड़े गए बदमाश को गुस्साए ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया। हालांकि दूसरे आरोपी मौके पर से भागने में सफल रहा। पीड़ित पति ने पुलिस को बताया कि बदमाशों ने न सिर्फ उनकी संपत्ति लूटी बल्कि हमारी पत्नी का इज्जत भी छीन लिया। हिलसा 2 डीएसपी इसलामपुर गोपाल कृष्णा ने बताया कि इस घटना में शामिल शोभा बिगहा गांव निवासी कौशलेंद्र कुमार उर्फ सन्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस ने प्राथमिक की दर्ज कर इस घटना में शामिल दूसरे अपराधी इसलामपुर थाना क्षेत्र के वेशवक गांव निवासी स्व. लालशरण बिंद का पुत्र सौदागर बिंद को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी करने मे लगी हुई है।

## शॉर्ट सर्किट से मोबाइल दुकान में लगी आग, तीन लाख का नुकसान

**बिहारशरीफ।** बिहार थाना क्षेत्र के खंदकपर मोहल्ला स्थित एक मोबाइल दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से करीब तीन लाख का सामान जलकर खाक हो गया। बैगनाबाद मोहल्ला निवासी सबा मोबाइल दुकान के संचालक सबा आलम ने बताया कि मंगलवार की दोपहर मोबाइल बना रहे थे। दौरान शॉर्ट सर्किट से आज की चिंगारी निकलने लगी जब तक कुछ समझ पाते तब तक पूरी दुकान आग की चपेट में आ गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के बाद दुकानदार कलेजा पीटने लगा।

# अहमदाबाद से 50 हजार का इनामी गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)।** नवादा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जिला के टॉप-10 में शामिल एवं 50,000/-रू के इनामी कुख्यात अपराधकर्मी एवं वारिसलीगंज थाना कांड सं0-521/22 के अभियुक्त सतीश यादव उर्फ छतीश यादव पिता देवनन्दन यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। वारिसलीगंज थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए पकरीबरावां डीएसपी महेश चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार बहरोईचक थाना वारिसलीगंज निवासी फरार अभियुक्त को जिला नवादा को गठित टीम के द्वारा अहमदाबाद गुजरात से गिरफ्तार किया गया। विदित हो कि इसके पूर्व भी लगातार छापामारी के दौरान लूट का मोबाइल उक्त अभियुक्त के घर से बरामद की गई थी एवं गिरफ्तारी हेतू लगातार छापामारी की जा रही थी। शेष अन्य दो अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतू लगातार छापामारी की जा रही है। पूर्व में भी उक्त कुख्यात अपराधकर्मी के द्वारा अपने अन्य सहयोगी के साथ विगत 14 अक्टूबर 20219 [sic] को वारिसलीगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत लूट को अंजाम दिया था, जिसमें एक एंड्रॉएड मोबाइल के साथ इसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भी भेजा गया था।

# छठ महापर्व के नहाय-खाय के दिन नारदीगंज प्रखण्ड में दो छठ घाटों का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नवादा विधायक विभा देवी ने मंगलवार को लोक आस्था के महापर्व छठ के नहाय-खाय दिन नारदीगंज प्रखण्ड में दो छठ घाटों का उद्घाटन किया और आज से ही छठव्रतियों को सौंप दिया। प्रखण्ड के अब्दलपुर पड़रिया में विधायक मद् से निर्मित छठ घाट का उद्घाटन करते हुए विभा देवी ने स्थानीय कार्यकर्ताओं से कहा कि आज से यह छठ घाट सूर्योपासना सहित अन्य धार्मिक आस्था का केंद्र बन गया है जिसके सौंदर्य और महिमा कई पीढ़ियों तक महसूस की जायगी। ठीक उसी प्रकार डोहड़ा पंचायत के सिरपतिया गांव में भी विधायक मद् से खूबसूरत छठ घाट का निर्माण किया गया है जिसका उद्घाटन स्वंय विधायक विभा देवी ने किया। उन्होंने ग्रामवासियो से अपील किया कि इस छठ घाट की साफ सफाई समेत रखरखाव का भी नियमित ध्यान रखा जाय ताकि लंबे समय तक सूर्योपासना का केंद्र बना रह सके और इसकी महिमा का गुणगान इलाके भर में हो सके। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा राजवंशी एवं उपाध्यक्ष निशा कुमारी उपस्थित रहीं जिन्होंने उद्घाटन कार्य में हिस्सा लिया। उद्घाटन समारोह में सुरेन्द्र यादव, शम्भू मालाकार, छोटेलाल यादव, विशुनदेव यादव, छोटे यादव, नीरज कुमार, मंटू कुमार, रामवरण यादव, अमीर यादव, विनोद यादव समेत सैकड़ो नेता कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनता मजूद रहे।

## छठ पूजा को लेकर घाटों की सफाई का कार्य अंतिम चरण में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** चैती छठ पूजा को लेकर नवादा जिले के विभिन्न छठ घाटों की सफाई का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। नवादा नगर परिषद क्षेत्र में पढ़ने वाले सभी छठ घाटों की सफाई का कार्य तेज कर दिया गया है। नवादा नगर परिषद के मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी के प्रतिनिधि एवं पूर्व मुख्य पार्षद संजय साव ने बताया कि नवादा के सूर्यमंदिर छठ घाट, गढ़ पर छठ घाट, सोभिया पर, अकौना, जयप्रकाश नगर, गोनावां सहित अनेक स्थलों पर छठ घाटों की सफाई का कार्य नगर परिषद की देखरेख में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्य पार्षद, उपमुख पार्षद के साथ-साथ कार्यपालक पदाधिकारी भी इन घाटों का निरीक्षण पहले ही कर चुके हैं और संबंधित दिशा निर्देश भी सफाई कर्मियों को दिया गया है। गौरतलब है कि संजय साब जो कि नवादा नगर परिषद के उप मुख्य पार्षद, मुख्य पार्षद भी रह चुके हैं और छठ घाटों की सफाई का जिम्मा वह खुद अपने हाथों में रखते हैं। पिछले कई वर्षों से छठ घाटों की सफाई करने, पानी की व्यवस्था, लाइट की व्यवस्था करने में वह सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। संजय साव ने कहा कि छत व्रतियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो, इसका ख्याल रखा जा रहा है। सफाई के साथ-साथ जल और लाइट की भी व्यवस्था पुरजोर की जा रही है। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के भी इंतजाम किए जा रहे हैं। इस छठ पूजा में छठ व्रतियों की संख्या कम होती है, इसके बावजूद नगर परिषद एवं अनेक समाजसेवियों द्वारा बढ़-चढ़कर इसमें भाग लिया जाता है।

## नहाय खाय के साथ चार दिवसीय चैती छठ शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नारदीगंज,नवादा। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मंगलवार को नहाय खाय के साथ चार दिवसीय चैती छठ व्रत शुरू हो गया। सभी छठ व्रती स्नान ध्यान कर पवित्र ढंग से भगवान भास्कर का प्रसाद बनाया। श्रद्धालुओं व छठव्रतियों ने चावल, दाल, कद्दू के अलावा अन्य प्रकार व्यंजन को प्रसाद के तौर पर बनाये। छठव्रती सबसे पहले अपने प्रसाद ग्रहण कर फिर परिवार इष्ट मित्रों को प्रसाद खिलाने का क्रम चला। चार दिवसीय महापर्व में बुधवार को लोहंडा होगा। गुरुवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। शुक्रवार के सुबह में उगते सूर्य को अर्घ्य प्रदान करने के साथ इस महापर्व की समाप्ति हो जायेगी। इस अवसर पर द्वापरकालीन सूर्य मंदिर हंडिया में छठवर्तियों का भीड़ उमड़ पड़ी है।

# कौआकोल प्रखंड के भूमि सर्वेक्षण शिविर का किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** जिले के विभिन्न भूमि सर्वेक्षण शिविर का औचक निरीक्षण मंगलवार को भूमि सर्वेक्षण विभाग के अधिकारियों ने किया। इस दौरान कौआकोल, रोह के अलावा पकरीबरावां प्रखंड के स्थित भूमि सर्वेक्षण शिविर का राजस्व पदाधिकारी सह कानूनगो अशोक कुमार झा व कृष्णकांत चौबे ने की। निरीक्षण के दौरान कानूनगो मधु कुमारी, दिलीप कुमार गुप्ता, अमीन लिपिक सियाराम दास समेत अन्य अधिकारी शामिल रहे। अधिकारियों ने कहा भूमि सर्वेक्षण का कार्य हो रहा है। रैयतों को आप सभी पूर्णरूपेण सहयोग करें। सभी पंजी को अद्यतन व संधारण करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा भूमि सर्वेक्षण में पीएस में इंट्री में तेजी लाने की बात कही गई। इस कार्य में किसी भी प्रकार से कोताही नहीं बरतना है। आप सभी अपना जबाबदेही को समझें। सरकार द्वारा निर्धारित समय सीमा का भी ख्याल रखना होगा। इसके अलावा अन्य दिशा निर्देश दिया गया।

# अरविंद मिश्रा बने ह्यूमन राइट्स प्रोटक्शन के प्रदेश अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** अरविंद मिश्रा को एंटी क्राइम ह्यूमन राइट्स प्रोटक्शन काउंसिल ऑफ इंडिया बिहार का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष बनने पर लोगों ने बधाई दी है। इस मौके पर अरविंद मिश्रा ने कहा कि हमारा यह संगठन मानव अधिकारों की रक्षा ,सुरक्षा के साथ ही पीड़ित शोषितों को न्याय दिलाने के लिए उनके मौलिक अधिकारों को हो रहे हनन को रोकने के लिए संविधान द्वारा प्रदत अधिकारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करेगी। इसके साथ ही समाज में सुरक्षा, न्याय, शांति, कैसे स्थापित हो इसके लिए समाज के हर प्रबुद्ध वर्गों के साथ मिलकर जन जागरूकता लाया कानुन की जानकारी दी जाएगी। जिसके लिए शिविर, कार्यशाला आदि का आयोजन किया जाएगा ताकि अपराध मुक्त समाज और भ्रष्टाचार मुक्त समाज बने। जैसा की आप सब जानते है की, सरकार उच्च न्यायालय और मानवाधिकार आयोग के लाख निर्देशों के बाद भी व्यापक रूप से मानवाधिकार का हनन आपको थानों में शिक्षा संस्थानों में, अस्पतालों में और गांव और शहरों में भट्ठा पर काम करने वाले मजदूरों के बीच में मिलेगा साथ ही गरीब-गुरबा, वंचित शोषित वर्ग आज भी अपने मौलिक अधिकारों को पाने के लिए उत्सुक रहते हैं लेकिन आजादी के 75 में वर्षगांठ के बाद भी अमृत महोत्सव मनाने के बाद भी उन झोपड़िया में विकास की किरण पहुंच नहीं पाई है। मजदूरों का पलायन बहुत बड़ी समस्या है। इन सारी बिंदुओं पर एंटी क्राइम ह्यूमन राइट्स प्रोटक्शन काउंसिल आफ इंडिया काम करेगी, और जहां भी मौलिक अधिकारों का हनन होगा, भ्रष्टाचार देखने को मिलेगा, उस पर रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजा जाएगा, ताकि इन सब समस्याओं का समाधान हो। साथ ही सरकार प्रशासन और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के बीच मधुर समंजन स्थापित करने की आवश्यकता है तभी प्रशासनिक सपोर्ट लीगल सपोर्ट हेर सपोर्ट संगठन को मिलेगा और संगठन सशक्त होकर जन समस्याओं को समाधान करवाने के लिए और भी उत्साह के साथ कार्य करता रहेगा। संगठन का एक नारा, कानून का सही ज्ञान जिंदगी के लिए वरदान।

# गंगाजल आपूर्ति योजना के तहत पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन समिति के गठन हेतु बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार गंगाजल आपूर्ति योजना (चरण-2, भाग-1) के तहत मधुबन जलाशय (क्षमता 27 मिलियन घन मीटर) के निर्माण कार्य, भूमि अधिग्रहण, विस्थापन एवं पुनर्वास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए 29 मार्च 2025 को ग्राम मधुबन के सरकारी विद्यालय में ग्रामीणों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन समिति के गठन में प्रभावित व्यक्तियों की भागीदारी सुनिश्चित करना था। भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के अनुसार, यदि किसी परियोजना में 100 एकड़ से अधिक भूमि अधिग्रहण आवश्यक हो, तो प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए एक समिति का गठन किया जाता है, जो मुआवजा, आवास, रोजगार एवं अन्य सुविधाओं की निगरानी करती है। बैठक में ग्रामीणों से अनुरोध किया गया कि वे इस समिति में सक्रिय भागीदारी करें, ताकि पुनर्वास योजना को शीघ्रता से लागू किया जा सके। साथ ही, सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन (एसआईए) अध्ययन कर रही एसआईए इकाई आद्री, पटना को आवश्यक जानकारी साझा करने एवं अपेक्षित सहयोग देने का आग्रह किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने भूमि अभिलेख से जुड़ी समस्याओं पर सवाल उठाए, जिस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने अंचलाधिकारी, नारदीगंज को निर्देश दिया कि वे अंचल दल के साथ मिलकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही, ग्राम मधुबन में 2 अप्रैल 2025 से और ग्राम मोतनाजे में उसके बाद विशेष शिविर (शिविर) आयोजित करने का निर्देश दिया गया, जिससे भूमि अभिलेख संबंधी समस्याओं का समाधान किया जा सके। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, जिला भूमि अधिग्रहण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी नारदीगंज, अंचलाधिकारी नवादा एवं नारदीगंज, थाना प्रभारी नारदीगंज, एसआईए इकाई आद्री, पटना के प्रतिनिधि, संवेदक प्रतिनिधि एवं मधुबन व मोतनाजे के ग्रामीण उपस्थित रहे।


# 20 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 31 मार्च 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, लूट में एक, मद्य निषेध में एक एवं अन्य गिरफ्तारी 18 कुल 20 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 89 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वाहन जांच के क्रम में कुल 512 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 75 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत एक ट्रैक्टर, एक मोबाइल एवं एक अपहृता बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

# मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने किया पैक्सों में गेहूं अधिप्राप्ति का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने गया जिला के नगर प्रखंड चुरी पैक्स में रबी विपणन मौसम 2025-26 अंतर्गत गेहूं अधिप्राप्ति कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंत्री ने कहा कि जिस तरह से धान अधिप्राप्ति का कार्यक्रम बिहार में सफलातापूर्वक संपन्न किया गया है उसी तरह गेहूं की अधिप्राप्ति में शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित कराने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। राज्य में रबी विपणन मौसम 2025-26 हेतु गेहूं अधिप्राप्ति का लक्ष्य 2 लाख मैट्रिक टन है जिसमें से 1.5 लाख मैट्रिक टन पैक्स एवं व्यापार मंडल का है तथा 50 हजार मैट्रिक टन भारतीय खाद्य निगम का है। किसानों के हित को देखते हुए प्रति किसान गेहूं अधिप्राप्ति की सीमा को समाप्त कर दिया गया है। किसानों को असुविधा नहीं हो, इसलिए पिछले वर्ष आवेदन करने वाले किसानों को रबी विपणन मौसम 2025-26 के लिए स्वतः मान्य कर दिया गया है। ऐसे किसानों को फिर से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। गेहूं उत्पादक किसानों को सभी पैक्स एवं व्यापार मंडल में गेहूं की बिक्री कर न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425/- रु. प्रति क्विंटल का लाभ उठाने की अपील की।

सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेन्द्र सिंह ने पटना जिला के बिहटा प्रखंड के पुरुषोत्तमपुर पैनाठी पैक्स एवं नौबतपुर नगर पंचायत पैक्स में गेहूं अधिप्राप्ति कार्य का शुभारंभ किया गया।

रबी विपणन मौसम 2025-26 में राज्य के कुल 4574 पैक्सों एवं व्यापार मंडलों को गेहूं अधिप्राप्ति कार्य के लिए चयनित करते हुए क्रय केन्द्र स्थापित किया गया है। अधिप्राप्ति के प्रथम दिन सहकारिता विभाग अन्तर्गत पैक्स व्यापार मंडलों द्वारा 28 जिलों में 110 किसानों से 181 मे.टन गेहूं की अधिप्राप्ति कर ली गई है। सर्वाधिक अधिप्राप्ति पटना जिला में 28 किसानों से 50.25 मे. टन, समस्तीपुर में 14 किसानों से 19 मे.टन, सिवान में 03 किसानों से 17 मे.टन, बेगूसराय में 06 किसानों से 08 मे.टन, गया में 05 किसानों से 06 मे.टन, बेतिया में 05 किसानों से 16 मे.टन, मोतिहारी में 03 किसानों से 20 मे.टन गेहूं की अधिप्राप्ति की गयी है। राज्य के कई जिलों में अभी गेहूं की कटनी जारी है। कटनी की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात गेहूं खरीदारी में तीव्रता आने की आशा है। सहकारिता विभाग के द्वारा इसकी निरंतर समीक्षा की जा रही है तथा सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों को इसमें तीव्रता लाने का निदेश दिया गया है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** कोंच थाना क्षेत्र अंतर्गत गया-गोह मार्ग पर स्थित बेदौली-अहियापुर के बीच सड़क हादसे में युवक की मौत मंगलवार को हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज गया भेजा है। घटना गया से गोह की ओर जा रही एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो से हुई जब यह वाहन बेदौली अहियापुर के बीच पहुंचा। जानकारी के अनुसार ग्राम बेदौली निवासी नन्हकू यादव का पुत्र छोटू कुमार (25) ऑटो से उतरकर अपने गांव जाने के लिए सड़क पार कर रहा था, तभी स्कॉर्पियो ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि छोटू कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने वाहन को रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## लोक आस्था का महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज (गया)।** प्रखंड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा की शुरुआत मंगलवार को नहाय-खाय के साथ हो गई और शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पारण के साथ छठ पूजा सम्पन्न होगी। मंगलवार को छठ व्रतियों ने नहाय खाय के दिन स्नान ध्यान कर सुबह दाल, चावल, कद्दू की सब्जी, भाजी, साग व अन्य प्रकार के व्यंजन बनाकर सबसे पहले प्रसाद के रूप में ग्रहण किया एवं अपने परिवार एवं पास पड़ोस के लोगों को भी खिलाया। छठ महापर्व को लेकर वजीरगंज के थानाध्यक्ष बैंकटेश्वर ओझा, बीडीओ प्रभाकर सिंह एवं अंचलाधिकारी दिलीप कुमार में वजीरगंज प्रखंड के आम नागरिकों, छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को चैती छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे के साथ छठ पर्व मनाने की अपील की है। बीडीओ प्रभाकर सिंह ने छठ महापर्व के अवसर पर वजीरगंज प्रखंड के लोगों और छठ व्रतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भागवान सूर्य की पूजा-अर्चना एवं लोक आस्था से जुड़े छठ पर्व से हमें साधना, तप, त्याग, सदाचार, मन की पवित्रता, स्वच्छता बनाये रखने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने इस पर्व को भक्ति, बंधुत्व, सामाजिक समरसता और एकता के साथ मनाने का अनुरोध किया। सीओ दिलीप कुमार ने भी छठ पर्व पर प्रखंड वासियों को बधाई देते हुए कहा कि लोक आस्था का यह महान पर्व आत्म अनुशासन का पर्व है जिसमें लोग आत्मिक शुद्धि एवं निर्मल मन से अस्ताचल एवं उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। उन्होंने भगवान भास्कर से देश की प्रगति, सुख एवं समृद्धि की कामना की और लोगों से इस महापर्व को प्रेम एवं सद्भाव से मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष वेकटेश्वर ओझा ने कहा कि छठ महापर्व की शुरुआत मंगलवार को नहाय खाय के साथ हो गई है।

## दंगा और भीड़ नियंत्रण हेतु मॉक ड्रिल आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के निर्देशानुसार मंगलवार को पुलिस केंद्र, गया में डीएसपी रक्षित के नेतृत्व में दंगा और भीड़ नियंत्रण हेतु मॉक ड्रिल आयोजित किया गया। इस पूर्वाभ्यास में जवानों को एंटी राइट गन, टियर गैस, वाटर केनन एवं अन्य दंगा निरोधी यंत्रों के प्रयोग का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही विशेष दलों जैसे- पुलिस दल, सिविल पुलिस दल, फायर फाइटिंग दल, लाठी बल, चिकित्सीय दल, आरक्षित दल आदि का गठन कर उग्र भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न कौशलों का अभ्यास कराया गया। आगामी पर्वों और त्योहारों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। भीड़ एवं संवेदनशील स्थलों पर सादे कपड़ों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। पर्व के दौरान किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध जानकारी के लिए तुरंत डायल 112 या पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर पर सूचना दें।

## बीडीओ पेयजल से संबंधित जानकारी पीएचइडी के पदाधिकारी से लेते रहें : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** गर्मी के मौसम में संभावित होने वाले पेयजल समस्या की दृष्टिकोण से जिले के डीएम डॉ0 त्यागराजन एसएम ने मंगलवार को सभी बीडीओ, सभी बीपीआरओ एवं पीएचईडी विभाग के तमाम पदाधिकारी के साथ पेयजल आपूर्ति संबंधित विषय पर विस्तार से समीक्षा की गई। डीएम ने कहा कि दिन प्रतिदिन तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। किसी भी टोले में पेयजल की समस्या नहीं हो इसके लिए जो भी आवश्यक कार्य है उसे अगले 7 दिनों में पूर्ण कर लें। सात निश्चय अंतर्गत हर घर नल का जल योजना के समीक्षा के दौरान डीएम ने सभी बीडीओ को स्पष्ट निर्देश दिया है कि किसी भी वार्ड में नल जल योजना बंद नहीं रहे, इसे लेकर मार्च माह में विशेष रूप से योजनाओं का सर्वेक्षण करवाया गया था ताकि जिससे पता चल सके की कितनी योजनाएं बंद है। बंद योजनाओं की सूची पीएचडी विभाग को उपलब्ध कराई गई थी जिसे मरम्मत कराकर चालू करवाया जा रहा है। डीएम ने पुनः सभी बीडीओ को निर्देश दिया है कि दोबारा से सही तरीके से जांच करवाये और रिपोर्ट उपलब्ध करवाये की वास्तव में वर्तमान समय मे अब कितनी योजना चालू है। गर्मी को देखते हुए पीएचईडी के तमाम पदाधिकारी पूरी तात्पर्यता से योजनाओं को चालू करने एवं चालू रखने का कार्य करे। छोटी-छोटी समस्याएं यथा स्टार्टर जलना, मोटर खराब होना, फेज खराब रहना इत्यादि के कारण पानी सप्लाई बंद रहता है, इन तमाम छोटी समस्याओं को तुरंत समाधान करवाते रहें। निर्देश दिया है कि बीडीओ, बीपीआरओ एवं पीएचईडी के पदाधिकारी आपस में पूरी समन्वय के साथ कार्य करें। बीडीओ हर दिन पेयजल से संबंधित बैठक एवं जानकारी पीएचईडी के पदाधिकारी से लेते रहें। उन्होंने सभी पंचायत सचिव को निर्देश दिया है कि हर दिन नल जल योजनाओं की पांच-पांच स्कीमों की जांच करें। चापाकल मरम्मति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 43 चापाकल मरम्मत दल के माध्यम से 938 चापाकल को मरम्मत करवाया गया है जिसमें शेरघाटी डिवीजन में 452 नगर डिवीजन में 486 चापाकल ठीक हुए हैं। बताया गया कि एक टीम अधिकतम एक दिन में तीन चापाकल को ठीक करता है, 12 मार्च से लगातार चापाकल मरम्मत करवाया जा रहा है। डीएम ने निर्देश दिया है कि विगत वर्ष के आलोक में इस वर्ष भी चापाकल मरम्मत दल की संख्या को और बढ़ावें। साथ ही सभी प्रखंड का रोस्टर बनाते हुए बीडीओ को उपलब्ध करवाये ताकि और तेजी से चापाकल मरम्मत करवाया जा सके। साथ ही सभी बीडीओ को निर्देश दिया है कि जो भी चापाकल मरम्मत हो रहे हैं उसकी क्रॉस वेरिफिकेशन हर हाल में करवायें। उन्होंने कहा कि स्कूल, महादलित टोला एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को प्राथमिकता के आधार पर चापाकल ठीक करने का कार्य करें जिस चापाकल में राइजर पाइप की आवश्यकता हो उसमें जरूर राइजर पाइप डालें।

## वार्ड पार्षद के घर के समीप से बाइक की चोरी

**टिकारी(गया) (नबिटा सं.)।** नगर परिषद क्षेत्र के देवधरपुर मुहल्ला स्थित वार्ड 19 के वार्ड पार्षद के घर के समीप से बाइक की चोरी कर ली। मामले को लेकर पीड़ित द्वारा टिकारी थाना में शिकायत दर्ज कराई है। अलीपुर थाना क्षेत्र के रसलपुर ग्राम निवासी धीरज कुमार द्वारा की गई शिकायत में कहा गया है वह परिवार सहित वार्ड 19 की पार्षद कुंती देवी के आवास के समीप स्थित आवास में किराये पर रहते हैं। मंगलवार को दोपहर 12 बजे खाना खाने कमरे पर पहुंचे व बाइक हीरो स्प्लेंडर बीआर 02 ए डब्लू 5092 घर के बाहर पार्क कर दी। खाना खाकर लौटा तो बाइक नही खड़ी थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित ने शिकायत दर्ज कर बाइक का सुराग पता करने की गुहार लगाई है।

## पवित्र अनुष्ठान नहाय-खाय के साथ शुरू

**गया (नबिटा सं.)।** आस्था और श्रद्धा के महापर्व छठ पूजा की शुरुआत मंगलवार को नहाय-खाय से हुई। छठ व्रतियों ने शुद्धता और संकल्प के साथ इस पवित्र अनुष्ठान की शुरुआत की। राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के आवास पर भी छठ पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भक्तों ने सूर्यदेव की उपासना कर सुख-समृद्धि की कामना की। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न इस आयोजन में श्रद्धालुओं की आस्था और उल्लास देखते ही बन रहा था। प्रसाद ग्रहण करने वालों में परिवार के साथ-साथ पारिवारिक मित्र लोग भी शामिल हुए व्रत करने वालों में कलादेवी के द्वारा आए हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया गया। पूजा सहयोग करने वालों में प्रियंका मिश्रा, मीना मिश्रा, मंजू देवी, निशा देवी, गुड़िया कुमारी, ज्योति कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संजय झा ने टोल फ्री नंबर जारी कर लोगों से मांगा सुझाव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के इस चुनावी साल में नेताओं, कार्यकर्ताओं और मतदाताओं से जुड़ने के लिए नये-नये तरीके निकाले जा रहे हैं। इसी कड़ी में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने एक टोल फ्री नंबर जारी कर लोगों से सुझाव देने और अपनी समस्या बताने का आग्रह किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर एक पोस्ट किया है जिसमें उन्होंने एक टोल फ्री नंबर जारी कर लोगों से आग्रह किया है वह अपनी समस्याएं और सुझाव भेजें। संजय झा ने अपने पोस्ट में लिखा है कि आपका स्नेह और विश्वास ही हमारी पूंजी है। हमें यह बताते हुए खुशी है कि अब आप अपने सुझाव/समस्या हमारे आवासीय कार्यालय के टोल फ्री नंबर 1800-3456-423 पर सुबह 9 से शाम 5 बजे के बीच कॉल करके नोट करा सकते हैं। हम उनके समाधान के लिए यथोचित प्रयास करेंगे। दरअसल, राज्यसभा सांसद होने की वजह से संजय झा के दिल्ली में भी वक्त दिए जाने के कारण लोगों से उनकी मुलाकात नहीं हो पाती है। इससे वह लोगों की समस्या नहीं सुन पाते हैं। इसी को देखते हुए उन्होंने यह पहल की है। संजय झा ने कहा कि इस तरह की पहल करने की एक ही वजह है कि आम लोगों की किसी की भी समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि लोगों की बात अगर हमारे पास इस टोल फ्री नम्बर के जरिए पहुंच जाती है तो मेरी पूरी कोशिश होगी की उनकी समस्या का समाधान कर सकूं। उन्होंने यह भी कहा है कि यह चुनावी साल है। कई बार लोगों से महत्वपूर्ण सुझाव भी मिल जाते हैं जो काफी मदद पहुंचाती है। उम्मीद है चुनाव में ऐसे सुझाव भी मिलेंगे। संजय झा ने कहा कि हम जन सेवक हैं और हमारा फर्ज है लोगों की समस्याओं को दूर करना। इस वजह से हमने यह कोशिश की है क्योंकि हर किसी से मिलना व्यस्तता की वजह से संभव नहीं हो पाता है।

## विदाई समारोह का आयोजन

**गया(नबिटा सं.)।** जिले में कार्यरत पुअनि प्रेमनाथ यादव, प्रा अनि किशोरी यादव, पुसअनि शिव कुमार यादव तथा पुसअनि सियाराम शरण के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर पुलिस केंद्र, गया में मंगलवार को एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर एसएसपी आनंद कुमार ने सभी लोगों को अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। एसएसपी ने उन्हें दीर्घायु, स्वस्थ, सुखमय और मंगलमय जीवन की शुभकामनाएं भी दीं और उनके अनुकरणीय सेवा के प्रति आभार व्यक्त किया। इस समारोह में डीएसपी (रक्षित) और अन्य वरीय पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति रही जिन्होंने अपने सहयोगियों के योगदान और समर्पण की सराहना की और उन्हें उनके भविष्य के जीवन के लिए ढेरों शुभकामनाएं दीं।

## लालू यादव की बड़ी बहू ऐश्वर्या राय विधानसभा चुनाव में आजमा सकती है भाग्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की बड़ी बहू और तेज प्रताप यादव की पत्नी ऐश्वर्या राय के इस बार बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने की चर्चा सियासी गलियारों में जोर पकड़ने लगी है। इससे राजद खेमे में खलबली स्वाभाविक है। भाजपा सूत्रों की मानें तो ऐश्वर्या राय इस बार बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ सकती हैं। तेजस्वी यादव को घेरने के लिए एनडीए ऐश्वर्या राय पर बड़ा दांव लगा सकती है। ऐश्वर्या राय अगर चुनाव लड़ती हैं तो इसके राजनीतिक मायने काफी बड़े हो सकते हैं। वह बिहार की राजनीति में एक नया मोड़ ला सकती हैं। एनडीए के लिए यह एक अच्छा अवसर हो सकता है। सियासत के जानकारों का मानना है कि अगर ऐश्वर्या राय चुनावी मैदान में उतरती हैं तो महागठबंधन को इसका मुकाबला करने के लिए नई रणनीति बनानी होंगी। साल 2018 में ऐश्वर्या राय की शादी जब तेज प्रताप यादव से हुई थी तो उस समय यह चर्चा जोर शोर से चल रही थी कि वह भविष्य में छपरा से लोकसभा चुनाव लड़ सकती हैं। लेकिन, वैवाहिक जीवन में तनाव और तेज प्रताप के साथ उनके रिश्ते में आई खटास की खबरों के बाद ऐसी संभावनाएं कमजोर पड़ गईं। वहीं एक साल के भीतर ही दोनों के बीच रिश्तों में तनाव आ गए। अभी तक तेज प्रताप यादव और ऐश्वर्या राय में तलाक नहीं हुआ है। तलाक का मामला अभी भी कोर्ट में लंबित है। साल 2020 के चुनाव के कुछ ही समय पहले तेज प्रताप यादव ने कहा था कि वह अपनी पत्नी से तलाक लेना चाहते हैं। इसके कुछ ही दिन बाद दोनों के बीच कानूनी लड़ाई शुरू हो गई, जो अभी तक चल रही है। लेकिन, अब 2025 में ऐश्वर्या राय की चुनाव लड़ने की चर्चा फिर से तेज हो गई है। हालांकि अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। लेकिन ऐश्वर्या राय के चुनावी मैदान में उतरने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। उनके भाजपा या जदयू के साथ जुड़ने की कोई खबर या संकेत नहीं है। हालांकि ऐश्वर्या के पिता चंद्रिका राय जदयू में हैं।

## दो जगहों पर खेत में लगी आग

**वजीरगंज(गया) (नबिटा सं.)।** प्रखंड के विशुनपुर पंचायत अंतर्गत कसीयाडिह एवं नगर पंचायत मीरगंज के बधार में मंगलवार की दोपहर अचानक आग लगने से लगभग एक बिगहा गेहूं का फसल जलकर राख हो गया। पीड़ित किसान झमन चौहान एवं मीरगंज आशा कुमारी ने बताया कि अज्ञात कारणों से खेत में आग लगी जिसे ग्रामीण एवं अग्निशामक दल के सहयोग से तुरंत बुझा, लिया गया। अगर थाड़ी सी और देर होती तो नुकासान ज्यादा होता। दोनों जगह मिलाकर लगभग एक बिगहे की फसल जली है।

## 369 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद, दो घंटे में किया भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम द्वारा किसान भाइयों के लिए 151 गेहूं खरीद केंद्र और बिहार सरकार द्वारा 5000 खरीद केंद्र सभी जिलों में खोले जा चुके हैं जिसमें खरीद की प्रक्रिया एक अप्रैल से आरंभ हो गई है। आज भारतीय खाद्य निगम ने 195.36 मेट्रिक टन एवं सहकारिता विभाग ने 172.98 मेट्रिक टन, दोनों मिलाकर लगभग 369 मेट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। भारतीय खाद्य निगम द्वारा कुछ किसानों को 2 घंटे में भुगतान किया गया। (आंकड़ें 5.25 बजे तक लिए गए)। गेहूं के सरकारी दर अर्थात रुपये 2425/- प्रति क्विंटल पर बेचने के पंजीकृत इच्छुक किसान, भारतीय खाद्य निगम और राज्य सरकार के नजदीकी गेहूं खरीद/अधिप्राप्ति केंद्र पर संपर्क कर अपना गेहूं बेच सकते हैं और इसका त्वरित भुगतान अपने बैंक खाते में पा सकते हैं। अनुरोध है कि इसका लाभ अवश्य उठायें ।

## फायरिंग को लेकर तनाव, 20 अज्ञात पर केस

**बाढ़।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो पक्षों के बीच हुई झड़प के बाद फायरिंग को लेकर पुलिस ने 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस सहायक उप निरीक्षक उपाध्याय प्रसाद के बयान पर केस दर्ज कराया है।


### शपथ पत्र

मैं रण विजय कुमार धीरज पिता-स्व. राम लखन मोची उम्र 43 वर्ष घर-रामपुर थाना-बखड़ी, जिला-बेगूसराय वर्तमान पता- भर्रा विद्यालय थाना-मुफसिल, जिला-बेगूसराय का निवासी हूं, सत्य एवं निष्ठापूर्वक निम्नलिखित बयान करता हूं कि मेरे पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम हिमांशु कुमार एवं जन्म तिथि 16.06.2015 है, लेकिन मेरे पुत्र के आधार कार्ड में कम्प्यूटर की गलती के कारण गलत नाम यशचंद्र एवं जन्म तिथि 13.06.2016 चढ़ गया है। यह कि मुझे अपने पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम हिमांशु कुमार एवं जन्म तिथि 16.06.2015 करवाना है।
उपरोक्त बयान बिल्कुल सही है।


## आग लगने से तीन घर राख, किशोर घायल

**कोंच (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरी हरिजन टोला में मंगलवार की सुबह आग लगने से तीन घर राख हो गया और एक किशोर घायल हो गया। वहीं मवेशी की मौत हो गयी। आग की घटना सुबह में 10 बजे के आसपास हुई जब घरों में खाना खाकर लोग आराम कर रहे थे। अचानक आग लगने से घरों में रखे सामान और घरों की छतें जलकर राख हो गईं। आग बुझाने के प्रयासों के बावजूद, जितेंद्र दास पिता-साधु दास, जगेंद्र दास पिता साधु दास एवं कृष्ण दास पिता चलित्र दास के घर और उसमें रहे गाड़ी सहित सभी सामान पूरी तरह से जल गए। घटना में 14 वर्षीय किशोर अंकित कुमार पिता जितेंद्र दास का दाहिना पैर जल गया और वह घायल हो गया जिसे सीएचसी में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। वहीं, तीन मवेशी की मौत और दो मवेशी घायल हो गए। अग्निशमन दल ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने के प्रयास किए।

## कैंसर प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं के प्रभाव पर अतिथि व्याख्यान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गया)।** विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रसिद्ध कैंसर बायोलॉजिस्ट, टेक्सास ए एंड एम यूनिवर्सिटी, यूएसए के कॉलेज ऑफ मेडिसिन के प्रोफेसर जियानक्सुन (जिम) सोंग ने एसईबीईएस व्याख्यान श्रृंखला के एक भाग के रूप में दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में अतिथि व्याख्यान दिया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह की देखरेख में सीयूएसबी के स्कूल ऑफ अर्थ, बायोलॉजिकल एंड एनवायरनमेंटल साइंसेज द्वारा आयोजित व्याख्यान में प्रोफेसर सोंग ने मॉडुलेशन ऑफ इम्यून रेस्पॉन्सेस बाय मेटाबोलिक रिप्रोग्रामिंग पर व्याख्यान दिया। व्याख्यान में विशिष्ठ अतिथि के रूप में विनय कुमार तिवारी, सीएमडी, वास्तु विहार बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, बोधगया, एसईबीईएस के डीन प्रोफ़ेसर रिजवानुल हक के साथ विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य, शोधार्थी और छात्र उपस्थित थे। प्रो. जियानक्सुन (जिम) सोंग, आर.एल. ब्रिकर एंडोव्ड प्रोफेसर इन कैंसर इम्यूनोलॉजी, माइक्रोबियल पैथोजेनेसिस एंड इम्यूनोलॉजी, कॉलेज ऑफ मेडिसिन, टेक्सास ए एंड एम यूनिवर्सिटी, यूएसए ने विस्तार से बताया कि कैसे मेटाबॉलिक रीप्रोग्रामिंग बीमारियों से लड़ने के लिए प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं को फिर से आकार दे सकती है और बढ़ा सकती है। उन्होंने बताया कि कम प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया से संक्रमण और कैंसर हो सकता है जबकि अत्यधिक प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया से एलर्जी और ऑटोइम्यून रोग हो सकते हैं। इसलिए संतुलित प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया बनाए रखना महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतिरक्षा विनियमन में प्रमुख कारकों, जैसे एनएसी एक ईईएफ टु के और इंजीनियर सूक्ष्मजीवों और प्रतिरक्षा कार्य को संशोधित करने में उनकी भूमिका पर भी चर्चा की। उन्होंने ट्रांसलेशनल रिसर्च पर जोर दिया और अपने शोध कार्यों के माध्यम से बताया कि कैसे आप अपने मूल शोध को ट्रांसलेशनल रिसर्च में कैसे बदल सकते हैं। सीयूएसबी के जन संपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत में प्रो. रिजवानुल हक, डीन, एसईबीईएस ने अतिथि वक्ता, गणमान्य व्यक्तियों और सभागार में दर्शकों का स्वागत किया।प्रो. रिजवानुल हक, जो स्वयं एक इम्यूनोलॉजिस्ट हैं, उन्होंने प्रतिरक्षा विज्ञान में अनुसंधान के महत्व और आधुनिक चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा में इसकी भूमिका के बारे में बात की। विनय कुमार तिवारी, सीएमडी, वीवीबीपी, बोधगया ने अपने संक्षिप्त भाषण में विश्वविद्यालय के समुदाय को धन्यवाद दिया और वास्तु विहार बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड में चल रहे शोध के बारे में साझा किया।कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ. अमृता श्रीवास्तव के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ जिन्होंने अतिथि वक्ता और वास्तु विहार बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, बोधगया के सीएमडी विनय कुमार तिवारी सहित अन्य अतिथियों क्रमशः प्रो. आशीष शंकर (बायोइनफॉर्मेटिक्स), प्रो. प्रभात रंजन (कंप्यूटर साइंस), प्रो. आर.एस. राठौर (बायोइनफॉर्मेटिक्स), डॉ. राजेश रंजन (पर्यावरण विज्ञान), डॉ. विकल कुमार सिंह (भूविज्ञान), डॉ. अनिल कुमार (बायोइनफॉर्मेटिक्स), डॉ. संजय कुमार (जीवन विज्ञान), डॉ. चंद्र प्रभा (शिक्षक शिक्षा) एवं अन्य के प्रति आभार व्यक्त किया।


बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)-2025/02 दिनांक- 01.04.2025

**डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2025**

[पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण)/ पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय)/ पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय)]

1. **निम्नांकित पाठ्यक्रम समूहों में नामांकन हेतु आयोजत की जाने वाली डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [DCECE (PE/PMM/PM)]-2025 में सम्मिलित होने के लिये निर्धारित प्रपत्रों में Online आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-**
   (क) (i) पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण) पाठ्यक्रम समूह (PE): बिहार राज्य के अंतर्गत राजकीय / निजी पॉलिटेकनिक संस्थानों के अभियंत्रण डिप्लोमा पाठ्यक्रमों (ii) पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय) पाठ्यक्रम समूह (PMM): बिहार सरकार के विभिन्न अस्पतालों / संस्थानों के पारा मेडिकल ड्रेसर पाठ्यक्रम (iii) पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) पाठ्यक्रम समूह (PM): बिहार राज्य के विभिन्न राजकीय / निजी अस्पतालों / संस्थानों के पारा मेडिकल पाठ्यक्रम।
   (ख) **पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण) पाठ्यक्रमों के लिये विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट योग्यता सम्बन्धी अभातशिप (AICTE) के बन्धेज लागू होंगे।**
   (ग) **पारा मेडिकल [PM] (इंटरमीडिएट स्तरीय) नर्सिंग पाठ्यक्रमों के लिये स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट अर्हता सम्बन्धी नर्सिंग कॉउंसिल ऑफ इंडिया के बंधेज लागू होंगे।**
2. Online आवेदन के लिये Registration करने की प्रारम्भिक तिथि **02.04.2025** और अंतिम तिथि **30.05.2025** निर्धारित है।
3. पर्षद के **Website: bceceboard.bihar.gov.in** पर DCECE-2025 की उपलब्ध विवरण पुस्तिका में अभ्यर्थियों के लिए योग्यता/ अर्हता/ संस्थानों/ पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण एवं आवश्यक निर्देशों को देखा जा सकता है।

**Online आवेदन प्रक्रिया / विशेष जानकारी के लिए विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)-2025/01 दिनांक 01.04.2025 पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in पर देखें ।**

परीक्षा नियंत्रक

संपादकीय

## म्यांमार और थाईलैंड में भूंकप से तबाही

हमारे पड़ोसी म्यांमार और उससे लगे थाईलैंड में शुक्रवार को आए भीषण भूंकप ने इस बात को फिर रेखांकित किया है कि प्रकृति के आगे हम सब बौने हैं। शुक्रवार सुबह 11:50 बजे 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप था। एक जियोलॉजिस्ट के हवाले से बताया गया कि इस भूकंप का असर 334 एटॉमिक बम में ब्लास्ट के बराबर था। यह भारत में 2001 में गुजरात के भुज में आए विनाशकारी भूकंप के बराबर था। म्यांमार और थाईलैंड के इस भूंकप में अब तक 1644 लोगों की मौत हुई है और 3400 से ज्यादा घायल हुए हैं। सम्पत्ति की बेतहाशा हानि हुई है। म्यांमार में थाईलैंड से भी ज्यादा नुकसान हुआ है। इस भूंकप का केन्द्र 10 किमी जमीन के नीचे था। जो धरती की ऊपरी परत मानी जाती है। भू वैज्ञानिकों के अनुसार म्यांनमार में धरती की सतह के नीचे की चट्टानों में मौजूद एक बहुत बड़ी दरार है, जो देश के कई हिस्सों से होकर गुजरती है। यह दरार म्यांमार के सागाइंग शहर के पास से गुजरती है इसलिए इसका नाम सागाइंग फॉल्ट पड़ा। यह म्यांमार में उत्तर से दक्षिण की तरफ 1200 किमी तक फैली हुई है। इसे 'स्ट्राइक-स्लिप फॉल्ट' कहते हैं, जिसका मतलब है कि इसके दोनों तरफ की चट्टानें एक-दूसरे के बगल से हॉरिजॉन्टल दिशा में खिसकती हैं, ऊपर-नीचे नहीं। यह दरार अंडमान सागर से लेकर हिमालय की तलहटी तक जाती है और पृथ्वी की टेक्टॉनिक प्लेट्स के हिलने-डुलने से बनी है। भारतीय प्लेट उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रही है, जिससे सागाइंग फॉल्ट पर दबाव पड़ता है और चट्टानें बगल में सरकती हैं। म्यांमार में यही हुआ है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ये दोनो देश उस इलाके में स्थित है, जिसे भूकंप रोधी नहीं माना जाता। इस बीच दोनों देशों में बचाव और राहत कार्य जारी है। भारत ने भी एक अच्छे पड़ोसी का धर्म निभाते हुए ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत दोनो देशो को मानवीय सहायता और रेस्क्यू टीम भेजी है। म्यांनमार में तो यह भूंकप 'गरीबी और आटा गीला' का समान है। यह देश बीते तीन साल से गृहयुद्ध से जूझ रहा है, जब देश की चुनी हुई सरकार को हटाकर सैनिक जुंटा ने सत्ता पर कब्जा कर लिया था। देश में सैनिक सत्ता और विद्रोहियों के बीच लगातार युद्ध जारी है। बताया जाता है कि विद्रोहियो ने देश के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया है। इस झगड़े में भारत की भूमिका मोटे तौर पर तटस्थ ही रही है। अभी यह तय नहीं है कि इस गृह युद्ध में कौन जीतेगा। फिर भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने म्यांनमार के सैनिक जुंटा के प्रमुख से बात कर दुख जताया और सहायता की पेशकश की। उधर थाई लैंड में जनहानि भले कम हुआ हो, लेकिन माल का भारी नुकसान हुआ है। वहां की युवा प्रधानमंत्री के सामने इस भूकंप के बाद राहत करना एक बड़ी चुनौती है। उधर संयुक्त राष्ट्र ने रिलीफ प्रोग्राम शुरू करने के लिए म्यांमार को 5 मिलियन डॉलर दिए। यूरोपीय यूनियन ने भी इमरजेंसी सहायता के दौर पर 2.7 मिलियन डॉलर की मदद म्यांमार भेजी है। दुनिया के कुछ और देशों ने भी सहायता का हाथ आगे बढ़ाया है। लेकिन दोनो देशों को इस झटके से उबरने में समय लगेगा। वैसे भी मनुष्य ने, उसकी प्रौद्योगिकी ने चाहे कितनी भी प्रगति कर ली हो, लेकिन प्रकृति के रहस्यों और उसकी लीला को वह बहुत कम समझ पाया है। भूंकपों का थोड़ा बहुत पूर्वानुमान लगाया जा सकता है, लेकिन धरती कब डोलने लगे, यह कोई नहीं जानता।

# न्यायपालिका उपदेश न दे, निर्णय करे

**भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने अपने भोपाल प्रवास में कहा-हमारा संविधान देश के सुप्रीम कोर्ट को संविधान की व्याख्या करने की अनुमति देता है, पर व्याख्या के बहाने अधिकारों का हनन नहीं हो सकता। कोर्ट की सार्वजनिक उपस्थिति मुख्य रूप से निर्णयों के माध्यम से होना चाहिए। निर्णय अपने आप में बोलते हैं, इनका वजन होता है। निर्णयों के अलावा कोई अन्य प्रकार की अभिव्यक्ति संस्था की गरिमा को कमजोर करती है।**

**उन्होंने यह भी प्रश्न उठाया कि लोकतंत्र में क्या कोई कानूनी तर्क हो सकता है कि मुख्य न्यायाधीश को सीबीआई निदेशक के चयन में भागीदारी करना चाहिए? समझ सकता हूं कि यह विधायी प्रावधान इसलिए अस्तित्व में आया कि सरकार ने न्यायिक निर्णय को स्वीकार किया। अब समय आ गया है कि इसे फिर से देखें कि मुख्य न्यायाधीश को किसी भी नियुक्ति में कैसे शामिल कर सकते हैं।**

**रघु ठाकुर**



मैं पिछले अनेक वर्षों से इस पर लिखता रहा हूं कि न्यायाधीश का कार्य निर्णय देना है, उपदेश देना नहीं। आजकल न्यायाधीश निर्णय देने के बजाय उपदेशक बन रहे हैं। ये उपदेश प्रतिदिन मीडिया में मोटे अक्षरों में छपते हैं, परंतु जिनका कोई संबंध वास्तविकता से नहीं होता। ऐसे उपदेश आमजन को गुमराह करने वाले व व्यवस्था को बचाने वाले होते हैं क्योंकि इनमें मानने की बाध्यता नहीं होती?

हाल में जस्टिस पारदीवाला और आर महादेवन की पीठ ने एक अपील में एडवोकेट जनरल से कहा कि मंत्री व अफसरों को समझा दें कि अनावश्यक केस धन की बरबादी है। एक हाईकोर्ट के जज साहब ने कहा कि श् ये कैसा कलयुग आ गया है। और उनका दुख समाप्त हो गया।

क्या कोई एडवोकेट जनरल सरकार के मंत्रियों को समझा सकता है? बेहतर होता कि ऐसे समय और धन बरबाद करने वाली अपीलों को जुर्माने सहित खारिज करते, तब वह निर्णय ज्यादा प्रभावकारी होता। यह तो एक उदाहरण है। वरना अब यह अदालतों का दैनिक कार्य बन गया है। छद्म-क्रांतिकारिता, जिसकी भूख राजनीति में है वही न्यायिक व्यवस्था में भी पैदा हो गई है।

मैं जानता हूं कि कुछ लोग यह कहेंगे कि उपराष्ट्रपति जी चूंकि भाजपा सरकार द्वारा मनोनीत हैं अतरू वे सरकार के सरकार के बचाव में तर्क दे रहे हैं। परंतु मैं पृष्ठभूमि देखने के बजाय उनकी बात को तर्क की कसौटी पर देखना-कसना बेहतर समझता हूं।

उपराष्ट्रपति जी की बहुत सी बातों से असहमत होते हुए भी मैं उनके उपरोक्त कथनों से सहमत हूं। अगर सीबीआई के निर्देशक या अन्य पदों की चयन प्रक्रिया में मुख्य न्यायाधीश या उनके प्रतिनिधि बैठते हैं तो वह एक प्रकार का न्यायिक निर्णय जैसा नहीं हो जायेगा? अगर उस निर्णय को तार्किक वैधानिक आधार पर कोई चुनौती देना चाहे तो जिस निर्णय में मुख्य न्यायाधीश शामिल हैं क्या शीर्ष या अन्य अदालत उसे विचार के लिए स्वीकार करेगी? मान लीजिए कभी कोई शीर्ष अदालत इसके प्रतिकूल निर्णय लेती है तो क्या वह सर्वोच्च न्यायालय और मुख्य न्यायाधीश की प्रतिष्ठा को प्रभावित करने वाला नहीं होगा? दूसरे, यह दृष्टिकोण कि लोकतांत्रिक ढंग से चुनी हुई सरकार सदैव पक्षपाती या गलत निर्णय करेगी, यह भी उचित नहीं है। एक प्रकार से यह निर्वाचित सरकारों के प्रति स्थायी अविश्वास और आरोप जैसा है। क्या न्यायधीशों की नियुक्ति और उसकी प्रक्रिया व कोलेजियम सिस्टम पर उंगलियां नहीं उठायीं। क्या सुप्रीम कोर्ट के रोस्टर लगाने पर ऊंगलियाँ नहीं उठी। स्वतः सुप्रीम कोर्ट के अंदर से याने सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने भी अपने मुख्य न्यायाधीश के ऊपर सार्वजनिक आरोप लगाए हैं। क्या सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के चयन में सरकारों की भूमिका नहीं होती? यदि सरकारें न्यायाधीशों का चयन करने में एक महत्वपूर्ण हिस्सा होती हैं तो उनके द्वारा चयनित न्यायाधीश भी क्या अपने चयनकर्ताओं के प्रति उदार नहीं हो सकते? मेरी राय में शीर्ष न्यायालय को सिवाय न्यायाधीशों की चयन प्रक्रिया के अन्य किसी चयन प्रक्रिया का सहभागी नहीं बनना चाहिए। बल्कि चयन प्रक्रिया को कठोरता से संवैधानिक और वैधानिक नियमों की कसौटी पर कसकर निर्णय करना चाहिए। जो भी हो, उपराष्ट्रपति की इस टिप्पणी से देश में फिर एक बार बहस शुरू होगी, क्यों कि यह सत्ता के शीर्ष से आयी है। आजकल कुछ एनजीओ चुनाव सुधार को लेकर काफी सक्रिय हैं। चुनाव आयोग भी पता नहीं किस आधार पर उन्हें अपने तंत्र का सहयोगी मानता है। इस एनजीओ की पृष्ठभूमि, आय के स्रोत और वैधानिकता क्या है, यह भी जिज्ञासा के प्रश्न हैं? कुछ दिनों से ये एनजीओ राजनीति के अपराधीकरण और चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की आपराधिक पृष्ठभूमि के बारे में चुनाव आयोग से दर्ज विचाराधीन मुकदमों के कागजात से लेकर, सूचनाएं अखबारों में जारी करते रहे हैं। इसी आधार पर चुनाव आयोग ने चुनाव सुधार के नाम पर एक नियम बनाया कि प्रत्याशियों को अपने ऊपर चल रहे मुकदमों की जानकारी नामांकन फार्म में देना चाहिए। साथ ही दो राज्यस्तरीय अखबारों व टीवी चौनलों पर प्रसारित करना चाहिए। जहां तक चुनाव आयोग को सूचना देने का प्रश्न है, मैं उससे सहमत हूं। परंतु, उसके प्रकाशन की जिम्मेदारी चुनाव आयोग को लेना चाहिए। विज्ञापन देना बहुत खर्चीला होता है। यह बोझ तो कोई ईमानदार या गरीब प्रत्याशी नहीं उठा सकता। दूसरा पक्ष यह भी है कि पुलिस थानों में दर्ज, व अदालतों में विचाराधीन मुकदमों के आधार पर किसी प्रत्याशी को अपराधी कैसे माना जा सकता है? अगर ऐसा होगा तो वह संविधान कानून व विधिक परम्परा के खिलाफ होगा। पिछले माह सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद दिल्ली के एक विधानसभा प्रत्याशी के जमानत आवेदन पर सुनवाई करते हुए कहा कि ऐसे अपराधी व्यक्ति को चुनाव लड़ने का क्या अधिकार है? ऐसी टिप्पणियां और भी प्रकरणों में की गई हैं। केवल मुकदमे दर्ज होने या एफआईआर के आधार पर प्रत्याशी को चुनाव के अयोग्य करने के पक्ष में संकेत दिए गये हैं। क्या ऐसी टिप्पणियां उचित हैं? विचाराधीन व्यक्ति को अपराधी कैसे माना जा सकता है, जब तक कि वह अपराधी सिद्ध न हो जाये? कितने ही ऐसे मुकदमे झूठे और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के होते हैं। पुलिस किसी दबाव में या रिश्वत के आधार पर ऐसे मामले बना देती है। आश्चर्य है कि उच्चतम न्यायालय ने अपनी इस टिप्पणी के लोकतांत्रिक व व्यावहारिक पक्ष पर कोई विचार नहीं किया। एक अधिकारयुक्त तानाशाह जैसी टिप्पणी कर दी। ब्रिटिश काल में देश के तमाम राष्ट्रीय नेताओं पर मुकदमे दर्ज हुए थे। आजादी के बाद भी देश के मान्य नेताओं डॉ राममनोहर लोहिया, चौधरी चरणसिंह, मोरारजी देसाई, जार्ज फर्नांडीज, मधु लिमए, इंदिरा गांधी, विजयलक्ष्मी पंडित, और ऐसे कितने ही उदाहरण दे सकते हैं जिनके ऊपर राजनीतिक कारणों से मुकदमे दर्ज किए गए, जबकि वे अपराधी नहीं थे, अपराधी सिद्ध भी नहीं हुए। अगर आज के उच्चतम न्यायालय के जजों का नजरिया उस समय होता तो ये नेता कोई चुनाव भी नहीं लड़ सकते थे, न सत्ता के शीर्ष पर पहुंच सकते थे। इसके और भी खतरनाक पक्ष हैं। आज राजनीति में घात प्रतिघात का चलन बहुत बढ़ गया है। अगर निर्णय पूर्व केवल पुलिस में दर्ज या विचाराधीन मुकदमों के आधार पर व्यक्तियों को अपराधी मानकर चुनाव लड़ने से रोका जायेगा तो भारतीय लोकतंत्र एकदलीय, एक सत्ता और एक व्यक्ति की तानाशाही में बदल सकता है। राजनीतिक सत्ता के इशारे पर किसी भी प्रत्याशी के खिलाफ कोई गलत प्रकरण दर्ज किए जा सकते हैं और वे चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित हो सकते हैं। उच्चतम न्यायालय को अपनी अनावश्यक टिप्पणियों व उपदेश से बचना चाहिए। बजाय दिखाने की आभासीय टिप्पणियों के बाध्यकारी निर्णय करना चाहिए और अपने निर्णयों और विचारों से लोकतंत्र के भविष्य व उस पर होने वाले प्रभाव के दृष्टिकोण से व दीर्घकालिक परंपरा निर्माण की दृष्टि से गहराई से विचार करना चाहिए।

अध्यात्म

## बुद्धिमान साधु से राजा हुए प्रसन्न!

बहुत पुराने समय की बात है। एक राज्य में दयालु और समझदार राजा राज्य करता था। एक बार उसी राज्य में एक बुद्धिमान साधु आया। साधु ने राजमहल के द्वार पर खड़े द्वारपालों से बोला, राजा को जाकर बताइए कि उनका भाई उनसे मिलने आया है। दोनों द्वारपाल को लगा कि शायद यह साधु पहले राजा रहे होंगे, उन्होंने ने संन्यास ले लिया है इसलिए साधु की पोशाक पहन कर आए हैं। द्वारपाल ने राजा को सूचना दी। सूचना सुनकर राजा मुस्कुराए और साधु को अंदर बुलाया। साधु ने राजा को देखकर उन्हें नमस्ते किया। राजा ने उन्हें अपने पास बैठने के लिए आमंत्रित किया। साधु ने राजा से पूछा और बताओ मेरे छोटे भाई कैसे हो? राजा ने मुस्कुरा कर कहा कि वह बढ़िया है। राजा ने साधु से पूछा कि वह कैसे हैं इस पर साधु बोले, प्यारे छोटे भाई! जिस महल में मैं रहता था, वह पुराना और जर्जर हो गया है। कभी भी टूटकर गिर सकता है। मेरे 32 नौकर थे वे भी एक-एक करके चले गए। पाँचों रानियाँ भी वृद्ध हो गयीं और अब उनसे कोई काम नहीं होता। अगर तुम मेरी थोड़ी मदद कर पाते तो बड़ी कृपा होती। यह सब सुनकर राजा ने साधु को 10 सोने के सिक्के देने का आदेश दिया। साधु ने राजा से कहा, छोटे भाई यह तो काफी कम है। मैं तो अधिक की अपेक्षा कर रहा था। इस पर राजा बोले, अचानक हमारे राज्य में सूखा पड़ा गया है, मैं आपको अभी नहीं दे पाऊंगा। इस पर साधु बोले, भाई तुम मेरे साथ दूसरे देश चलो जो समुंदर के दूसरी तरफ है, वहां पर काफी सोने की खदान है। राजा ने कहा कि उनके पास अभी पानी के जहाज नहीं हैं। इस पर साधु बोले, चिंता ना करो भाई! मेरे पास आधुनिक शक्ति है! मेरे पैर समुद्र में पढ़ते से ही समुद्र सूख जाएगा। राजा ने आश्चर्य से कहा, क्या आप सच कह रहे हैं? साधु ने कहा, हां बिल्कुल! जरा सोचो मेरे पैर तुम्हारे राज्य में पड़े और तुमने मुझसे कहा कि राज्य में अचानक से सूखा पड़ गया है। यह सब सुनकर राजा मुस्कुराए और उन्होंने साधु को 100 सोने के सिक्के देने की घोषणा की। साधु ने राजा से सोने के सिक्के लिए और उन्हें धन्यवाद देते हुए वहां से चलने लगे। जाते हुए साधु से राजा ने आग्रह किया कि वह कल उनसे फिर से मिलने आए। यह सारी चीजें सभा में बैठे हुए सारे मंत्री देख रहे थे। उन्होंने राजा से कहा, महाराज! जहां तक हम जानते आपका तो कोई भाई नहीं है। आप इतने होशियार हैं, हमेशा समझदारी से काम लेते हैं फिर आप इस साधु की बातों में कैसे आ गए? भला किसी के पैर पढ़ते ही सूखा पड़ सकता है? राजा ने अपने मंत्री को समझाते कहां, भाग्य के दो पहलु होते हैं, राजा और रंक! इस नाते उसने मुझे अपना भाई कहा। जर्जर महल से उसका मतलब उसके बूढ़े शरीर से था। 32 नौकर उसके दांत थे और 5 वृद्ध रानियाँ, उसकी 5 इन्द्रियां। समुद्र के बहाने उसने मुझे उलाहना दिया कि राजमहल में उसके पैर रखते ही मेरा राजकोष सूख गया, क्योंकि मैं उसे मात्र 10 सिक्के दे रहा था, जबकि मेरी हैसियत उसे सोने से तौल देने की है। इसीलिए उसकी बुद्धिमानी से प्रसन्न होकर मैंने उसे 100 सिक्के दिए और कल से मैं उसे अपना सलाहकार नियुक्त करूँगा।

# घिबली व एनीमे- जापानी 'कल्चरल सुपरपावर' से भारत को सीख

**अचानक ही घिबली का सोशल मीडिया पर एक उफान दिख रहा है, यह ट्रेंड कर रहा है। इस घिबली ट्रेंडिंग की दीवानगी के बीच हमें भारत की आत्मनिर्भरता की पीड़ा पर भी विचार करना चाहिए। एक नागरिक दायित्व के रूप में यदि हम भारत में बने किसी सोशल मीडिया प्लेटफार्म या ह्व के लिए ऐसा प्रयास दिखाएँ तो भारत, भारतीयता एवं भारत के नागरिकों के साथ सोशल मीडिया पर हो रहे दोहरे व्यवहार के विरुद्ध हम एक संगठित शक्ति के रूप में खड़े दिख सकते है। लेकिन दुर्भाग्य से हम भारतीय ऐसा नहीं करते हैं। एनीमे ने जापान को एक 'कल्चरल सुपरपावर' के रूप में स्थापित किया, इसकी दीवानगी पूरे विश्व में दिख रही है।**

**शिवेश प्रताप**

स्टूडियो घिबली न केवल जापान की एनीमे इंडस्ट्री का एक प्रमुख स्तंभ है, बल्कि यह जापान की सांस्कृतिक सॉफ्ट पावर को वैश्विक स्तर पर मजबूत करने का एक प्रमुख माध्यम भी है। इसकी शुरुआत 1985 में हायाओ मियाज़ाकी और इसाओ ताकाहाता ने की थी। स्टूडियो ने अपनी गहरी भावनात्मक कहानियों, पर्यावरणीय संदेशों, सांस्कृतिक मूल्यों और असाधारण एनीमेशन के माध्यम से पूरी दुनिया में जापानी संस्कृति और विचारधारा का प्रसार किया।

विचारणीय है की 145 करोड़ की आबादी वाले भारत से ऐसे नए विचार, अभिनव नवाचार और व्यवहार बाहर क्यों नहीं आते हैं? क्या इतनी विपुल आबादी का देश दूसरे देशों की उत्पाद क्रांति का खाद-पानी मात्र ही बनकर रहेगा या अपने स्वत्व के बोध से ऐसे सोशल मीडियाई और डिजिटल नवाचारों का भी उदय भी करेगा, जहाँ भारतीय दोयम दर्जे के नागरिक बन अपने संस्कृति, परंपरा और समाज के लिए ट्रोल न किये जाएँ? हमारा रचनात्मक जगत पश्चिमी विश्व के अंधे अनुकरण में किस कदर डूबा है इसकी बानगी अभी हाल ही में एक विवादित कोमेडी शो के दौरान एक अत्यंत अशोभनीय टिप्पणी के साथ उजागर हुई जहाँ यह संवाद भी पश्चिमी टीवी शो की नक़ल कर के बोला गया था। भारत में अभिनय, फिल्म उद्योग तो छोड़िये रियलिटी शो में भी संवाद नक़ल से आ रहे हैं। जापान ने एनीमे के माध्यम से सॉफ्ट पावर को एक रणनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया है। सॉफ्ट पावर का तात्पर्य है कि किसी देश की सांस्कृतिक, राजनीतिक, और वैचारिक ताकतें दूसरों को आकर्षित और प्रभावित कर सकें।

टोटोरो फॉरेस्ट और स्प्राइटेड अवे से प्रेरित लोकेशन्स जापान में पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र हैं। एनीमे के माध्यम से लाखों लोगों ने जापानी भाषा और संस्कृति को सीखने में रुचि दिखाई है। जापानी सरकार ने एनीमे को कूल जापान इनिशिएटिव का हिस्सा बनाया है, जिसमें 2025 तक 1 ट्रिलियन येन का निवेश किया गया है। स्टूडियो घिबली ने जापानी सॉफ्ट पावर को तीन तरीकों से मजबूत किया है। फिल्मों में गहरे नैतिक और मानवीय संदेश होते हैं, जो वैश्विक दर्शकों से जुड़ते हैं। घिबली की फिल्मों ने 120 से अधिक देशों में प्रदर्शित होकर जापानी संस्कृति को लोकप्रिय बनाया। Totoro जैसे कैरेक्टर्स जापान के सांस्कृतिक आइकन बन गए हैं।

स्टूडियो घिबली और एनीमे ने जापान को केवल आर्थिक लाभ ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और कूटनीतिक मजबूती भी प्रदान की है। एनीमे अब एक वैश्विक भाषा बन चुकी है, जो जापान की परंपराओं और मूल्यों को दुनिया भर में पहुंचा रही है। घिबली का योगदान, जापान की सॉफ्ट पावर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में मील का पत्थर साबित हुआ है।

1980 के दशक के अंत में, रामायण से प्रभावित होकर जापानी निर्देशक युगो साको ने प्रसिद्ध भारतीय एनिमेटर राम मोहन के साथ मिलकर इस महाकाव्य की एक एनीमे-शैली में निर्देशित करने का निर्णय लिया। इस इंडो-जापानी संयुक्त निर्माण का नाम 'रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम' था। लगभग .13 मिलियन के बजट के साथ निर्मित यह फिल्म पाँच वर्षों में पूरी हुई और 1992 में रिलीज़ हुई। इस फिल्म में भगवान राम की कहानी को अद्भुत दृश्यों, विस्तृत पात्र-डिज़ाइन, और संगीतकार वानराज भाटिया द्वारा तैयार किए गए एक प्रभावशाली बैकग्राउंड स्कोर के साथ प्रस्तुत किया गया। इसे हिंदी, अंग्रेजी और जापानी सहित 20 से अधिक भाषाओं में डब किया गया और यह केवल भारत और जापान में ही नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण-पूर्व एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका में भी दर्शकों तक पहुँची।

इस एनिमेटेड रामायण को विशेष बनाने वाली बात इसकी सांस्कृतिक विवरणों पर बारीकी से ध्यान देना था। युगो साको ने प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए 10 से अधिक भारतीय विद्वानों से परामर्श लिया और एनिमेशन शैली में जापानी एनीमे और भारतीय कला के तत्वों को शामिल किया। यह फिल्म 1993 में कान्स फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित हुई और अपनी सांस्कृतिक सीमाओं को पार करने वाली कहानी के रूप में आलोचकों द्वारा सराही गई।

यह फिल्म निर्माण में वैश्विक सहयोग का एक प्रमुख उदाहरण बन गई और इसे धर्म (कर्तव्य), साहस और समर्पण जैसे रामायण के मूल्यों को वैश्विक दर्शकों तक पहुँचाने के लिए प्रशंसा प्राप्त किया। इस फिल्म की स्थायी विरासत यह दर्शाती है कि कैसे पारंपरिक भारतीय महाकाव्य, आधुनिक कहानी कहने के माध्यमों के साथ, सांस्कृतिक और भाषाई बाधाओं को पार कर सकते हैं और भारत की आध्यात्मिक धरोहर को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित कर सकते हैं।कितने दुर्भाग्य की बात है की भारत ने यदि युगो साको के इस कार्य से सीखा होता तो आज इस उद्योग में भारत की भी एक बड़ी हिस्सेदारी होती लेकिन पश्चिम के अन्धानुकरण ने हमें अपने अभिनवता को उजागर ही नहीं होने दिया। भारत अपनी समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत के माध्यम से वैश्विक स्तर पर अपनी सांस्कृतिक सॉफ्ट पावर को सुदृढ़ कर सकता है। जैसे जापान ने एनीमे और स्टूडियो घिबली के माध्यम से अपनी संस्कृति को विश्वभर में लोकप्रिय बनाया है, भारत भी रामायण और महाभारत जैसे अपने प्राचीन महाकाव्यों को उच्च-गुणवत्ता वाले एनिमेटेड श्रृंखला, फिल्मों और डिजिटल कहानी कहने के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। मल्टीमीडिया संस्करण, गेमिफाइड लर्निंग टूल्स और वर्चुअल अनुभवों के साथ एक इंटरएक्टिव डिजिटल इकोसिस्टम में विस्तारित किया जा सकता है। इसके अलावा, बॉलीवुड और क्षेत्रीय सिनेमा को मात्र नकलची डायलाग एवं विदेशी फैशन के अंधे अनुकरण से हटकर सिनेमा को रणनीतिक रूप से प्रचारित करना चाहिए, ताकि भारत के मूल्य, परंपराएं और आधुनिक आकांक्षाएं विश्व के दर्शकों के सामने प्रस्तुत की जा सकें।भारत जापान की कूल जापान इनिशिएटिव से प्रेरणा लेकर 'कूल इंडिया' जैसे अभियान शुरू कर सकता है, जो भारतीय सांस्कृतिक विरासत, कला रूपों और नवाचारों को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने पर केंद्रित हो। इस पहल के तहत भारत योग, आयुर्वेद, पारंपरिक शिल्प, शास्त्रीय संगीत और नृत्य जैसी अपनी ताकतों का उपयोग कर सकता है। भारतीय पौराणिक कथाओं, लोककथाओं और इतिहास पर आधारित उच्च-गुणवत्ता वाली डिजिटल सामग्री, जैसे एनिमेटेड श्रृंखला, डॉक्यूमेंट्री और वर्चुअल रियलिटी अनुभव, वैश्विक दर्शकों को आकर्षित कर सकते हैं। इसके साथ ही, अंतरराष्ट्रीय स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स, सांस्कृतिक महोत्सवों और संग्रहालयों के साथ साझेदारी करके भारत अपनी कहानियों और सांस्कृतिक खजाने को व्यापक दर्शकों तक पहुंचा सकता है।इस प्रयास को और मजबूत बनाने के लिए भारत प्रमुख विदेशी शहरों में सांस्कृतिक केंद्र और उत्कृष्टता के हब स्थापित कर सकता है, जहां भारतीय कला, शिल्प, प्रदर्शन और कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए। इन प्रयासों को युवा दर्शकों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया जाना चाहिए, ताकि भारतीय संस्कृति को आकर्षक और प्रासंगिक बनाया जा सके। यह न केवल भारत की सांस्कृतिक कूटनीति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि भारत की वैश्विक छवि को एक प्रगतिशील और गहरी जड़ों वाले राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करेगा। आधुनिक मीडिया तकनीकों को भारत की समृद्ध विरासत के साथ जोड़कर, भारत एक वैश्विक सॉफ्ट पावर नेता के रूप में अपनी पहचान बना सकता है, ठीक वैसे ही जैसे जापान ने अपनी एनीमे और डिज़ाइन इंडस्ट्री के माध्यम से किया है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। परिजनों के साथ धार्मिक कार्यों में सम्मिलित हो सकते हैं। तकनीकी विषयों पर आप अपना ज्ञान बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

**वृषभ**
बड़े-बुजुर्गों की सेहत का ध्यान रखें। घर की कोई वस्तु खराब हो सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामले अटकने के योग बन रहे हैं। आय के अवसर कम हो सकते हैं।

**मिथुन**
बिना माँगे किसी को सलाह न दें। चोट लगने की सम्भावना है इसीलिये आपको सावधानी रखनी चाहिये। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी।

**कर्क**
सरकारी नौकरी की चाह रखने वालों को यश प्राप्त होगा। साहित्य और मीडिया से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। कठोर शब्दों का प्रयोग न करें।

**सिंह**
आज आप काफी शान्त मूड में रहेंगे। अनुभवी व्यक्तियों की सलाह से आपको कारोबार में लाभ मिलेगा। अपनी प्रतिभा का अच्छा उपयोग कर पायेंगे।

**कन्या**
कारोबार में परेशानी होने के योग बन रहे हैं। कोई महत्वपूर्ण वस्तु गुम हो सकती है। आपका मन परेशान रहेगा। सर्दी और एलर्जी के कारण आपको कठिनाई होगी।

**तुला**
व्यापार में अपनी कार्यशैली में बदलाव लाना पड़ सकता है। जीवनसाथी और बच्चों के साथ समय बितायेंगे। सोशल मीडिया का प्रयोग सावधानी से करें।

**वृश्चिक**
राजनीति से जुड़े लोगों के लिये दिन बहुत ही शानदार है। बढ़ते खर्चों को कम करने में सफल होंगे। कार्यक्षेत्र की बाधायें दूर होंगी।

**धनु**
आपको अनावश्यक यात्रा करनी पड़ सकती है। लवमेट के साथ लन्च करने जा सकते हैं। कुछ लोग आपसे धन उधार माँग सकते हैं। किसी से बहसबाजी न करें वरना आपको कठिनाई होगी।

**मकर**
करियर को लेकर तनाव दूर होगा। पहले की गयी मेहनत का अच्छा लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। परिस्थितियों को लेकर थोड़े परेशान होंगे।

**कुंभ**
मन में नकारात्मक विचार न आने दें। पुराने उधार को चुकाने में मुश्किलें आयेंगी। माता की सेहत का ध्यान रखें। सिर में दर्द और भारीपन हो सकता है।

**मीन**
जॉब में बदलाव करने के योग बन रहे हैं। दोस्तों के साथ आप समय बितायेंगे। रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। आपकी निष्ठा से लोग प्रेरणा लेंगे।

# पटना-आरा-सासाराम फोरलेन समेत अन्य योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

## सीओ, डीसीएलआर, एसडीओ को भूमि अधिग्रहण कार्य पूरा करने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**आरा।** डीएम तनय सुल्तानिया ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से एनएच-119ए (पटना-आरा-सासाराम) फोरलेन परियोजना, ग्रामीण कार्य विभाग व पथ निर्माण विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान डीएम ने बताया कि पटना-आरा-सासाराम राष्ट्रीय राजमार्ग भारत सरकार की एक अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है, जिसे गत सप्ताह केंद्रीय मंत्रिपरिषद से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने संबंधित अंचलाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, अनुमंडल अधिकारी को बचे हुए भूमि अधिग्रहण कार्य को अविलंब पूर्ण करने तथा भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को इस कार्य का सतत अनुश्रवण करने तथा परियोजना निदेशक, एनएचएआई, सासाराम एवं पटना को मुआवजा भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा गया। उसमें आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। डीएम ने कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग (आरा,पीरो) को लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए भूमि अधिग्रहण की अधियाचना अविलंब भू-अर्जन कार्यालय भेजने का निर्देश दिया। साथ ही शाहाबाद पथ प्रमंडल, आरा को संचालित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का आदेश दिया। उन्होंने परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, परियोजना निदेशक (एनएचएआई पटना और सासाराम), अनुमंडल पदाधिकारी (सदर आरा, जगदीशपुर, पीरो), उपसमाहर्ता भूमि सुधार (सदर आरा और पीरो), कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग (आरा, पीरो, और जगदीशपुर), कार्यपालक अभियंता शाहाबाद पथ प्रमंडल आरा, तथा अंचलाधिकारी (तरारी, चरपोखरी, गड़हनी, कोईलवर, उदवंतनगर, सहार, संदेश, और बड़हरा) समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## आरा-बबुरा रोड पर मनभावन चौक के समीप स्लिप रोड निर्माण से जाम की समस्या हुई कम : डीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा/कोइलवर।** डीएम तनय सुल्तानिया के निर्देश पर कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग द्वारा मनभावन चौक पर आरा-बबुरा रोड में स्लिप रोड का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस नई सुविधा से अब पटना और भोजपुर की ओर से आने वाली बालू लदी गाड़ियां बिना किसी रुकावट के दो लेन में आरा-बबुरा सड़क पर प्रवेश कर पा रही हैं, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या काफी हद तक समाप्त हो गई है। स्लिप रोड बनने से अब वाहनों को मुड़ने के लिए अधिक जगह मिल रही है, जिससे रोड पर ट्रैफिक सुगमता से प्रवाहित हो रहा है। सड़क दुर्घटनाओं पर भी नियंत्रण स्थापित हुआ है। इसके अतिरिक्त, यदि किसी कारणवश मनभावन चौक पर कोई बालू लदा वाहन ब्रेकडाउन हो जाता है, तो भी एक लेन खाली रहने के कारण परिवहन प्रभावित नहीं होता है।



## सपा सांसद रामजीलाल सुमन का कथित रूप से अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ पुतला दहन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**आरा।** महावीर शिरोमणी राणा सांगा पर सपा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा कथित रूप से की गयी अमर्यादित टिप्पणी के खिलाफ राष्ट्रीय कुंवर सेना क्षत्रीय करणी सेना, अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा, राजपा सत्य, आशा पार्टी, पूर्व प्रधानमत्री चंद्रशेखर विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में आरा के जय प्रकाश प्रतिमा स्थल पर मंगलवार को पुतला दहन किया गया। अध्यक्षता क्षत्रीय करणी सेना के जिलाध्यक्ष विश्वजीत प्रताप सिह ऊर्फ पिन्टु सिंह, संचालन राष्ट्रीय कुंवर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्मल सिह शक्रवार ने किया। सभा को संबोधित करते हुए निर्मल सिह ने कहा कि राणा सांगा ने भारत की पौराणिक आजादी को बनाये रखने के लिए अंतिम समय तक युद्ध लडा और अपनी शहादत दी। भारत के इतिहास में महाराणा प्रताप, कुंवर सिह, राणा सांगा को भुलाया नही जा सकता। ये सब आजादी के प्रतिक है। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर विचार मंच के राष्ट्रीय संयोजक जद यू नेता हरेन्द्र सिह तोमर ने कहा कि सांसद को चंद्रशेखर जी के समन्वयकारी समाजवादी राजनीति से सिख लेनी चाहिए। रामजी लाल सुमन को भारत के इतिहास को बेवजह विद्रुप करते हुए समाज को बांटने का काम करनेवाले बयान से बचनी चाहिए थी। जाति धर्म के नाम पर बंटवारे की साजिश की तरह यह बयान है। अखिलेश यादव को ऐसे सांसद को तत्काल पार्टी से बर्खास्त करने की मांग की है। कार्यक्रम में जितेन्द्र सिह सचिव रा कुंवर सेना, डा रधुवर प्रसाद चंद्रवंशी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय कुंवर सेना, दिनेश सिह, नेमी सिह, रोहित सिह, गौतम सिह, मुना सिह, सोहित सिह, महंथ सिह जिलाध्यक्ष कुंवर सेना सह प्रदेश महासचिव आसा पार्टी, पपू सिह, बिरेन्द्र बहादुर ऊर्फ बच्चा बाबु, भुपेन्द्र सिंह, हरखेन कुमार सिह, ठाकुर राज किशोर सिह, टुनटुन सिह, तारकेश्वर पाण्डेय, अंकित राय, सत्येन्द्र सिह, दारा सिह, बुटन सिह, कन्हैया सिह महाप्रभू, पेरी सिह, अभिनव शर्मा, धन्यवाद ज्ञापन धर्मयोद्धा राजकुमार सिह ऊर्फ एसपी सिह थे।

## कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** पूरे देश में एनपीएस/ यूपीएस के विरोध में, (ओपीएस) पुराना पेंशन के पक्ष में काला बिल्ला बांधकर कर्मचारियों ने अपने कार्यालय में मंगलवार को कार्य संपादित किया। भोजपुर में भी विभिन्न कार्यालय, विद्यालय के कर्मचरियों ने पुराना पेंशन लागू करने, यूपीएस, एनपीएस निजीकरण नहीं चाहिए सहित अन्य समस्याओं के साथ अपना वक्तव्य जारी किया। नेतृत्व बिहार राज्य कर्मचारी महासंघ गोपगुट के जिला सचिव उमेश कुमार सुमन, जिलाध्यक्ष रामानन्द सिंह, धर्म कुमार, अवधेश पासवान, रमेश कुमार, केदारनाथ सिंह ध्रुव पंडित, कुबेर कुमार, मनोज कुमार, वीरेन्द्र कुमार, विनय कुमार, दीपक कुमार, ने किया। सभी साथी अपने अपने कार्यालय में काला बिल्ला अभियान चलाया। सुमन जी ने कहा कि पुराना पेंशन 2004 में बंद किया गया, और न्यू पेंशन योजना लागू किया गया, जिसका विरोध देश के विभिन्न क्षेत्रों के कर्मियों पदाधिकारियों ने किया। बहुत संघर्ष आंदोलन चला, देश के सभी सेक्टर के कर्मचारियों ने अनवरत आंदोलन किया। दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में पूरे देश के विभिन्न क्षेत्रों से कर्मचारी उपस्थित हुए। पुराना पेंशन लागू करने के लिए केंद्र सरकार से आह्वान किया। पुनः पटना के संजय गांधी स्टेडियम में एनएमओपीएस के प्रदेश इकाई के आह्वान पर पूरे प्रदेश के कर्मचारी पदाधिकारी उपस्थित हुए। पुराना पेंशन लागू करने के लिए बिहार सरकार से अपील किये। आज काला बिल्ला कार्यक्रम पूरे देश के कर्मचारी काला बिल्ला लगाकर अपने कार्यालय में कार्य किये, 1 मई को दिल्ली के जंतर-मंतर पर महा धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## चौसा पावर प्लांट को बड़ी सुविधा, गति शक्ति टर्मिनल की कमिशनिंग पूर्ण

### स्टेशन पर बढ़ी मालगाड़ियों की क्षमता, अब प्रतिदिन 2-3 रेक की हो सकेगी हैंडलिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** जिले के चौसा में प्रस्तावित थर्मल पावर प्लांट को अब रेलवे से कोयला आपूर्ति और मालवाहन में कोई दिक्कत नहीं होगी। चौसा स्टेशन पर गतिशक्ति टर्मिनल की कमिशनिंग का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है, जिससे अब यह टर्मिनल प्रतिदिन 2-3 रेक को आसानी से संभालने में सक्षम होगा। इससे पावर प्लांट को आवश्यक कोयला और अन्य संसाधनों की आपूर्ति तेजी से हो सकेगी। स्टेशन की परिचालन क्षमता बढ़ने के कारण अब मालगाड़ियों की आवाजाही पहले से अधिक सुचारू और व्यवस्थित होगी। बक्सर रेलवे स्टेशन के स्टेशन मैनेजर विंध्याचल पांडेय ने बताया कि दानापुर मंडल के पटना- पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन रेलखंड पर स्थित चौसा स्टेशन के यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य 31 मार्च 2025 को रात 1.15 बजे पूरा कर लिया गया। इस परियोजना के तहत गतिशक्ति टर्मिनल के साथ-साथ कई अन्य महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं, जिससे रेलवे नेटवर्क अधिक सक्षम और प्रभावी हो गया है। खासतौर पर, चौसा यार्ड में नवनिर्मित 766 मीटर लंबी साइडिंग सीधे गतिशक्ति टर्मिनल से जुड़ गई है, जिससे लंबी दूरी की मालगाड़ियों की आवाजाही आसान हो गई है।

**उन्नत सिग्नलिंग प्रणाली से ट्रेनों का संचालन होगा बेहतर**

चौसा स्टेशन की सिग्नलिंग प्रणाली को भी पूरी तरह से उन्नत कर दिया गया है। रिले रूम में इनडोर सर्किट का विस्तार करते हुए मार्गों की संख्या 17 से बढ़ाकर 27 कर दी गई है। इससे ट्रेनों की संख्या और संचालन क्षमता में वृद्धि होगी। इसके अलावा, डाउन लूप लाइन को भी विस्तारित किया गया है, जिससे इसकी लंबाई 695 मीटर से बढ़कर 975 मीटर हो गई है। इससे लंबी दूरी की रेक को समायोजित करना अधिक आसान होगा और मालगाड़ियों के ठहराव व संचालन में सुविधा मिलेगी।

रेलवे प्रशासन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन की दिशा में स्थित आपातकालीन क्रॉस-ओवर को 280 मीटर स्थानांतरित कर दिया है, जिससे डाउन मेन लाइन की कुल लंबाई भी बढ़ गई है। यह बदलाव रेलवे नेटवर्क को अधिक सुव्यवस्थित करने और ट्रेनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए किया गया है। साथ ही, चौसा स्टेशन के डाउन होम सिग्नल को भी पुनर्स्थापित कर दिया गया है। पहले यह राइट हैंड साइड पर था, जिसे अब लेफ्ट हैंड साइड पर स्थानांतरित कर दिया गया है। इस बदलाव से लोको पायलट को सिग्नल देखने में अधिक स्पष्टता मिलेगी और परिचालन सुरक्षा में वृद्धि होगी।

**नया ऑपरेटिंग पैनल और शंट सिग्नल से मिलेगी तकनीकी मजबूती**

इस परियोजना के तहत पुराने ऑपरेटिंग पैनल को हटाकर नया आधुनिक ऑपरेटिंग पैनल लगाया गया है, जो गतिशक्ति टर्मिनल और स्टेशन के दोनों छोर के इंटर-बॉयल हेड को नियंत्रित करेगा। इसके अलावा, अप और डाउन मेन लाइन से गतिशक्ति टर्मिनल में प्रवेश करने और बाहर निकलने के लिए नए शंट सिग्नल भी लगाए गए हैं। यह तकनीकी सुधार न केवल परिचालन को आसान बनाएंगे, बल्कि रेलवे की दक्षता और सुरक्षा को भी बढ़ाएंगे।

**चौसा स्टेशन और पावर प्लांट को होंगे कई लाभ**

इस परियोजना से चौसा स्टेशन और पावर प्लांट को कई महत्वपूर्ण लाभ होंगे। सबसे बड़ा लाभ यह है कि अब स्टेशन सीधे गतिशक्ति टर्मिनल से जुड़ गया है, जिससे मालगाड़ियों का संचालन अधिक सुगम हो गया है। टर्मिनल की क्षमता बढ़ने से अब प्रतिदिन 2-3 रेक को आसानी से संभाला जा सकेगा, जिससे पावर प्लांट को कोयले की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इसके अलावा, डाउन मेन लाइन और लूप लाइन की लंबाई बढ़ने से लंबी दूरी की मालगाड़ियों को अधिक सुगमता से संचालित किया जा सकेगा।

**रेलवे नेटवर्क को मिलेगा नया आयाम**

रेलवे के इस बड़े प्रोजेक्ट की सफलता न केवल चौसा स्टेशन को एक आधुनिक परिवहन केंद्र बनाएगी, बल्कि पूरे दानापुर मंडल के रेलवे नेटवर्क को भी मजबूत करेगी। इससे माल परिवहन में तेजी आएगी और भविष्य में औद्योगिक इकाइयों को भी लाभ मिलेगा। चौसा पावर प्लांट के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो इसकी उत्पादन क्षमता और संचालन को और बेहतर बनाएगी।

## एक नजर

### पत्रकार की पत्नी का निधन

**आरा/जगदीशपुर ( भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दैनिक आज़ अखबार आरा के प्रभारी अजय कुमार सिन्हा को धर्मपत्नी नीरू सिन्हा ( 60 ) की पटना के पारस अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। हालांकि स्वर्गीय नीरू सिंन्हा जी के दो पुत्र और एक पुत्री को छोड़कर चल बसी। हालांकि इस मर्माहत से परिवार में दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा। वही भोजपुर जिले में पत्रकारों में भी काफी मायूसी छाई रही। जगदीशपुर के पत्रकार अशोक कुमार ने बताया कि स्व नीरू सिन्हा जी काफी मिलनसार एवं नेकदिल इंसान महिला थी। जबकि सोमवार को पार्थिव शरीर आरा के गांगी पर दाह संस्कार किया गया। आरा प्रभारी अजय सिन्हा जी काफी मर्माहत होकर मायूस दिखें। सांत्वना देने वाले अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रेम मौर्य, पत्रकार नीतीश आर्यन, पत्रकार अमित यादव, पत्रकार सूरज राठी, पत्रकार केमिकल अली, पत्रकार अभिषेक हर्षवर्धन, पत्रकार विजय मिश्रा, पत्रकार कुवंर संजीत सिंह, पत्रकार राजकुमार वर्मा, जदयू के जिला महासचिव संजय यादव, मनदीप कुशवाहा, अभिषेक सिन्हा , प्रमोद कुमार गिरी उनके प्रति 2 मिनट का मौन धारण कर शोक संवेदना व्यक्त किया। समेत आज अखबार परिवार में काफी मायूसी छाई हुई है।

### रैली की तैयारी को लेकर बैठक

**संदेश/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संदेश प्रखंड स्थित विद्यानंद शहीद भवन में प्रशांत किशोर के नेतृत्व में जन सुराज पार्टी की बिहार बदलाव रैली, जोरदार तैयारी को लेकर मंगलवार को बैठक किया गया। यह रैली 11 अप्रैल 2025 को पटना के गांधी मैदान में किया जाएगा। यह ऐतिहासिक रैली बिहार को नई दिशा और युवाओं को बेहतर भविष्य की ओर कदम बढ़ाने के उद्देश से प्रशांत किशोर के नेतृत्व में बिहार बदलाव रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली को सफल बनाने के लिए प्रदेश युवा अध्यक्ष आनंद मिश्रा की अध्यक्षता संदेश में एक बैठक किया गया। बैठक में प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारी एवं संदेश प्रखंड के 11 पंचायत के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदेश युवा अध्यक्ष आनंद मिश्रा ने बताया कि यह रैली केवल राज नीति आयोजन नहीं बल्कि यह बिहार को बदहाली से निकालने के लिए संकल्प है। महारैली को सफल बनाने के लिए प्रखंड स्तर पर व्यापक तैयारी की जा रही है। इस दौरान कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान में जोड़े और प्रत्येक गांव एवं पंचायत में जन संपर्क अभियान चलाया जाए। प्रखंड में बैठक कर सुनिश्चित किया गया कि 11 अप्रैल को पटना के गांधी मैदान में अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित हों। अपने अपने क्षेत्रों में प्रचार प्रसार करने बैनर लगाने के लिए लोगो को जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई । यह रैली बिहार में सुशासन और पारदर्शी प्रशासन की मांग को बुलंद करना है। युवाओं को रोजगार और शिक्षा में नए अवसर उपलब्ध कराने पर जोर देना है। भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन और बुनियादी ढांचे के विकाश के लिए है। व्यापक रणनीति पर चर्चा। किसान,श्रमिक और आम जनता के हितों की रक्षा के लिए मजबूत नीति निर्माण पर बल देना। इस दौरान पार्टी के जिला अध्यक्ष अभय सिंह, चंद्रभानु गुप्ता, सतेंद्र मेहता, ओम सिंह, सोनू पासवान, कमलेश तिवारी, वीरेंद्र राय, नीलेंदु चौबे, अरुण चौबे समेत जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने खोले पांच नए बैंकिंग आउटलेट

**मुंगेर/बेगूसराय/बांका/सीवान/मुजफ्फरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने बिहार में अपनी बैंकिंग सेवाओं का विस्तार करते हुए खड़गपुर (मुंगेर), साहपुर कमाल (बेगूसराय), बौसी (बांका), नौतन (सीवान) और दरहा चौसाझ (मुजफ्फरपुर) में पांच नए बैंकिंग आउटलेट खोलने की घोषणा की है। इसके साथ ही, अब बैंक के बिहार में 272 और देशभर में कुल 1092 आउटलेट हो गए हैं। इन नए आउटलेट्स के माध्यम से स्थानीय निवासियों को बचत खाता, चालू खाता, सावधि जमा और आवर्ती जमा जैसी बैंकिंग सुविधाओं के साथ-साथ आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के विरुद्ध ऋण, बीमा और निवेश सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। बैंक की डिजिटल बैंकिंग क्षमताएं, एटीएम नेटवर्क और ऑनलाइन सेवाएं ग्राहकों को आधुनिक और सुविधाजनक बैंकिंग अनुभव प्रदान करेंगी। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा, ल्हमारी नई शाखाओं का उद्घाटन बिहार में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। खड़गपुर, साहपुर कमाल, बौसी, नौतन और दरहा चौसाझ जैसे क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं लाकर हम स्थानीय उद्यमों को समर्थन देने और समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का लक्ष्य रखते हैं। उन्होंने आगे कहा कि खड़गपुर ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर से समृद्ध है, साहपुर कमाल कृषि और औद्योगिक गतिविधियों का केंद्र है, बौसी में मजबूत उद्यमशीलता की भावना है, नौतन आर्थिक विकास का हब बन रहा है, और दरहा चौसाझ में तेजी से नए अवसर उभर रहे हैं। हमारी बैंकिंग सेवाएं इन क्षेत्रों की प्रगति और समृद्धि में योगदान देंगी। बैंक अपने संयुक्त देयता समूह मॉडल के माध्यम से कम आय वाले व्यक्तियों और छोटे व्यवसायियों को माइक्रो-बैंकिंग ऋण प्रदान करेगा। यह मॉडल सहकर्मी-गारंटी प्रणाली पर आधारित है, जिसमें ऋण प्राप्त करने के लिए व्यक्तिगत संपार्श्विक की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि समूह में आपसी सहयोग से ऋण अनुशासन सुनिश्चित किया जाता है।

## विधायक ने नगर के महावीर मंदिर में लगाया 51 किलो लड्डू का भोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**जगदीशपुर/भोजपुर।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी की सफलता और उनके स्वस्थ होकर पटना लौटने की प्रार्थना करने वाले विधायक राम विशुन सिंह लोहिया ने मंगलवार को अपनी मन्नत पूरी कर ली।

मनोकामना पूर्ण होने पर विधायक ने नगर के महावीर मंदिर में 51 किलो लड्डू का भोग लगाया। इसके पूर्व मंदिर के पुजारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधायक को पूजा अर्चना कराई। प्रसाद के रूप में लड्डू का भोग लगाया गया। इस दौरान विधायक ने सभी के बीच प्रसाद स्वरूप लड्डू का वितरण किया व राजद सुप्रीमो की बजरंगबली से लंबी उम्र की कामना की। विधायक ने कहा कि जो मन्नत मांगे थे पूरा होने पर चैत नवमी पर मंगलवार को महावीर मंदिर में 51 किलो लड्डू चढ़ाकर जो मन्नत किए थे वह पूरा कर दिया। विधायक ने कहा कि लालू प्रसाद यादव अपने कार्यकाल में नेता नहीं, बल्कि जनता की सेवक बनकर सेवा करने का काम किया। उन्होंने अपने कार्यकाल में दलित महादलित, अल्पसंख्यक गरीब किसान नौजवान को आगे बढ़ाने का काम किया।

उन्होंने कभी अपनी मान सम्मान से समझौता नहीं किया। आज हमारे नेता के पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव अपने पिता के मार्गदर्शन लेकर बिहार के लोगों और बिहार को बेहतर बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जब मौका मिला तेजस्वी यादव को तो उन्होंने 17 महीने में 500000 लोगों को नौकरी दिया। 300000 नौकरी प्रक्रियाधिन कराया। 2025 में सरकार बनने पर महिलाओं को ?2500 दिया जाएगा। पेंशन योजना को बढ़ाकर 1500 किया जाएगा। 500 में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। युवाओं के प्रतियोगिकी परीक्षा के लिए फ्री में परीक्षा रहने और खाने-पीने की व्यवस्था रहेगी। विधायक ने रोहिणी आचार्य को बिहार की आदर्श बेटी बताया। इस मौके पर भोला खान प्रखंड अध्यक्ष, देव सुन्दर सिंह विधायक प्रतिनिधि, चनेश्वर सिंह, राम सिंघासन सिंह, विजय मुसहर, सुनील शर्मा, अमित सिह पैक्स अध्यक्ष, विश्वनाथ सिंह मुखिया, मूनजी सिंह, अजय सिंह, हरि शंकर सिंह मुखिया, अनिल सिंह प्रभारी, श्री भगवान सिंह, मनोज सिंह, दिनेश सिंह पैक्स अध्यक्ष, जितेंद्र नट, आशीष दास सहित जगदीशपुर विधान सभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## बदलते मौसम में आयुर्वेदिक डाइट से रखें सेहत का ध्यान : डॉ. मधुमिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मौसम बदलने के साथ ही स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ने लगती हैं। ठंड खत्म होने और गर्मी की शुरुआत के इस संधिकाल में विशेष रूप से खान-पान का ध्यान रखना जरूरी होता है। आयुर्वेद विशेषज्ञों के अनुसार, इस समय शरीर के तीनों दोष वात, पित्त और कफ असंतुलित हो सकते हैं, जिससे बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. मधुमिता कृष्णन बताती हैं कि गर्म और शुष्क मौसम के कारण वात दोष बढ़ता है, जिससे शरीर में सूखापन, बेचैनी और सांस संबंधी दिक्कतें हो सकती हैं। तापमान में बदलाव के कारण पाचन तंत्र भी प्रभावित होता है, जिससे शरीर में विषैले तत्व जमा होने लगते हैं और इम्यूनिटी कमजोर पड़ जाती है। ऐसे में सही आहार अपनाकर सेहतमंद रहना आवश्यक है।

**7 दिनों का आयुर्वेदिक डाइट प्लान**

डॉ. कृष्णन का कहना है कि इस संधिकाल में भोजन पौष्टिक और संतुलित होना चाहिए। वह घर के बने घी, हरी सब्जियों, मौसमी फलों और बादाम को आहार में शामिल करने की सलाह देती हैं।

**नाश्ते में लें:**
मेथी थेपला के साथ दही और भुने हुए बादाम, मसाला ओट्स दलिया, जिसमें चुटकी भर अदरक और दालचीनी हो, गर्म बादाम दूध, घी के साथ गाजर का पराठा, घर का बना मूसली, जिसमें बादाम और अंजीर मिलाया गया हो

**दोपहर के भोजन में खाएं:**
पालक-पनीर करी के साथ बाजरे की रोटी, जीरा चावल और राजमा करी, चना मसाला और साबुत गेहूं की चपाती, ताजा सब्जियों का सलाद और मुट्ठी भर बादाम

**रात के खाने में शामिल करें:**
मूंग दाल की खिचड़ी, जिसे घी, जीरा और काली मिर्च के साथ पकाया गया हो, उबली हुई चुकंदर और गाजर की सब्जी, चुकंदर रायता, बाजरा की खिचड़ी, जिसमें लौंग और काली मिर्च का तड़का दिया गया हो, वेजिटेबल स्टू, जिसे कोकोनट मिल्क, काली मिर्च और इलायची के साथ पकाया गया हो, साबुत गेहूं की रोटी या स्ट्रिंग हॉपर डॉ. कृष्णन का कहना है कि यह डाइट न केवल स्वास्थ्य को बनाए रखेगा, बल्कि मौसम बदलने के दौरान होने वाली बीमारियों से भी बचाएगा। हालांकि, हर व्यक्ति का शरीर अलग होता है, इसलिए अपनी जरूरत और सेहत के अनुसार भोजन की मात्रा और सामग्री में बदलाव किया जा सकता है।

## वीर कुंवर सिंह स्मृति अन्तर्जालीय संस्कृत व्याकरण शिविर का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सर्वत्र संस्कृत एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में वीर कुँवर सिंह स्मृति अन्तर्ज़ालीय दशदिवसात्मक संस्कृत व्याकरण शिविर का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। यह शिविर 'आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान' के अंतर्गत आयोजित किया गया है, जिसमें देशभर से संस्कृत प्रेमी एवं विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

**संस्कृत व्याकरण के प्रति जागरूकता का संकल्प**

कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता एवं अध्यक्षीय उद्बोधनकर्ता डॉ. मुकेश कुमार ओझा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं संस्कृत-विभागाध्यक्ष, फिरोज गांधी महाविद्यालय, पाटलिपुत्र) रहे। उन्होंने अपने संबोधन में संस्कृत के प्रचार-प्रसार में ऐसे शिविरों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और प्रतिभागियों को संस्कृत भाषा के व्याकरणिक पक्ष पर विशेष ध्यान देने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. रागिनी वर्मा (राष्ट्रीय संयोजिका, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं सह आचार्या, संस्कृत विभाग, गंगा देवी महिला कॉलेज, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना) रहीं। उन्होंने संस्कृत व्याकरण को सरल और सहज रूप में सीखने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, वीर कुँवर सिंह के जीवन व योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्कृत शिक्षक सदानंद प्रसाद उपस्थित रहे। उन्होंने संस्कृत भाषा को आधुनिक संदर्भों में अधिक उपयोगी बनाने के लिए इस प्रकार के अभियानों की आवश्यकता पर जोर दिया।

यह शिविर आगामी दस दिनों तक संचालित होगा, जिसमें देशभर से संस्कृत प्रेमी एवं विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर सुजाता घोष, ललन कुमार, ज्ञानी शारदे, विद्या, डॉ. रम्भा कुमारी, नेहा भारती, शिवानी, दयानी शारदे, तारा विश्वकर्मा सहित कई विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किए।

**संस्कृत के प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका**

इस शिविर का उद्देश्य संस्कृत भाषा को आधुनिक समय के अनुकूल बनाना और अधिकाधिक लोगों को संस्कृत व्याकरण से परिचित कराना है। प्रतिभागियों को संस्कृत भाषा की बारीकियों को सहज एवं व्यावहारिक तरीके से समझाने के लिए यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है।

# 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक चलेगा नामांकन पखवाड़ा

## चिन्हित किए गए सभी बच्चों का 15 अप्रैल को प्रवेशोत्सव का आयोजन कर विद्यालय में किया जाएगा नामांकन, जिलाधिकारी ने कहा कोई बच्चा छूटे नहीं इस पर पदाधिकारी दें ध्यान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिला अंतर्गत 01 अप्रैल से 15 अप्रैल तक नामांकन पखवाड़ा चलाने का निर्देश प्राप्त है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों के शिक्षक एवं सभी क्षेत्रीय पदाधिकारी इस पर विशेष ध्यान देंगे कि कोई भी बच्चा बिना नामांकन के नहीं रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि यह बच्चों से जुड़ा हुआ मामला है। इसे पदाधिकारी गंभीरता से लेंगे और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराएंगे। सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि विद्यालय जांच के दौरान बच्चों से अच्छा व्यवहार करें। उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास करें। पदाधिकारी विद्यालय में जांच के लिए जाएं तो वहां क्लास जरूर लें, इससे एक अलग माहौल बनेगा और बच्चों को प्रोत्साहन मिलेगा। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्रखंडवार समीक्षा के लिए अलग से पारामीटर बनाएं और उसकी नियमित अनुश्रवण किया जाय। डीएम ने कहा कि सभी विद्यालयों में नियमित रूप से चेतना सत्र का आयोजन किया जाए। शिक्षक-अभिभावक मीटिंग का आयोजन विद्यालयों में नियमित रूप से हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।



बैठक में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम अंकुरण परियोजना से संबंधित समीक्षा की गई जिसका मुख्य उद्देश्य जिला अंतर्गत विद्यालयों में पोषण वाटिका के क्रियान्वयन एवं विस्तार से संबंधित था। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि इसमें विभिन्न विभागों की सहभागिता जरूरी है। जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिला में कुल 883 पोषण वाटिका का लक्ष्य प्राप्त है जिसमें 771 विद्यालयों को प्रति विद्यालय 5000 की दर से राशि आवंटित कर दी गई है। वर्तमान में 107 पोषण वाटिका पूर्ण हो गई है एवं शेष जगह कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि मनरेगा के सौजन्य से सभी प्रखंडों में एक - एक आदर्श पोषण वाटिका बनाया जाना है। इस पर जिलाधिकारी के द्वारा उप विकास आयुक्त एवं डीपीओ मनरेगा को जरूरी कार्य करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया को जिला के सभी 27 अंचलों में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय संचालित है जहां लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत नामांकन किया गया है। वर्ष 2024-25 में प्राप्त पाठ्य पुस्तक का शत प्रतिशत वितरण कर दिया गया है। निजी विद्यालयों में अपार आईडी जेनरेशन के बारे में उन्होंने बताया कि जिला के 279 निजी विद्यालयों में 62416 नामांकित बच्चों का अपार आईडी बनाया जाना है जिसमें से वर्तमान में 23576 बच्चों का अपार आईडी बनाया जा चुका है जो लक्ष्य का 37.77 प्रतिशत रहा है। इस पर आगे भी नियमित अनुसरण किया जा रहा है। ज्ञानदीप पोर्टल के बारे में बताया गया कि इसमें शिक्षा के मौलिक अधिकार अंतर्गत 25% नामांकन कमजोर वर्ग के बच्चों का निजी विद्यालयों में होना है और नामांकित बच्चों का प्रोफाइल ज्ञानदीप पोर्टल पर अपलोड किया जाना है। बैठक में उप विकास आयुक्त, निदेशक डीआरडीए, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं शिक्षा विभाग के अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी सहित सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक से निकलने के बाद जिलाधिकारी के द्वारा जीवधारा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय जीवधारा में बनाए गए पोषण वाटिका का निरीक्षण किया गया एवं जैविक तरीके से उत्पादित होने वाले साग सब्जी एवं फलों को लगाने का निर्देश दिया गया। पोषण वाटिका के निरीक्षण के पश्चात जिलाधिकारी ने खुद चौथी क्लास एवं छठी क्लास में जाकर बच्चों को पढ़ाया। चौथी क्लास में गणित एवं छठी क्लास में संस्कृत की पढ़ाई भी की जिसका बच्चों ने सटीक उत्तर दिया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के सर्वेक्षण की तिथि 30 अप्रैल तक विस्तारित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से प्रदान किए जाने वाले प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत किए जाने वाले लाभार्थी सर्वेक्षण की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत योजना की प्रतीक्षा सूची में छूटे हुए योग्य परिवारों का सर्वेक्षण करते हुए उनका नाम सर्वेक्षण सूची में शामिल करने हेतु अंतिम तिथि पूर्व में 31 मार्च निर्धारित की गई थी।

जैसा कि ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह सर्वेक्षण किया जा रहा है। पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार सर्वेक्षण समाप्त होने वाला था, लेकिन हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसकी अवधि 30 अप्रैल तक बढ़ाई गई है। इस संबंध में सभी संबंधित विभागों, ग्राम पंचायतों एवं अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करें तथा योग्य परिवारों को विभिन्न प्रकार से जागरूक भी करें ताकि अधिक से अधिक पात्र परिवारों को इस योजना का लाभ मिल सके। इस योजना का उद्देश्य सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर इस योजना का लाभ दिलाना है। जिला प्रशासन और ग्रामीण विकास विभाग की ओर से इस संबंध सभी संबंधित हितधारकों से अनुरोध किया गया है कि वे इस प्रक्रिया में सहयोग करें और पात्र लोगों को समय पर सर्वेक्षण में शामिल होने के लिए प्रेरित करें।

## उलार सूर्य मंदिर छठ व्रतियों के लिए पूरी तरह तैयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज (पटना)।** उलार सूर्य मंदिर न्यास समिति ने चैती छठ को लेकर पूरी तैयारियां पूरी कर ली हैं। समिति के वरीय सदस्य पवन कुमार ने बताया कि छठ व्रतियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। छठ तालाब की साफ-सफाई कर उसके चारों ओर पेयजल, लाइटिंग और आवासन की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि व्रतियों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उलार ग्रामवासी पूरी निष्ठा से छठ महापर्व को सफल बनाने में जुटे हुए हैं और आने वाले व्रतियों एवं आगंतुकों की सहायता कर रहे हैं। मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है।

## मनोकामना मंदिर में तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा विधि-विधान से संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि को लेकर भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। चिरैया के लालबेगिया स्थित वनस्पति माई स्थान, मधुबनी, शिकारगंज थाना क्षेत्र के हराज, गोढ़ीया, चमही, परेई, रूपहरी सहित विभिन्न देवी मंदिरों में मूर्ति स्थापना कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। कलश स्थापना के बाद इन दिनों मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, विशेष रूप से सुबह और शाम की आरती के समय महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। शक्तिपीठ मनोकामना मंदिर गोढ़ीया में मंगलवार को नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा विधि-विधान से संपन्न हुई। पूजा समिति द्वारा बनाए गए पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। मंदिर के पुरोहित आचार्य संजीव मिश्रा ने बताया कि नवरात्रि का तीसरा दिन मां चंद्रघंटा को समर्पित होता है। इनके मस्तक पर घंटे के आकार का चंद्र होता है, जिससे इनका नाम चंद्रघंटा पड़ा। नवरात्रि के इस दिन विशेष साधना करने से भय से मुक्ति मिलती है, साहस और शक्ति की वृद्धि होती है। माना जाता है कि मां चंद्रघंटा की उपासना से जन्म-जन्मांतर के पाप और कष्टों से मुक्ति प्राप्त होती है। इस अवसर पर रामेश्वर प्रसाद यादव, रामबाबू यादव, बृजकिशोर यादव, अशोक यादव, राकेश कुमार, लखिंद्र यादव, सत्येंद्र यादव, झगरू सहनी, रामचंद्र प्रसाद, शंभू प्रसाद, सर्वजीत यादव सहित पूजा समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## फसल अवशेष प्रबंधन का व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित किया जाय : जिलाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में फसल अवशिष्ट प्रबंधन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने कहा कि कहीं भी पराली जलाने की जानकारी प्राप्त होती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। पराली जलाना न केवल मृदा उत्पादकता को प्रभावित करता है बल्कि इससे वायु प्रदूषण भी तेजी से फैलता है जो स्वास्थ्य के लिए बिल्कुल ही हितकर नहीं है।

फसल अवशेष प्रबंधन हेतु अंतर्विभागीय कार्य समूह की इस बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि फसल अवशेषों को खेतों में न जलाने के प्रति जागरूकता के लिए अंतर्विभागीय कार्य योजना हेतु बैठक का आयोजन किया गया है। गेहूं फसल की कटाई प्रारंभ होने वाली है। समान्यतः यह देखा जा रहा है किसानों द्वारा मजदूरों के अभाव में फसलों विशेषकर धान / गेहूं के कटनी के उपरांत फसल अवशेष को खेतों में जला दिया जाता है। किसानों द्वारा खेतों में फसल अवशेष को जलाने से मिट्टी, स्वास्थ्य तथा पर्यावरण पर बूरा असर पड़ता है। फसल अवशेष को खेतों में नहीं जलाने हेतु किसानों को जागरूक करना नितांत आवश्यक है।उन्होंने कहा कि कृषि विभाग पंचायत स्तर पर आयोजित किसान चौपाल तथा अन्य कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को फसल अवशेष नहीं जलाने हेतु प्रेरित कर रहा है। साथ ही खेतों में फसल अवशेष को जलाने के बदले खेत की सफाई हेतु बेलर मशीन का प्रयोग, फसल अवशेष को खेतों में जलाने के बदले वर्मी कम्पोस्ट बनाने हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा इस संबंध में अंतर्विभागीय कार्य समूह के सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि फसल अवशेष प्रबंधन का व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्ति किया जाय। साथ ही किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक एवं प्रखंड कृशि पदाधिकारियों को फसल अवशेष जलाने से मिट्टी के पोषक तत्वों की होने वाली हानि के बारें में पंचायत स्तर पर किसानों को इसकी जानकारी देने का निदेश दिया गया। डीएम ने कहा कि फसल कटनी के समय क्षेत्रों में सभी कर्मी भ्रमणशील रहकर सतत निगरानी रखेंगे ताकि कोई भी किसान फसल अवशेष को नहीं जलाये।

## एक नजर

### वर्षों से खराब पड़ी रक्सौल के प्रमुख चौराहे की हाई मास्ट लाइट, व्यापारियों में आक्रोश

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** शहर के बैंक रोड स्थित आदर्श चौक पर वर्षों से हाई मास्ट लाइट खराब पड़ी है, जिसके कारण यह क्षेत्र शाम होते ही घने अंधकार में डूब जाता है। अंधेरे की वजह से व्यावसायिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं और शाम ढलते ही चोर-उचक्कों का जमावड़ा लग जाता है, जिससे स्थानीय व्यापारियों में नगर परिषद के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। व्यवसायी राजन कुमार, विकास कुमार, गणेश कुमार और मुन्ना कुमार ने बताया कि नगर परिषद से कई बार लाइट ठीक कराने की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। नगर परिषद के पदाधिकारी इस मुद्दे पर उदासीन बने हुए हैं, जिससे व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन काशी से आए पंडित मधुकर ने कचुरबारी गांव में हो रहे यज्ञ में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु संपूर्ण सृष्टि के रचयिता हैं, फिर भी उन्होंने मैया यशोदा से प्रताड़ना सहना, बाल सखाओं के साथ खेलना और माखन चोरी जैसी लीलाओं के माध्यम से आनंद की अनुभूति कराई। कथा के दौरान श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए और पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर विधानसभा के पूर्व महागठबंधन प्रत्याशी रामबाबू यादव मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन हुए और उन्होंने भक्तों को संबोधित किया। यज्ञ समिति की ओर से उन्हें चादर ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। आयोजन में शिक्षक सुनील कुमार सिंह, शशिभूषण तिवारी, धर्मेंद्र कुमार, अवधेश कुमार साह, विनोद यादव, किशोर तिवारी, नरेंद्र तिवारी, राजन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### रेल यात्रियों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)।** निवर्तमान आरपीएफ पोस्ट कमांडर ॠतुराज कश्यप के तबादला हो जाने के बाद नए आरपीएफ पोस्ट कमांडर अजय कुमार चौधरी पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि रेल यत्रियों की सुरक्षा ही हमारी पहली प्राथमिकता होगी। महिला और दिव्यांग बोगी में संबंधित लोग ही सफर करेंगे। अनधिकृत रूप से सफर करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। यह स्टेशन सीमावर्ती होने के कारण अतिसंवेदनशील स्टेशन है। इसे देखते हुए हमेशा अलर्ट रहने की जरूरत है। रेल परिक्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी। साथ ही असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए अधिकारी व जवानों को सादे लिबास में तैनात किया जाएगा।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से वृद्ध की मौत

**कल्याणपुर (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र के बखरी पंचायत के बैरागी टोला निवासी नेमी राय की मौत कोटवा थाना क्षेत्र के नवगोल चौक के अज्ञात वाहन के ठोकर से शुक्रवार को हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। मृतक नेमी राय अपने एक ग्रामीण के साथ मवेशी खरीदने कोटवा थाना क्षेत्र में गए थे। वहां से लौटते समय बेटी के यहां खाना खाया। उसके बाद घर लौटने के दौरान सड़क दुर्घटना में नवगोल चौक पर मौत हो गई। जिससे परिजनों में चीख पुकार मच गया। मृतक नेमी राय अपनी पत्नी शारदा देवी को छोड़ गए है। उनको पांच बेटा व तीन बेटियां हैं। सभी शादी सुदा है।

### विदाई समारोह का आयोजन

**मोतिहारी।** मुंशी सिंह विधि महाविद्यालय के अजय कुमार को सेवानिवृत्त होने पर महाविद्यालय परिवार की ओर से भावभीनी विदाई गई। अजय कुमार18/4/1990 से वरीय प्रधान सहायक के रूप में मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी के हिस्सा रहे। अपने 35 वर्षों की सेवा पूर्ण कर वे 31/3/2025 को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर मुंशी सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मृगेंद्र कुमार ने कहा कि अजय कुमार ने अपने सेवा काल में अजातशत्रु बन कर पूर्ण निष्ठा से कार्य किया है। विधि महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष डॉ. मयंक कपिला ने कहा कि अजय कुमार ने विधि महाविद्यालय के विकास एवं जीर्णोद्धार के कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस मौके पर सहायक प्राध्यापिका डॉ. कुमारी रंजू बाला एवं सहायक प्राध्यापक वीरमणि कुमार ने भी उनके के कार्यों की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी। मौके पर मुंशी सिंह महाविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मचारी भारी संख्या में मौजूद रहे जिसमें प्रमोद कुमार, सुधीर कुमार राव, सुनील कुमार, प्रशांत कुमार, हर्षवर्धन, संजय कुमार, शशि भूषण पाण्डेय, संतोष कुमार, जयशंकर प्रसाद, बालकरण सिंह, पुस्तकालय कर्मी कविता कुमारी, कुमारी निशा एवं अन्य शिक्षकेतर कर्मी उमेश, राजू सिंह आदि ने अजय कुमार के विदाई समारोह में सम्मिलित होकर उनके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने गौरक्षणी एवं संगम छठ घाट का किया निरीक्षण

### तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी ने एवं पुलिस अधीक्षक ने संगम घाट का निरीक्षण कर आमजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ठाकुरबाड़ी से गौरक्षणी घाट को जोड़ने वाले पुल पर परिचालन प्रतिबंधित करने का निर्देश दिया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को पुल के दोनों ओर बैरिकेडिंग एवं सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान विधि व्यवस्था को लेकर छठ के आयोजन पर असामाजिक तत्वों के गतिविधियों पर निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही छठ व्रतियों एवं महिलाओं के लिए नगर परिषद के अधीन छठ घाटों



पर अस्थायी चेंजिंग रूम की व्यवस्था करने को कहा गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए घाटों पर पर्याप्त रोशनी, सीसीटीवी कैमरे एवं ड्रोन कैमरे से निगरानी करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इस दौरान नगर परिषद के कार्यपालक अधिकारी दीनानाथ प्रसाद सिंह को सभी छठ घाटों की समुचित सफाई, जल निकासी एवं स्वच्छ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। छठ घाटों पर अस्थायी एवं मोबाइल शौचालयों की व्यवस्था का निर्देश भी अधिकारियों को दिया गया। साथ ही छठ पूजा के अवसर पर स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिया तथा उन्हें निर्देश दिया गया कि विभिन्न स्थानों पर डस्टबिन रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। छठ पूजा के दौरान नदी की स्वच्छता के लिए लोगों में जन-जागरुकता नदी संरक्षण पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन कराने का निर्देश भी दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने छठ घाटों के चारों ओर मानक अनुरूप बैरिकेडिंग लगाने का निर्देश दिया। वहीं छठ घाटों, नदियों, तालाबों जहां एसडीआरएफ टीम उपलब्ध नहीं है, वहां स्थानीय तैराकों की व्यवस्था करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों को दिया गया।

## पिकअप ने मारी ई रिक्शा में ठोकर, महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र के बलथरवा गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग हरपुर बंगरी ओवर ब्रिज पर मंगलवार को एक लापरवाह पिकअप के चालक ने पीछे से एक ई-रिक्शा में ठोकर मार दिया। जिसमें रिक्शा में बैठी एक महिला की मौत घटना स्थल पर ही हो गई, जबकि टेम्पो पर सवार चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये है। जिनका इलाज मोतिहारी के एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। दुर्घटना में मृतका हरपुर गांव निवासी राजकुमार महतो की पत्नी मीरा देवी है। घटना के बाद कुछ समय तक आवागमन प्रभावित रहा। सूचना पर पहुंची स्थानीय थाना पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेज दिया है। वही सभी चारों घायलों का इलाज मोतिहारी में चल रहा है, जिसमें ई-रिक्शा चालक की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। बताया जाता है कि मृतका के पुत्री की शादी इसी माह के 20 अप्रैल को होना निर्धारित था, और वह शादी के खरीददारी के लिए ई रिक्शा से पीपराकोठी जा रही थी। इसी क्रम में हरपुर बंगरी ओवर ब्रिज पर बलथरवा गांव के समीप मुर्गी वाली एक पिकअप के लापरवाह चालक ने ठोकर मार दिया। जिसमें उसकी मौत हो गयी।

## जीएमएस जीवधारा का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** नये शैक्षणिक सत्र के पहले दिन ही डीएम सौरभ जोरवाल, डीईओ संजीव कुमार सहित शिक्षा विभाग के करीब आधे दर्जन अधिकारियों की टीम प्रखंड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय जीवधारा का औचक निरीक्षण किया। एक साथ इतने अधिकारियों के जत्थे को देख सभी भौचक रह गये। डीएम श्री जोरवाल ने पोषण वाटिका का निरीक्षण किया गया एवं जैविक तरीके से उत्पादित होने वाले साग सब्जी एवं फलों को लगाने का निर्देश दिया गया। पोषण वाटिका के निरीक्षण के पश्चात जिलाधिकारी ने खुद चौथी क्लास एवं छठे क्लास में जाकर बच्चों पढ़ाया। चौथी क्लास में गणित एवं छठी क्लास में संस्कृत की पढ़ाई जिलाधिकारी ने खुद कराई। उन्होंने इस दौरान बच्चों से प्रश्न भी की जिसका बच्चों ने सटीक उत्तर दिया। इस दौरान टीम के सभी अधिकारी एक एक कर हर बिंदुओं की जांच की। शैक्षणिक से लेकर एमडीएम, पेयजल, भवन व साफ सफाई का अवलोकन किया। हालांकि किसी प्रकार की त्रुटियां नहीं मिली। अधिकारियों ने और बेहतरी के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक शैलेन्द्र कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान एचएम ने चहारदीवारी को और उच्चा करवाने का अनुरोध किया। टीम में डीएम सौरभ जोरवाल के साथ डीईओ संजीव कुमार, डीपीओ एसएसए, डीपीओ एमडीएम, डीपीएम, बीईओ श्वेता सुमन सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## कृषि विभाग ने किया जल जीवन हरियाली दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के कृषि विभाग के निर्देश पर आत्मा के द्वारा मंगलवार को जिला मुख्यालय के काको रोड स्थित संयुक्त कृषि भवन के सभागार में जल जीवन हरियाली दिवस के अवसर पर वैकल्पिक फसलों, टपकन सिंचाई, जैविक खेती एव अन्य नई तकनीकों के उपयोग विषय पर जहानाबाद जिले के किसानों के साथ परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा श्रीमती संभावना के द्वारा जल-जीवन-हरियाली के महत्व को बताते हुए किसानों से अपील किया कि हमें जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर धान-गेहूं के अलावा



वैकल्पिक फसलों जैसे- मडुआ, मक्का, कौनी, चीना, कोदो, ज्वार आदि फसलों, जो कम पानी में उपजाया जा सकता है, की खेती करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें भविष्य के लिए जल संरक्षण पर जोर देना होगा। उन्होंने किसानों से फसलों की अच्छी पैदावार देने वाली प्रभेदों की जानकारी प्राप्त की। सहायक निदेशक भूमि संरक्षण- राम लखन ठाकुर के द्वारा जल संरक्षण हेतु भूमि संरक्षण संभाग द्वारा संचालित योजनाएं- जल छाजन विकास, तालाब निर्माण, कुंआ निर्माण, पक्का चेक डैम का निर्माण आदि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी, मखदूमपुर अनिरुद्ध कुमार के द्वारा उद्यान संभाग द्वारा संचालित ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई की योजनाओं के साथ-साथ नलकूप निर्माण की योजना के बारे में जानकारी दी गई। उनके द्वारा सब्जी की खेती आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सहायक निदेशक प्रक्षेत्र-सह-अनुमंडल कृषि पदाधिकारी- इंदु सिन्हा, उप परियोजना निदेशक, आत्मा- राकेश कुमार के द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित जैविक खेती की योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर उपस्थित किसानों में महेश भगत, गौरव कुमार, गोवर्धन प्रसाद, सचिदानंद सिन्हा, आलोक कुमार, पार्वती कुमारी, धर्मेन्द्र कुमार, रेणु देवी, धर्मशीला कुमारी, पुनम कुमारी, शंकर कुमार आदि के अलावा नव नियुक्त प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, सहायक निदेशक एवं सभी प्रखंडों से प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार इत्यादि उपस्थित थे।

## ब्रह्मकुमारीज के ईश्वरीय ज्ञान में चलने वाली बीके रामकेसी माता शरीर छोड़ दुनिया को कहा अलविदा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** पतौरा लालाटोला मे 2007 मे बीके पाठशाला के स्थापना के साथ ज्ञान में चलने वाली उक्त गांव निवासी प्रथम बीके राम केसी माता लंबी बीमारी के बाद एक अप्रैल की सुबह बाप दादा की गोद में अगले पार्ट के लिए चली गई। गौरतलब है कि 2007 में पतौरा लाला टोला में डॉक्टर अंजु वर्मा ने अपने आवास पर ईश्वरीय सेवा अर्थ ब्रह्माकुमारी पाठशाला का शुभारंभ किया और वे अपने युगल बीके अशोक वर्मा के साथ लगातार ईश्वरीय सेवा में जुटी रही। आरंभिक दौर में गांव के चंद लोग जो संस्था से जुड़े और सात दिवसीय कोर्स किये उसमें एक राम केसी माता भी थी। उन्होंने आरंभिक दौर में अपने पुत्र के साथ लंबे समय तक सेवा की। वहां के निमित्त माता के साथ खुद रहती थी। ईश्वरीय अथक सेवाधारी थी। क्लास मे नियमित मुरली सुनती थी । उक्त पाठशाला को उन्होंने आगे बढ़ाने में अपना पूर्ण योगदान दिया। आर्थिक रूप से कमजोर रहने के बावजूद कई बार बाबा मिलन में मधुबन भी गई। वर्तमान समय मीरा मेमोरियल ट्रस्ट प्रयास में लंबे समय से सेवा दे रही थी। सेवा देते हुए इस ईश्वरीय ज्ञान को उन्होंने आसपास के क्षेत्र में फैलाया और कई लोगों को बीके पाठशाला में पहुंचाने के नियमित बनी। शरीर छोड़ने की खबर मिलते ही बीके पाठशाला के निमित्त टीचर बीके अशोक वर्मा अन्य जिज्ञासुओं के साथ वहां पहुंचे और विदाई का चादर ओढ़ा कर उनको दृष्टि दी। मृत्यु की खबर आते ही कई लोगो ने शोक संवेदना व्यक्त किया।शोक संवेदना व्यक्त करने वालो मे मुख्य रूप से मोतिहारी सेवाकेंद्र प्रभारी बीके बीभा, बीके नीलम, बीके चंदा, बीके गायत्री, प्रयास के जमीन दाता वैधनाथ सिह, प्रोजेक्ट प्रभारी विजय शर्मा, केयर टेकर गौतम, बीके सुमन, बीके मनोहर, बीके निर्मला माता, बीके सतीश आदि है।

## पत्नी की याद में पति ने बनवाया मंदिर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कल्याणपुर (पूर्वी चम्पारण)।** पत्नी की याद में पति ने एक मंदिर बनवाकर उसमें पत्नी की प्रतिमा स्थापित कर मिसाल कायम किया। भुवन छपरा पंचायत के मधुचाई गांव निवासी सेवानिवृत्त पंचायत सचिव बालकिसुन राम ने अपनी पत्नी शारदा देवी के स्वर्गवास होने पर एक मंदिर बनवाकर उसमें पत्नी की प्रतिमा स्थापित किया। जिसका उद्घाटन पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह ने किया। किसुन राम ने बताया कि मंदिर बनवाने में तीन साल लगे। जिसमें लगभग 60 लाख रुपए का खर्चा आया है। मैं पढ़ाई छोड़कर मजदूरी करने लगा। मेरी पत्नी ने सहयोग देकर मुझे फिर से पढ़ने के लिए प्रेरित किया। जिसके बाद मैंने मैट्रिक पास



किया। मेरी पत्नी शारदा देबी लक्ष्मी समान थी। वह मेरे लिए प्रेरणा थी जिनके वजह से मुझे नौकरी लगी। पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह ने कहा रामकिसुन राम बहुत ही अलग तरह का काम किए हैं। यह समाज में प्रेरणा देती है। किस तरह पति-पत्नी का प्यार होना चाहिए। कहा कि लाखों में एक काम किया है। उन्होंने कहा कि जरुरत पड़ने पर मैं रामकिसुन राम इसे आगे बढ़ाने में हरसंभव सहायता करुंगा। इस मंदिर की इमारत सच्चे प्रेम का प्रतीक है। यहां प्रतिदिन पूजा किया जाता है। महिलाएं शाम में दीपक जलाती है। रामकिसुन राम ने बताया कि मैंने सोचा था कि 2023 में सेवानिवृत्त होकर एक साथ दाम्पत्य जीवन बिताएंगे। इससे पहले ही मेरी पत्नी शारदा देवी ने हमलोगों को सदा के लिए साथ छोड़कर मौत को गले लगा लिया। मैंने अपनी पत्नी के प्रतिमा का अनावरण करा उसे सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

# अधिक इथेनाल उत्पादकता वाले गन्ना प्रभेद को विकसित करने की जरूरत : डॉ पीएस

## ईख अनुसंधान संस्थान के स्थापना दिवस पर गन्ना उत्पादन तकनीक को लेकर विमर्श

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पूसा (समस्तीपुर)।** डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के ईख अनुसंधान संस्थान का स्थापना दिवस मंगलवार को मनाया गया। इस अवसर पर जलवायु अनुकूल गन्ना उत्पादन तकनीक और बिहार में गन्ना उत्पादकता बढ़ाने को लेकर एक विमर्श सत्र का आयोजन किया गया। अतिथियों के स्वागत सम्मान व वीसी सहित अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन के बाद मुख्य अतिथि राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ वीपी सिंह ने कहा कि गन्ना अनुसंधान संस्थान ने देश को सौ से ज्यादा गन्ना के प्रभेद दिये हैं। साथ ही गन्ना में लगने वाले रोगों की रोकथाम से जुड़े तकनीक विकसित किये हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान के वैज्ञानिकों को गन्ना की उत्पादकता बढ़ाने व किसानो की समस्याओं पर आधारित अनुसंधान करना चाहिए। गुड़ उत्पादन को लेकर विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय काफी तेजी से प्रगति पथ पर अग्रसर है। अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ पीएस पांडेय ने गन्ना अनुसंधान संस्थान के स्थापना, उद्देश्य एवं विकास की चर्चा करते हुए कहा कि अनुसंधान संस्थान के गौरवशाली अतीत से सीख कर हमें नया इतिहास लिखने कि जरूरत है। उन्होंने वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि वे मल्टी डिसिप्लिनरी टीम के साथ काम करें। इस दौरान उन्होंने बिहार सरकार के द्वारा सेंटर आफ एक्सीलेंस की स्थापना को लेकर



धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विश्वविद्यालय बिहार को गुड़ उत्पादन के क्षेत्र में देश में नंबर वन बनाना चाहती है और बिहार सरकार के सहयोग से जल्द ही यह सपना पूरा होगा। डॉ पाण्डेय ने कहा कि मौजूदा दौर में वैज्ञानिकों को कम जलधारण वाले गन्ने का ऐसा प्रभेद विकसित करने के बारे में भी सोचना चाहिए जिससे इथेनॉल का उत्पादन अधिक हो सके। उन्होंने संस्थान को सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्स शुरू करने को लेकर भी प्रयास करने की जरूरत पर बल दिया। डॉ पांडेय ने माइक्रो इरिगेशन में किसानों की आने वाली समस्याओं पर भी चर्चा की और कहा कि आज के तकनीकी सत्र से निश्चित ही ऐसी निष्कर्ष निकलेंगे जो किसानों के लिए हितकारी होंगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय गन्ना उत्पादक किसानों के लिए एक मोबाइल एप विकसित करने पर काम कर रहा है जल्द ही यह पूरा हो जायेगा। इस अवसर पर निदेशक अनुसंधान डॉ एके सिंह ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि विवि में शिक्षा, अनुसंधान और प्रसार तीनो क्षेत्रों में पिछले तीन वर्षों में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। जिसका असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। इसके पुर्व गन्ना अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ देवेन्द्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विषय प्रवेश के दौरान संस्थान की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए गुड़ के विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी दी। प्रगतिशील किसान डॉ सुधांशु कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विवि से मिले सहयोग की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुनीता कुमारी मीणा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन वरीय वैज्ञानिक डॉ एसएन सिंह ने किया। इस दौरान निदेशक शिक्षा डॉ उमाकांत बेहरा, निदेशक छात्र कल्याण डॉ रमण त्रिवेदी, निदेशक बीज डॉ डीके राय, अधिष्ठाता डॉ उषा सिंह, पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ राकेश मणि शर्मा, डॉ सीके झा, डॉ डीएन कामत, डॉ कुमार राज्यवर्धन, डॉ तुलिका सहित कई वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आधे दर्जन बीआरसी कर्मियों की सेवा समाप्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर/मोहनपुर।** स्थानीय प्रखंड संसाधन केंद्र के करीब आधे दर्जन कर्मियों की सेवा समाप्त कर दी गयी है। इनमें पांच बीआरपी, एक बीपीएम, एक डाटा इंट्री आपरेशन, एक एमटीएस के नाम शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि ये सभी संविदा पर नियुक्त थे। कुछ वर्ष पूर्व बीआरसीसी के रूप में कार्यरत शिक्षक अश्विनी कुमार पंडित और राजीव कुमार वर्मा को करीब 11 वर्षों के प्रतिनियोजन से विरमित करते हुए अपने विद्यालयों के लिए वापस किया गया था। उस घटना के एक वर्ष बाद 2022 में तीन सेवानिवृत्त शिक्षकों को विद्यालयी अनुश्रवण के लिए बीआरपी के रूप में प्रतिनियोजित किया गया था। वर्ष 2024 में दो बीआरपी निविदा पर एजेंसियों से मंगवाये गये थे। इस प्रकार कुल पांच बीआरपी हो गये थे। उनके अतिरिक्त एक बीपीएम, एक एमटीएस और एमडीएम डाटा इंट्री ऑपरेटर को रखा गया था। सरकार ने 31 मार्च के बाद इन सभी की सेवा समाप्त करने का निर्णय लिया है।

# दो पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का महापौर ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** नगर निगम समस्तीपुर के वार्ड संख्या-40 में मजार से शिवशंकर राय के घर से पास तक पीसीसी निर्माण कार्य योजना राशि 656470, एवं वार्ड संख्या-40 में पंचवटी चैक से मजार तक पीसीसी निर्माण कार्य योजना राशि 657869, का महापौर अनिता राम ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्थानीय वार्ड पार्षद सोनी कुमारी (40), सशक्त स्थायी समिति के सदस्य धीरज कुमार शर्मा (13), गौतम कुमार (20), सुजय कुमार (22), दिपक सम्राट, अंकित कुमार, संतोष झा, राकेश कुमार, अरूण कुमार, मो मुरताज, टुनटुन कुमार, मो0 इन्ताफ आदि काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।



**सत्र 2025-26 केलिए 120 करोड़ 77 लाख लाभ का बजट सर्व सम्मति से परित**

**समस्तीपुर।** मंगलवार को नगर निगम, समस्तीपुर में महापौर अनिता राम की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पारित किया गया। बैठक में उप महापौर रामबालक पासवान, नगर आयुक्त केडी प्रौज्ज्वल, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य, सभी वार्ड पार्षद एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। बजट को सदन के सदस्यों ने बहुत ही संतुलित, सराहनीय एवं नगर विकास के अनुरूप बताते हुए सर्व सम्मिति से पारित कर दिया। बजट के मुताबिक नगर निगम समस्तीपुर के वित्तीय वर्ष 2025-26 की अनुमानित कुल प्राप्ति 362 करोड़ 15 लाख रूपये तथा अनुमानित कुल व्यय 241 करोड़ 38 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है, इस प्रकार लाभ की राशि लगभग 120 करोड़ 77 लाख रूपये रहने का अनुमान है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** ट्रक के चकमे से एक बाइक सवार यात्री घायल हो गया। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भेड़िया मोड़ के समीप की हैं। घायल बाइक सवार की पहचान पश्चिम बंगाल के कोलकाता निवासी आदि राज बरुआ के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल टूरिस्ट ने बताया कि वह 10 दिन पहले कोलकाता से अयोध्या, हरिद्वार, मथुरा सहित अन्य तीर्थ स्थलों की दर्शन करने के लिए निकला था। वापस घर लौटने के दौरान भेड़िया मोड़ के समीप विपरीत दिशा में सामने से आ रही ट्रक के चकमें से उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह गिरकर घायल हो गया, फिलहाल उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

# बीइओ ने की प्रधानाध्यपकों के साथ समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के साथ गर्ल्स हाई स्कूल हसपुरा के सभागार में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अशोक कुमार के द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में छात्र छात्राओं की उपस्थिति, साफ सफाई, मध्याहन भोजन योजना के तहत मीनू के अनुसार पोष्टिक भोजन कराने, सभी बच्चों को ई शिक्षा कोष पर आधार लिंक करने, जो छात्र छात्राएं लगातार अनुपस्थित रहे हैं। उनके उपस्थिति पर जोर देने। पढ़ाई में जो बच्चे कमज़ोर हैं उनकी स्थिति सुधारने पर विस्तार से चर्चा की गई। हाई स्कूल और इंटर स्कूल के प्रधानाध्यापक से एक रिपोर्ट इंटर और मैट्रिक पास छात्र छात्राओं से सम्बंधित लिया गया जिसमें एक्ज़ाम देने वाले छात्र छात्राओं की संख्या, एक्ज़ाम में अनुपस्थित रहने वाले,



प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान से पास होने वाले और फेल होने वालों की संख्या इसका कारण और निदान विषय पर विस्तार से बीईओ अशोक कुमार के द्वारा चर्चा की गई। जो बच्चे फेल हुए हैं। उनका स्पेशल क्लास चलाने और कपार्टमेंटल से एक्ज़ाम दिलवाने के लिए प्रेरित करने से सम्बन्धित भी बातें रखी गई।बिहार सरकार द्वारा संचालित आर्थिक हल युवाओं का बल कार्यक्रम के तहत जिलापधाधिकारी के द्वारा निर्गत पत्र के आलोक में सभी मैट्रिक और इंटर पास छात्र छात्राओं को शत प्रतिशत डीआरसीसी ऑफिस से निबंधन कराने के लिए कहा गया। केवाईपी सेंटर संचालक शम्भू शरण और कृष्णा सिंह ने इस बैठक में अपनी बातें रखते हुए कहा कि आज सभी तरह के प्रतियोगिता की परीक्षा कम्प्यूटर बेस्ड हो रहा है। हर तरह का आवेदन ऑनलाइन किया जा रहा है। इसलिए सभी छात्र छात्राओं को कम्प्यूटर सीखना जरूरी है।

# यूपीएस के खिलाफ कर्मचारियों ने मनाया काला दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** इसीआरएमसी ने मंगलवार को एकीकृत पेंशन प्रणाली (यूपीएस) के कार्यान्वयन के खिलाफ काला दिवस मनाया। इस क्रम में कारखाना स्टोर शाखा के कर्मचारियों ने बांह पर काली पट्टियां बांधकर विरोध जताया। इस बाबत कारखाना स्टोर शाखा के शाखा सचिव अरविंद कुमार ने कहा कि यूपीएस उल्टा पुल्टा स्कीम है जो कि कर्मचारी के लिए न्याय संगत नहीं है। चेतावनी देते हुए उन्होने कहा कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो बड़े पैमाने पर आंदोलन छेड़ने के लिए मजबूर होंगे। कर्मचारियों का मानना है कि यूपीएस में गारंटीकृत पेंशन की कमी, महंगाई राहत में अनिश्चितता, और परिवार पेंशन में सीमित प्रावधान जैसे मुद्दे हैं, जो उनके भविष्य को असुरक्षित बनाते हैं। वे सरकार से अपील करते हैं कि वह



उनके हितों को प्राथमिकता दे और ओपीएस को पुनः लागू करे, जो कर्मचारियों और उनके परिवारों को वित्तीय स्थिरता प्रदान करता है। इस शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में कारखाना स्टोर के अध्यक्ष सुनील कुमार, संयुक्त शाखा सचिव जुगेश चैरसिया, मुकेश कुमार, प्रमोद यादव, अमरनाथ कुमार, हरिनंदन पासवान, रामनरेश राय, सत्यजीत कुमार राजीव रंजन इत्यादि कर्मचारी मौजूद थे।

## मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मारपीट के आरोप में एक व्यक्ति को हसपुरा थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया हैं। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान मानपुरा गांव निवासी मंटू कुमार के रूप में की गई हैं। यह बीते दो महीने से फरार चल रहा था जिसने आज पकड़ा गया। थानाध्यक्ष नरोत्तम ने बताया कि मारपीट के आरोप में फरार एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया हैं।


# रास्ते के विवाद में मारपीट, पिता-पुत्र समेत तीन लोग जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर।** दाउदनगर थाना क्षेत्र के सिंदुआर गांव में पूर्व के विवाद व रास्ते से आने-जाने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटी। इस घटना में पिता-पुत्र समेत तीन लोग जख्मी हो गए। जख्मियों में उस गांव निवासी विजेंद्र राठौर, पुत्र फिरोज राठौर व पुत्री विरंज देवी शामिल है। घटना सोमवार के रात की बताई जा रही है। मंगलवार की दोपहर सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी फिरोज राठौर ने बताया कि पड़ोसियों द्वारा उसे गाली के रास्ते से आने-जाने नहीं दिया जाता है। पूर्व में भी कई बार मारपीट की घटना घटी थी। मामला दाउदनगर थाना तक भी पहुंचा था। आरोप है कि पड़ोसियों द्वारा रास्ते पर ही मवेशियों को बांध दिया जाता है। सड़क तरफ बच्चे खेलते भी है तो पड़ोसियों द्वारा बच्चों को भी पीटा जाता था। सोमवार की रात इसी बात को लेकर विवाद हुआ। हालांकि कुछ लोगों द्वारा मामले को सुलझा दिया गया था। इसके बाद पूरा परिवार अपने घर में बैठा हुआ था। इसी दौरान पड़ोसी लाठी-डंडे व धारदार हथियार लेकर घर में घुसे और तीनों पर हमला कर दिया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट की घटना घटी। जानकारी मिली कि दूसरे पक्ष से भी कुछ लोग जख्मी हुए हैं। घटना के बाद परिजनों ने सभी ज़िख्मयों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल दाउदनगर पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल लेकर कर दिया, फिलहाल घटना की सूचना दाउदनगर थाना की पुलिस को दी गई है।

## विशेष अभियान के तहत वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**औरंगाबाद।** विशेष अभियान के फलस्वरूप एक वारंटी को नबीनगर थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया हैं। पकड़े गए वारंटी की पहचान थाना क्षेत्र के सिमरी जैतिया गांव निवासी कमलेश कुमार सिंह के रूप में की गई हैं। अपर थानाध्यक्ष ने बताया कि एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया हैं। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

# करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा थाना क्षेत्र के कुल गांव के एक ईंट भट्ठा के पास करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक नूरसराय थाना क्षेत्र के नोनिया बीघा गांव निवासी स्व भज्जू मांझी का पुत्र कृष्ण मांझी थे। मृतक के बेटे ने बताया कि वह अपने पिता के साथ जेबीएस भट्ठा पर मजदूरी का काम करते थे। सोमवार की सुबह करीब 10 बजे उनके पिता से बात हुई थी, जिसके बाद वे खेत की ओर चले गए। जब वे शाम 4 बजे तक वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान रात करीब 7 बजे किसी व्यक्ति से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बिजली के तार के पास गिरा हुआ है। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे, जहां देखा कि 440 वोल्ट



का बिजली का तार गिरा हुआ था और उनके पिता करंट की चपेट में आ चुके थे। मौके पर ही उनकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद परिजन शव को उठाकर अपने गांव ले गए और नूरसराय थाना को घटना की जानकारी दी। नूरसराय थाना पुलिस मृतक के घर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दी है।

# 100 साल पुराने शिवालय से शिवलिंग व नंदी की चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र के कथौली गांव में स्थित प्राचीन शिवालय में चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। इस मंदिर की ऐतिहासिक और धार्मिक मान्यता है। चोरों ने मंदिर से करीब 100 साल पुरानी शिवलिंग और नंदी महाराज की मूर्ति को चुरा लिया है। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मंदिर में रखी मूर्तियां अत्यंत प्राचीन और कीमती थीं। ग्रामीणों के अनुसार, चोरों ने मंदिर के अन्य मूर्तियों को भी क्षतिग्रस्त करने की कोशिश है। मई फरीदा पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र कुमार ने इस घटना को बेहद निंदनीय बताते हुए कहा कि



यह केवल एक चोरी की घटना नहीं है, बल्कि लोगों की आस्था पर चोट करने का प्रयास है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और चोरी की गई मूर्तियों को बरामद किया जाए। मंदिर के पुजारी ने भी इस चोरी की घटना पर दुख व्यक्त किया और कहा कि यह स्थान वर्षों से श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र रहा है। उन्होंने कहा कि शिवलिंग और नंदी महाराज की मूर्तियां इस मंदिर की पहचान थीं और उनके चोरी हो जाने से सभी श्रद्धालु अत्यंत दुखी हैं। सूचना पाकर रहूई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। रहूई थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और चोरी की गई मूर्तियों को बरामद किया जाएगा।

# खलिहान में रखे 700 गेहूं के बोझे में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर थाना क्षेत्र के तेतर बीघा गांव के खलिहान में रखें गेहूं के बोझ में आगलगी में तेतर बीघा गांव के किसानों का 700 गेहूं का बोझ जलकर खाक हो गया। इससे किसानों में गहरी उदासी है। किसान रविंद्र यादव, मणि शंकर कुमार मणि शंकर कुमार, रूपेश कुमार, सुरेंद्र यादव, संतोष कुमार, रामानंद यादव, रिंकू देवी, इंद्रदेव यादव ने बताया कि हमलोग गेहूं खेतों से काटकर दौनी के लिए खलिहान में रखा था। जिसे थ्रेसर द्वारा दौनी कराया जाना था। उन्होंने कहा कि इस वर्ष गेहूं की फसल काफी अच्छी हुई थी। जिससे हमलोगों में काफी खुशी था। किसानों ने कहा कि कई वर्षों के



बाद इस तरह का सुंदर फसल इस साल हुआ था। कहा कि लगभग सात बीघा का फसल कटनी के बाद खलिहान में रखा हुआ था। आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है। किसानों ने प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है।

# प्रेम प्रसंग में महिला और युवक के साथ मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** घर में घुसकर एक महिला के साथ मारपीट किये जाने का मामला सामने आया है। मामला नवीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के एक गांव की हैं। जानकारी के अनुसार महिला के साथ उस गांव का एक युवक भी जख्मी हो गया। मारपीट के बाद जख्मी महिला व युवक का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। घटना सोमवार के रात की है। मंगलवार की सुबह सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी महिला ने बताया कि सोमवार की रात खाना खाने के बाद पूरा परिवार घर में सोया हुआ था। बगल के रूम का सिकड़ी लगा हुआ था। कुछ लोग उस रूम के दरवाजे के सिकड़ी खोल घर में घुस गए । आहट की आवाज सुनकर जब उस कमरे में गया तो उक्त लोगों ने अंदर से दरवाजा बंद कर दिया और विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दिया। शोर सुनकर जब घर के अन्य परिजन जगे तो सभी लोग वहां से फरार हो गए। इसके बाद परिजनों ने युवक व महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उपचार किया। जानकारी मिली कि मारपीट के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया।

# बिजली विभाग के एसडीओ से एसई तक सभी की संपत्ति की हो जांच : अमित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर ही नहीं बल्कि पूरे बिहार में बिजली विभाग, अमरबेल और बिजली की तरह जनता का खून चूस रही है। बिजली विभाग के एसडीओ, जेई से लेकर सीएमडी तक इस लूट अभियान में संलिप्त हैं। एक बार इनके संपत्ति की भी जांच होनी चाहिए। भाकपा माले के जिला कार्यकारिणी सदस्य सह पूसा प्रखंड सचिव अमित कुमार ने संवाददाता से बातचीत के दौरान उक्त बातें कही। उन्होंने कहा बिजली विभाग और राजस्व विभाग में अनियमितता और भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है यह तो सब जानते हैं। मगर बिजली विभाग में भ्रष्टाचार सुर्खी में तब आया जब बिजली विभाग के सीएमडी संजीव हंस को अवैध संपत्ति अर्जित करने के आरोप में सीबीआई की ने गिरफ्तार कर लिया। इसी पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए अमित ने कहा कि प्रत्येक जिला में कनीय अभियंता से लेकर सुपरिटेंडिंग इंजीनियर तक सभी के संपत्ति की जांच हो जाय तो मेरा दावा है कि 70-80 प्रतिशत पदाधिकारी जेल चले जायेंगे। बिना नियमित मीटर रीडिंग लिए घर बैठे मनमाना बिलिंग कर, उस रकम पर ब्याज पर ब्याज जोड़कर अपने दलालों के माध्यम से अवैध वसूली का खेल बिजली विभाग में पुराना है। कई बार तो बेवजह भारी-भरकम बिल से उपभोक्ता घर छोड कर भागने को मजबूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणो से मिली शिकायत के अनुसार इस मामले में पंचायत, प्रखंड, अनुमंडल से लेकर जिला स्तर तक असामाजिक तत्वों के बल पर वसूली किया जा रहा है। वसूली करने वाले विभाग के कर्मी या पदाधिकारी नहीं ठेकेदार के लोग होते हैं, जो तालिबानी अंदाज में ऑन स्पॉट पेमेंट की मांग करते हैं। उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता कि बैंक बंद है या उपभोक्ता परेशान है। उनको किसी स्तर पर कार्रवाई होने का खौफ भी नहीं क्योंकि वे विभाग के कर्मी नहीं होते। माले नेता ने कहा कि ये लोग काफी गिरगिराने पर विद्युत विच्छेद नहीं करने केलिए अवैध राशि की मांग करते हैं। ऐसे समय में जेई, से एसई तक किसी का फोन नहीं उठाते।


Govt. of Bihar

**PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT**

**Public Health Engineering Division, Aurangabad**

**SHORT TERM TENDER NIT No –21/2024-25 (O&M-PRD)**

National Competitive Bidding

(Through e-procurement mode on www.eproc2.bihar.gov.in)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Designation and Address of Advertiser | Executive Engineer, Public Health Division, **Aurangabad** |
| 2 | Date of issue of Tender Notice | 26.03.2025 |
| 3 | Period of sale (downloading) of tender Bid Document | 07.04.2025 to 16.04.2025 up to17:00 Hrs. through www.eproc2.bihar.gov.in |
| 4 | Date, time & place of pre-bid meeting | 09.04.2025 at 11.30 hrs. hrs in the Office of Executive Engineer P. H. Division, **Aurangabad.** |
| 5 | Last date and time of receipt (uploading) of tender | 16.04.2025 up to 17:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 6 | Date and time of opening of technical bid | 17.04.2025 at 11:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 7 | Date and time of opening of financial bid | Executive Engineer, Public Health Division, **Aurangabad** |

8. **Details of works:** Name of Work:- Comprehensive operation and maintenance and Special repair of ward level Piped Water Supply Schemes constructed by the "Panchayati Raj Department" and handed over to PHED for 4 years; excluding the cost of energy charges and operator wages.

| Gr. No. | Block | Estimated Cost (in Lakh) | Amount of Earnest Money (in Lakh) | Cost of Tender Document (non-refundable) (in Rs.) | BSEDC Bid Processing Fee (in Rs.) | Time Period of maintenance (in months) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Daudnagar, Obra -Total No of Scheme-442 | 954.72 | 19.10 | 10000 | 5900 | 48 Month |

9. For support related to e-tendering process, bidders may contact at following address "E-procurement helpdesk , M Junction services limited, R J Complex, 2nd floor Khajpura, Patna-800014. Toll Free No.- 18005726571, may visit the link "Vendor info" at www.eproc2support@bihar.gov.in
10. For further details, tenderers may contact the undersigned on any working day or see the notice board.

**PR. No. 023081 (PHED) 2024-25**

**Executive Engineer**
**Public Health Division, Aurangabad.**

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।


CMYK

# बिजली चिंगारी से लगी भयानक आग

## पांच दुकान, दो घर, तीन झोपड़ी सहित लाखों की संपत्ति जलकर राख

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बीहट।** नगर परिषद बीहट वार्ड नंबर -07 अंतर्गत असुरारी स्कूल के समीप बिजली की चिंगारी से निकली आग की लपटों से अवध तिरहुत सड़क किनारे लगी चार दुकान, एक घर, दो झोपड़ी सहित लाखों की संपत्ति देखते ही देखते राख हो गया। इस आगजनी में एक रामायण महाग्रंथ भी जलकर राख हो गया।

मिली जानकारी अनुसार बरौनी थाना क्षेत्र अंतर्गत असुरारी गांव निवासी दुलो सिंह के दो पुत्र क्रमशः केदार सिंह एवं बलराम सिंह, झामलाल सिंह के पुत्र लुचो सिंह, एवं सदानंद सिंह तथा संजय कुमार का दुकान, योगेन्द्र सिंह के दो पुत्र क्रमशः ललन सिंह एवं मिंटू सिंह का घर और केदार सिंह एवं बलराम सिंह की झोपड़ी, पिपल के दो पेड़, पाकड़ का एक पेड़, तार का दो पेड़, दुकान में रखे सभी सामग्री, नगदी सहित लाखों रूपए मूल्य की चीजें जलकर राख हो गया। वहीं घटना की सूचना पाते अग्नि समन की दो दमकल दल-बल सहित पहूंच कर आग पर पूर्ण रुपेण काबू पाया। ससमय अगर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो शायद आस-पास के सभी घर, स्कूल, फैक्ट्री, वाहन सहित कई अन्य चीजें जलकर राख हो जाती। वहीं दूसरी ओर पिपरा देवस बाबा स्थान चौर में एक बीघा का कटा हुआ गेंहू की फ़सल, भूसा में भी आगजनी हो गयी।

आगजनी में गोविंद यादव के पुत्र दशरथ यादव, लाखो यादव के पुत्र विलास यादव का गेंहू, रामसेवक यादव के पुत्र बबलू यादव तथा सीयाराम यादव के पुत्र रंजीत यादव का गेंहू का भूसा भी जलकर राख हो गया। वहीं घटना की सूचना पाकर पहुंची दमकल कर्मियों ने आस-पास में फैले आग पर पूर्ण रूप से काबू पा लिया। वहीं घटना की सुचना पाते ही बरौनी थाना के पुलिस अवर निरीक्षक आलोक कुमार, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक सुभाष कुमार सहित अन्य भी घटनास्थल पर पहुंच आगजनी का जायजा लिया।

### तनिष्क शोरुम में अगलगी में 10 बाइकें जली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा।** नगर थाना क्षेत्र के गोपाली चौक आरा में तनिष्क शोरूम में मंगलवार को भीषण आग लग गयी थी। आग, ग्राउंड फ्लोर पर जनरेटर में लगी जहां वेल्डिंग का कार्य चल रहा था। वेल्डिंग के चिंगारी से आग लगी जिससे बेसमेंट में रखी बाइक जलकर राख हो गयी। किसी तरह शोरूम के अंदर से सभी कर्मचारियों को बाहर निकाला गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि 'शोरूम के बेसमेंट में वेल्डिंग का काम चल रहा था। इसी बीच चिंगारी निकलने से बेसमेंट में खड़ी कार में आग लग गई। धीरे-धीरे आग बेकाबू हो गई और पूरे बेसमेंट को चपेट में ले लिया है। आग लगने के कारण धुआं पूरे शोरूम के अंदर फैला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम आग को बुझाने में लगी थी। जिस वक्त आग लगी शोरूम में 40 कर्मचारी और ग्राहक भी मौजूद थे। आग से बेसमेंट में खड़ी 10 बाइकें जलकर राख हो चुकी थी। फैल रहे धुंआ को देखते हुए शोरूम के कर्मचारी व ग्राहक दूसरे छत के सहारे कूदकर बाहर निकाले गये। 22 दिन पहले इसी शोरूम में 10 करोड़ की लूट हुई थी।

## डीएम ने की नीलाम पत्र वादों की समीक्षा

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नीलाम पत्र वादों की समीक्षात्मक बैठक की। समीक्षा के दौरान सभी नीलाम पत्र अधिकारी से उनके वादों से संबंधित निष्पादन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी नीलाम पत्र अधिकारियों को दफा 7 नोटिस जारी करने, बॉडी वारंट की संख्या बढ़ाने तथा सभी अभिलेखों को सही तरीके से संधारित करते हुए ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए सप्ताह में दो दिन कोर्ट करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए पंजी 9 एवं पंजी 10 का मिलान सुनिश्चित करने एवं ससमय मासिक प्रतिवेदन भेजने हेतु निर्देश दिए। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी (आरा सदर), स्थापना उप समाहर्ता, एलडीएम, बैंक प्रतिनिधि, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी (राजस्व शाखा), सभी बीडीओ व सीओ सहित अन्य नीलाम पत्र अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### पांच दिवसीय रंग संगम नाटक सम्पन्न

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददात)।** आकाश गंगा रंग चौपाल बरौनी द्वारा 5 दिवसीय रंग संगम में भिखारी ठाकुर रचित नाटक गंगा स्नान के उत्कृष्ट निदेशन के लिए साथी आर्ट फाउंडेशन बेगुसराय द्वारा गणेश गौरव को सारथी सम्मान से सम्मानित किए गए। यह सम्मान बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता के द्वारा मिथिला का पाग, अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह और पांच हजार रुपया दिया गया। इस अवसर पर साथी आर्ट फाउंडेशन के सचिव सह पूर्व एमएलसी भूमिपाल राय, प्रो अशोक कुमार अमर, जीडी कॉलेज के प्रचार डॉ राम अवधेश कुमार, मध्य विद्यालय बीहट के प्रधानाध्यापक रंजन कुमार, प्रभात किशोर सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। इस उपलब्धि के लिए साथी आर्ट फाउंडेशन के अध्यक्ष रजनीकांत पाठक, श्रुति नारायण राय, नीतीश कुमार, निरंजन कुमार, मुकेश कुमार, विकेश कुमार, पवन कुमार ने बधाई दी है।

### सुधीर बने युवा जदयू प्रखंड अध्यक्ष

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददात)।** युवा जदयू के प्रखंड अध्यक्ष का मनोनयन हो गया।नावकोठी के सुधीर कुमार महतो को इस पद की जिम्मेदारी दी गयी है।इसकी जानकारी जिलाध्यक्ष पंकज कुमार ने दी है। उनके मनोनयन पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार, संतोष कुमार जायसवाल, सुभाकर मिश्रा, अनिल महतो ने बधाई दी है तथा कहा कि युवा जदयू संगठन उनके नेतृत्व में मजबूत होगा।

### स्थापना दिवस आज

**बड़हरा/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददात)।** जय मां काली बखोरापुर में 2 अप्रैल को विशाल वार्षिक स्थापना समारोह-2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। मौके पर सुंदर कांड सह हनुमान चालिसा की म्यूजिकल प्रस्तुती 10 घंटे की होने वाली है। मंदिर के मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल नेबताया कि सम्पूर्ण भारत के विभिन्न तबके के ख्यातिप्राप्त सम्मानित व्यक्तित्व की उपस्थिति रहेगी। 2 अप्रैल सुबह 7 बजे से सत्यनारायण पूजन-आरती प्रसाद वितरण होगा। मंदिर निर्माण में मुख्य भूमिका निभानेवाले, प्रेरणास्त्रोत स्व, द्वारिका सिंह जो बिहार राज्य के प्रथम शिक्षा निदेशक, समाजसेवी, गरीबो के मसीहा, स्वतंत्रता सेनानी के जयंती महोत्सव भी बखोरापुर स्थित पैतृक निवास पर मनाया जाएगा। इस वार्षिक विशाल समारोह में बिहार विधान परिषद, पटना के सभापति अवधेश नारायण सिंह, भारत सरकार नई दिल्ली परिवहन विभाग के पूर्व सचिव, पूर्व आईएएस तथा बाथी पाकड़, भोजपुर के निवासी शम्भु सिंह की उपस्थिति रहेगी। साथ ही जनता दल (यू) बिहार के महासचिव अरविन्द कुमार ''छोटू सिंह'' बिहार के लोहा किंग प्रख्यात उद्योगपति विनय कुमार सिंह, बड़हरा थाना के निरीक्षक सह थानाध्यक्ष शैलेश्वर प्रसाद, ऑक्सीजन गौशाला पटना के एमडी विनोद सिंह, प्रख्यात उद्योगपति ईश्वर अग्रवाल पटना, महान समाजसेवी सोनाली सिंह, अंशु कुमार एमडी, डिजिटल हच डिजायन्स प्रालि पटना, मेटाडिका होम प्रा लि. पटना के एमडी राजीव कुमार, राष्ट्रीय जनता दल बिहार के महा सचिव विनोद कुमार सिंह, एसआई नवादा थाना आरा दीपक कुमार शर्मा, एसआई बड़हरा थाना प्रिति कुमारी समेत अन्य की मौजूदगी रहेगी। विशाल वार्षिक स्थापना समारोह-2025 का आयोजन 'जय माँ काली बखोरापुरवाली मंदिर ट्रस्ट, भोजपुर' के सौजन्य से हो रहा है।

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का शाखा सम्मेलन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददात)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का डफरपुर पंचायत का शाखा सम्मेलन छतौना में सम्पन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता सावित्री देवी तथा महेन्द्र महतो ने संयुक्त रूप से की। सर्वप्रथम पार्टी का झंडोत्तोलन वरिष्ट कार्यकर्ता महेन्द्र महतो ने किया। उपस्थित सदस्यों ने शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया। अंचल प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने पार्टी के सौ वर्ष के गौरवशाली इतिहास को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि 2014 में केन्द्र की सत्ता पर संघ परिवार संपोषित भाजपा का काबिज होने के बाद राष्ट्रीय राजनीतिक खतरनाक मोड़ पर आ गया। पीएम मोदी के सहचरी में बहुसंख्यक साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण व तुष्टिकरण और भीड़ हिंसा की प्रवृत्तियों को जिस प्रकार से सरकारी संरक्षण तथा प्रोत्साहन मिल रहा है उससे संपूर्ण समाज में नफरत का घिनौना माहौल बन रहा है। दूसरी ओर समावेशी राष्ट्रवादी विरासतों को तहस नहस करने, सार्वजनिक राष्ट्रीय संपदा को अपने कोरपोरेट मित्रों के झोली में औने पौने भाव में डाल रही है। अभिव्यक्ति, उपासना की स्वतंत्रता को छीनने, विरोध की आवाज को बलपूर्वक दबाने के लिए सांवैधानिक संस्थानों का गलत इस्तेमाल करने, कानूनों में मनमाने तरीके से फ़ेरबदल करने तथा भ्रष्टाचार को संस्थाबद्ध करने की सुनियोजित साजिशों के तहत लोकतंत्र तथा संविधान को तहस नहस कर निरंकुश शाही कायम करना चाहती है?। इनके साजिशों से सावधान रहने तथा आम आवाम की बुनियादी सुविधाओं को उनतक पहुंचाने हेतु एकताबद्ध होकर चरणबद्ध आंदोलन करने की अपील की। शाखा मंत्री द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन पर बहस के बाद पारित किया गया।सर्वसम्मति से 15 सदस्यीय शाखा कमिटी का गठन किया गया। आनंद मोहन प्रसाद सिंह को शाखा मंत्री, रामाधार सहनी तथा सुधीर सिंह को सहायक शाखा मंत्री, उषा देवी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। अंचल सम्मेलन हेतु 25 प्रतिनिधियों का चयन किया गया। अंचल मंत्री चंद्र भूषण चौधरी ने नई शाखा कमिटी के चयनित सदस्यों का खैरमकदम करते हुए नये जोश खरोश के साथ सम्प्रदायिक ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देने की अपील की।

### माउंट लिट्रा स्कूल में कार्यक्रम संपन्न

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददात)।** माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल, उलाव में नीट, आईआईटी फाउंडेशन बैच के लिए एक विशेष पेरेंट्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद कोटा की प्रतिष्ठित फैकल्टी टीम ने आगामी सत्र की जानकारी दी।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. शीतल ने कहा हमारा उद्देश्य छात्रों को उनकी उच्च शिक्षा के लिए एक मजबूत नींव प्रदान करना है। यह फाउंडेशन बैच छात्रों को उनके लक्ष्यों की ओर सशक्त दिशा देगा। वहीं, विद्यालय के निर्देशक डॉ. मनीष देवा ने अपने संबोधन में कहा कोटा के बेहतरीन शिक्षकों की टीम के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम छात्रों को आईआईटी, जेईई नीट, एआईआईएमएस, एनडीए, कलैट एनटीएसई और एसटीएसई जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं के लिए तैयार करेगा। हम प्रत्येक विद्यार्थी के उज्जवल भविष्य के लिए संकल्पित हैं।

# साइबर ठगी मामले में यूपी के दो ठग समेत छह गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**वीरपुर।** साईबर ठगी मामले में संलिप्त गिरोह के छह साईबर अपराध कर्मियों को मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कोरिया चौक से बासुदेवपुर जाने वाली रोड से यूपी के दो साईबर ठग समेत छह लोगों को बेगुसराय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसकी जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पुलिस कार्यालय बेगूसराय के द्वारा दी गई जिसमें बताया गया है कि यूपी के प्रयागराज जिले के थाना कैंट सदाराजापुर गांव के वार्ड संख्या 5 निवासी कृष्णवीर सिंह के 36 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार, प्रयागराज जिले के अंतरसूइया थाना क्षेत्र के रानी मंडी वार्ड संख्या 41 निवासी नरेश शर्मा के 34 वर्षीय पुत्र स्वप्निल शर्मा, भोजपुर जिला के शाहपुर थाना क्षेत्र के सिमरिया वार्ड संख्या 5 निवासी स्व उदय नारायण झा के 32 वर्षीय पुत्र सूर्यकांत ओझा, बेगुसराय नगर थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव के वार्ड संख्या 38 निवासी नंदलाल कुमार के 23 वर्षीय पुत्र केशव कुमार समेत बेगूसराय जिले के वीरपुर थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव वार्ड संख्या 7 निवासी स्व गणेश राय के 26 वर्षीय पुत्र अभिमन्यु कुमार, वीरपुर गांव वार्ड संख्या 5 निवासी राम विनय राय के 26 वर्षीय पुत्र राजीव रंजन उर्फ राजा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक कार, नौ चेक बुक, आठ मोबाइल, पच्चीस एटीएम, एक पासबुक, पांच आधार कार्ड, आठ पैन कार्ड, एक वोटर आई कार्ड बरामद किया गया है। सभी गिरफ्तार साइबर अपराधियो से पूछताछ कर बेगुसराय पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

# राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट।** आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन बरौनी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का समापन अमृतसर पंजाब की टीम दस्तक थिएटर के द्वारा एडजस्टमेंट नाटक के साथ किया गया। राजिंदर सिंह लिखित और अमिता शर्मा निर्देशित नाटक लोगों के मन को भा गया। नाटक समाप्ति के बाद भी सैकड़ों लोग प्रस्तुति के बाद भी देर रात तक उठने के लिए तैयार नहीं थे। नाटक एडजस्टमेंट प्रसिद्ध कवि और गीतकार गुलज़ार की एक मार्मिक लघुकथा है हाफ़ ए रुपी स्टोरीज़ में शामिल किया गया कहानी है। एक बुज़ुर्ग जोड़े, नाना और नानी पर केंद्रित है। बार-बार होने वाले झगड़ों और असहमतियों के बावजूद, उनका रिश्ता मज़बूत बना हुआ है। उनके रिश्ते में छोटी-मोटी लड़ाइयां होती हैं, जो अक्सर चुप्पी का दौर लेकर आती हैं, फिर भी एक अंतर्निहित स्नेह बना रहता है। नानी की मृत्यु के बाद, नाना के व्यवहार में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन आता है। वह नानी की आदतों और दिनचर्या को अपनाना शुरू कर देता है, जैसे कि उसके बिस्तर पर सोना और उसकी आवाज़ की नकल करना। यह क्रमिक बदलाव उसे नानी का व्यक्तित्व ग्रहण करने के लिए प्रेरित करता है, एक ऐसी स्थिति जिसे मनोचिकित्सक ने विघटनकारी व्यक्तित्व विकार के रूप में पहचाना है। डॉक्टर सुझाव देते हैं कि, नाना की उम्र को देखते हुए, उनके ठीक होने की संभावना नहीं है और परिवार को सलाह देते हैं कि वे उसे अपनी पसंद के अनुसार जीने दें। कहानी का समापन नाना के नानी के बिस्तर पर मृत पाए जाने से होता है, जो नानी के कपड़े पहने हुए हैं, जो उनके आजीवन संबंध की गहन गहराई का प्रतीक है। गुलज़ार की कहानी प्रेम, हानि और शोक के मनोवैज्ञानिक प्रभाव के विषयों पर आधारित है, जो दर्शाती है कि जीवन भर साथ रहने के दौरान पहचान कितनी गहराई से आपस में जुड़ सकती है। नाटक में नाना के रूप में आयुष सिंह, नानी में निमिशा गुप्ता, नैना के रूप में जसप्रीत कौर, सिमरन लकी रिहतम देवगन, अरुण के रुप में विशेष खरवार, विजय साहिल नागर, पारुल रूप में दिव्य दिशा, जीवन-विकास यादव और नवीन जायसवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# सेंट पॉल के स्थापना दिवस पर कार्यक्रमों की रही धूम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बखरी।** बखरी सेंट पॉल मॉडर्न स्कूल परिसर में मंगलवार को 14वां स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस समारोह के आयोजक स्कूल निदेशक दानेश्वर प्रसाद द्वारा स्कूल परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा प्रतियोगिता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सूर्यकांत पासवान ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए सेंट पॉल निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने विद्यालय के निदेशक व शिक्षक शिक्षिकाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय परिवार हमेशा प्रयत्नशील रहा है। एसडीएम सन्नी कुमार सौरभ ने कहा कि बच्चों में बहुमुखी प्रतिभा भरने के लिए सेंट पॉल मार्डन स्कूल वर्ष भर इस प्रकार के कार्यक्रमों का लगातार आयोजन करता रहा है। उन्होंने बच्चों को भी इस प्रकार के आयोजनों में बढ चढ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मुख्य पार्षद गीता कुशवाहा ने विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की। पूर्व पार्षद व भाजपा के जिला प्रवक्ता सिधेश आर्य ने कहा कि नब्बे के दशक में बखरी जब विकास के संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। तब सेंट पॉल के प्रबंधन ने भविष्य भारती और बाद के कालखंड में विद्या विहार की स्थापना कर बखरी में शैक्षणिक परिवर्तन की नींव डाली। आज यह संस्था कान्वेंट एजुकेशन में क्षेत्र का गौरव बन चुका है। कांग्रेस नेता रजनीकांत पाठक ने कहा कि लगभग तीन दशक पहले का यह प्रयास अब क्षेत्र में शिक्षा का वट-वृक्ष बन चुका है। विद्यालय के निदेशक दानेश्वर यादव ने वर्ष भर की उपलब्धियों एवं चुनौतियों को अतिथियों के संग साझा करते हुए कहा कि शिक्षकों, छात्र छात्राओं एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास से ही यह सफलता मिली है। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में गीत संगीत व नृत्य के माध्यम के स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। पिया कुमारी एण्ड ग्रुप की बेहतरीन प्रस्तुति गणेश वंदना से प्रारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रम मिथिला की झिझिया, राजस्थान का कालबेलिया, गुजरात का गरबा नृत्य व आसाम के बीहू से दर्शकों को लगातार पांच घंटे तक बांधे रखा। वहीं छोटे छोटे बच्चों द्वारा आयोजित फैशन शो में भारत के विभिन्न प्रांतों की वेशभूषा तथा अभिनय का प्रदर्शन किया गया। मौके पर वर्ग नर्सरी से नवम के बीते सत्र के मेधावी छात्रों को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं सर्वाधिक उपस्थिति के लिए शिक्षक गणेश कुमार साह को पूर्व पार्षद सिधेश आर्य व निदेशक दानेश्वर यादव ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यालय के लगभग चार सौ बच्चों ने भाग लेकर देश के सभी प्रांतों की सांस्कृतिक विरासतों को मंच पर उतारने का काम किया। अंजलि भारती, गुंजन कुमार, कल्पना, सुप्रिया के गायन तथा कृष, कर्मवीर, उज्ज्वल, तनिष, अनुष्का, सानू कुमारी, मिष्ठी, संजना, रितु, शक्ति राठौर ने सराहनीय प्रदर्शन किया। वहीं रत्नप्रिया एण्ड ग्रुप की झिझिया तथा परी कुमारी एण्ड ग्रुप की महाभारत पर आधारित नृत्य नाटिका रक्तचरित्र ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार, आर्दश, अनन्या बजाज, शक्ति राठौड़, सत्यम राज, अदिति राठौड़, शुभम और शिवानी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्राचार्य ओ पी चौधरी, पैक्स अध्यक्ष बलराम कुशवाहा, एम एस कॉलेज सोनिहार के प्राचार्य डॉ अर्जुन साह, डॉ कैलाश पोद्दार, डॉ अरविंद यादव, प्रो आजाद सिंह राठौड़, प्रो वैद्यनाथ चौरसिया, प्रो सतीश प्रसाद सिंह, राज कुमार, दीपक बजाज, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि राजू कुशवाहा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम की सफलता में अजीत, सुनील, गिरीश झा, विवेक, मोहिनी रस्तोगी, गीतांजलि, अल्पना, अमरजीत राय, गीतांजलि राय, नेहा छेत्री, दीपक पाठक, ललित, अल्पना, मधु, नंदिनी, पिंटू, दुलारचंद, मनीष चन्द्रशेखर, रोहित आदि की महती भूमिका रही। कार्यक्रम में शिवानी कुमारी को आदर्श छात्र, सत्यम राज को स्कूल टॉपर,सर्वाधिक उपस्थिति के लिए आदित्य राज तथा बेस्ट यूनिफार्म के लिए सोया, सोनाक्षी तथा पंखुरी को अतिथियों ने मोमेंटो देकर पुरस्कृत भी किया।

# अंबेडकर जयंती पर आयोजित होगा कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जीडी कॉलेज इकाई का कॉलेज बैठक आज दिनकर सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता जीडी कॉलेज अध्यक्ष प्रहलाद कुमार झा ने किया। उन्होंने बताया कि यह बैठक आने वाले हिंदू नव वर्ष एवं अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में होने वाले कार्यक्रम के मद्देनजर नजर रखा गया है। विद्यार्थी परिषद हर साल की भांति इस वर्ष भी हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित करेगी एवं अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में गरीब एवं शिक्षा से वंचित बच्चों के बीच पठन-पाठन का सामग्री का वितरण किया जाएगा। बैठक में मौजूद नगर सह मंत्री अमन एवं कॉलेज मंत्री आलोक ने कहा हम लोग इन कार्यक्रमों के उपरांत जीडी कॉलेज प्राचार्य से जो मूलभूत समस्या को लेकर ज्ञापन दिया गया था। वह सभी मांग नहीं पूरा हुआ है। इसे लेकर कॉलेज के प्राचार्य से वार्ता किया गया और उन्होंने पार्ट थर्ड के एग्जाम के पूर्ण होने तक सभी काम को पूरा करने का विश्वास दिलाया है। बैठक में मौजूद कॉलेज उपाध्यक्ष जूही एवं सौरव ने कहा विगत 6 महीना से काउंटर पर सर्टिफिकेट निकालने के लिए जा रहे छात्र एवं छात्राओं से अवैध रुपया वसूला जाता है। जो कहीं से भी सही नहीं है और इसका विद्यार्थी परिषद पूर्ण रूप से विरोध करती है। अगर इस चीज को जल्द से जल्द सुधार नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन आंदोलन करने पर विद्यार्थी परिषद बाध्य होगी। बैठक में मौजूद हरिओम कुमार सुनील कुमार नयन कुमार अभिषेक कुमार मंजेश कुमार एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मिशन हेल्थी भारत के तहत जीडी कॉलेज में सेमिनार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** ललित नारायण मिथिला यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आने वाले जी.डी कॉलेज में मिशन हेल्थी भारत के तहत सेहत केंद्र और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के साथ तापसी उपाध्याय ने वार्ता किया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन पियर एडुकेटर सुमित कुमार ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन नीतीश कुमार ने किया। वार्ता के दौरान उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरठ से वो यात्रा का शुभारंभ करके अभी वो सम्पूर्ण भारत की यात्रा पर है जहाँ वो स्वास्थ्य मिशन को ले के लोगों को जागरूक कर रही हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें नियमित रूप से योगा करना चाहिए, जंक फूड से बचने की सलाह दिए और खाने में पर्याप्त मात्रा में विटामिन व प्रोटीन युक्त भोजन को शामिल करें। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी व सेहत केंद्र की नोडल ऑफिसर डॉ. सहर अफ़रोज़ ने तापसी उपाध्य को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस मिशन को ले के आप निकले है उसमें आपको कामयाबी मिले और बीमार पड़ने पर खुद का डॉक्टर न बनें। पियर एडुकेटर सुमित कुमार व नीतीश कुमार ने कहा कि आज के समय मे सही जानकारी का होना बहुत जरूरी है, बहुत बार लोग गलत जानकारी के आभाव में सही समय पर ट्रीटमेंट नहीं करवा पाते जिसका खामियाजा बाद में भुगतना पड़ता हैं। स्वयंसेवक अजित कुमार व सूरज कुमार ने कहा कि हम लोगों को स्वाथ्य रहने के लिए ससमय भोजन ग्रहण करना चाहिए और हेल्थी फ़ूड को बढ़ावा देना चाहिए। मौके पर खुशी, नीतीश कुमार, सुमित कुमार, अजित कुमार, सूरज कुमार, नयन राज, विक्रम राठौड़, गुलशन, आयुष पटेल, मोनी, मंचन, निधि, अंकिता, रानी, सादिया, नंदनी, सोनी, मनीषा, उज्ज्वल, मुस्कान, आशा, कोमल, राकेश, आशीष, अभिनव सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद थे।।

# शॉट बाउंड्री नाइट क्रिकेट में चेरियाबरियारपुर रही विजेता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**तेघरा।** संत पॉल पब्लिक स्कूल तेघड़ा के ग्राउंड में तीन दिवसीय शॉर्ट बाउंड्री नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें बरौनी, धबौली, कोरीयाही, चेरियाबरियारपुर, बेगूसराय, 11 स्टार दनियालपुर आदि के कुल 12 टीम इस टूर्नामेंट में भागीदारी निभायी। शुक्रवार को संत पॉल पब्लिक स्कूल तेघड़ा के ग्राउंड में चेरिया बरियारपुर बनाम 11 स्टार दनियालपुर के बीच शॉर्ट बाउंड्री क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। मैच का प्रारंभ संत पॉल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह के टॉस कराने और उनके द्वारा बल्ले बाजी के शुरुआत के साथ हुआ। 11 स्टार दनियालपुर की टीम टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 88 रन के योग पर पूरी टीम सिमट गई। वहीं चेरिया बरियारपुर की टीम 89 रनों के लक्ष्य को 10.5 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर फाइनल मैच को अपने नाम करते हुए विजेता शील्ड कब्जा जमाया। चेरिया बरियारपुर के बिट्टू का बेहतरीन खेल प्रदर्शन पर मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज दिया गया। इस प्रकार चेरिया बरियारपुर के टीम विजेता तो 11 स्टार दनियालपुर के टीम को उप विजेता घोषित किए गए। वही 11 स्टार दनियालपुर के अंकित को बेस्ट बल्लेबाज का ट्रॉफी प्रदान किया गया। मैच के समापन पश्चात सभी प्लेयर को बधाई एवं शुभकामनाओं के पारितोषिक प्रदान किया गया। इस मैच के को-प्रायोजक माँ इंदु नेत्र अस्पताल बरौनी, वत्स सेवा समिति नयानगर, अनुपम ट्रेडर्स तेघड़ा, महालक्ष्मी ट्रेडर्स तेघड़ा, सत्यम क्लासेस तेघड़ा एवं फ़ीजिक्स कॉंसेप्ट तेघड़ा की सराहनीय भूमिका रही। दोनों टीमों के हौसला अफजाई करने के लिए स्टेज पर मौजूद थे - संत पॉल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सुनील कुमार सिंह, हरे राम राय, संजय राय, लुढ़क सिंह, श्याम प्रसाद, सरोज राय, शिक्षक भीम कुमार, डॉ राजेश कुमार, चंदन कुमार (वत्स सेवा समिति, रोबिन राज (वत्स सेवा समिति) के साथ साथ सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण अभिभावक मौजूद थे। कमेंट्री में रोशन पाठक, सचिन सिंह राजपूत, रोबिन सिंह ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। वहीं स्कोरर की भूमिका में हैप्पी शूटर, राजा भैया मौजूद थे।

# रावण वध के साथ रामलीला का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** ठाकुरवाड़ी मंदिर परिसर में सात दिवसीय रामलीला का भव्य समापन मंगलवार की शाम रावण वध और श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ हुआ। इस अवसर पर राम-रावण युद्ध का मंचन किया गया, जिसमें भगवान श्रीराम ने अपने धनुष से रावण का वध किया। जैसे ही रावण का पतन हुआ, पूरे पंडाल में 'जय श्रीराम' के जयकारे गूंज उठे। रावण वध के बाद श्रीराम का अयोध्या आगमन हुआ, जहां नगरवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला।



श्रीराम के राज्याभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी और पूजा-अर्चना की। रामलीला कमेटी ने इस आयोजन को सफल बनाने वाले सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पहुंचे एसडीएम अमित कुमार पटेल ने कहा कि रामलीला केवल एक नाटक नहीं, बल्कि समाज को सीख देने वाली परंपरा है। उन्होंने कहा कि रावण वध का असली उद्देश्य तभी सफल होगा, जब लोग अपने भीतर के अहंकार और बुराई का त्याग करेंगे। समारोह के अंत में मंदिर कमेटी द्वारा अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष सोनू कुमार, चंद्रकेत सिंह चंदेल, पंकज कुमार सिंह, कुमारी खुशबू रानी, सुनील कुमार, मनोज गोस्वामी सहित यूपी के मिर्ज़ापुर और प्रयागराज से आए सभी कलाकार उपस्थित रहे।

CMYK

## एक किलो चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनहा थाने की पुलिस ने के दौरान धनहा रतवल पुल से एक किलो चरस के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के पास से पुलिस ने अवैध हथियार एवं कारतूस भी बरामद किया हैं। वही मामले में पुलिस ने अपराधियों के द्वारा प्रयुक्त किया जा रहे हैं एक स्कॉर्पियो को भी जप्त किया है। विजय चौधरी व दूसरा संदीप कुमार का नाम शामिल हैं। धनहा थानाध्यक्ष धर्मवीर भारती ने बताया कि सोमवार की रात धनहा थाने की पुलिस के द्वारा धनहा रतवाल पुल पर सघन वाहन जांच अभियान चला रहा था। इसी दौरान यूपी से आ रहा है एक स्कॉर्पियो को रोका गया। जांच के क्रम में स्कॉर्पियो से एक किलो चरस बरामद हुआ। पुलिस ने स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि जप्त किए गए चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब डेढ़ लाख रुपया अंकी जा रही है।

# अवैध हथियार के साथ चार युवक गिरफ्तार

**दरौली/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दरौली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित करवाई करते हुये हथियार के साथ चार युवकों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को थानाध्यक्ष रौशन कुमार को सूचना मिली कि बलहूं गांव के निकरी छठी माई स्थान के समीप कुछ युवक हथियार के साथ किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे है। थानाध्यक्ष ने इसकी जानकारी पुलिस कप्तान और एसडीपीओ चंदन कुमार को सूचना दी। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस अवर निरीक्षक अमितोष कुमार ने टीम बनाकर सूचना वाले स्थान की घेरावंदी कर छपेमारी की।




छपेमारी के दौरान मौके से चार युवक गिरफ्तार किये गये जिनकी तलाशी लेने पर दो देशी कट्टा और कारतूस बरामद हुआ। मंगलवार थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसडीपीओ चंदन कुमार ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक करवाई हेतु थाना से परि पुअनि अमितोष कुमार को उक्त स्थान पर दल बल के साथ भेजा गया। जब अमितोष कुमार उक्त स्थान पर पहुंचे तो देखा कि कुछ व्यक्ति पुलिस के गाड़ी को देख कर भागने लगे जिसे साथ के दल बल के सहयोग घेरा में लिये गये। गिरफ्तार किये व्यक्तियों की पहचान दरौली के बलहूं गांव निवासी जयप्रकाश यादव के पुत्र चन्दन कुमार यादव (23 वर्ष),मेल्हनी गांव निवासी लसिटन राम के पुत्र मुन्ना कुमार(38 वर्ष),नारायणपुर गांव निवासी छोटेलाल प्रसाद के पुत्र गोविन्दा प्रसाद(20 वर्ष) तथा मेल्हनी गांव निवासी नम्मी साहनी के पुत्र जीतेश कुमार(18 वर्ष) के रूप में हुई। इनलोगों की बारी-बारी से तलाशी लिया गया तो चन्दन कुमार यादव के कमर के दाहिने तरफ पेंट में खोसे एक चमकीले धातु का देशी कट्टा दो ट्रिगर वाला तथा पेंट के दाहिने पॉकेट से एक मिस्ड कारतूस तथा मुन्ना कुमार के कमर में बाएँ तरफ पेंट में खोसा हुआ एक काले रंग का देशी कट्टा ट्रिगर गार्ड लगा हुआ बरामद हुआ। बरामद कट्टे के अनुज्ञप्ति की मांग करने पर दोनों उक्त दोनों व्यक्तियों द्वारा कोई अनुज्ञप्ति प्रस्तुत नहीं किया गया। दोनों के द्वारा बताया गया कि उक्त दोनों कट्टा अवैध है। हथियार के साथ गिरफ्तार चारों युवकों के खिलाफ दरौली थाना कांड संख्या-88/25 धारा-25(1-b)a/26/35 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## पुलिस को सहयोग करने पर सम्मानित हुए दीपक राही

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस पब्लिक के बीच समन्वय बनाये रखते हुए विधि व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करने एवं थानाक्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाने जैसे सराहनीय कार्य करने के मामले में दीपक रही को पुलिस पारितोषिक सम्मान से सम्मानित किया गया।बगहा एसडीपीओ कुमार देवेंद्र ने दीपक राही को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। विदित हो कि सामाजिक कार्यो के साथ-साथ कई सरकारी कार्यक्रमों एवं क्षेत्र में पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने एवं क्षेत्र में विधि व्यवस्था कायम करने में पुलिसिया सहयोग करने के मामले में दीपक रही को इस पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। दीपक राही शिक्षा विद के साथ प्रखर प्रवक्ता भी हैं जो सरकारी व गैर सरकारी सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर समाज राज्य व देश की उन्नति व विकास के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं।

## आग का कहर शुरू

# मझौलिया के दो गांवों में तीन दर्जन घर जले

### महोदीपुर के 27 व सरिसवा के 15 घर सहित कई मवेशी जलकर खाक

**बेतिया/मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में धूप एवं हवा के झोंके के बीच अगलगी की घटनाओं की शुरूआत हो गयी है। मझौलिया प्रखंड के महोदीपुर पंचायत के चैता में मंगलवार को दोपहर बिजली की शॉट सर्किट से लगी आग में 27 घर एवं सरिसवा में सोमवार की रात्रि में 15 घर जलकर राख हो गया।आगलगी में चौता के सलामत



मियां, सहादत मियां, नुरालंम मियां, लालमन मियां, रफी मियां,अक्षय आलम, हसमुद्दीन आलम,जहनरुल आलम सहित 27 लोगों का घर सहित दर्जनों मवेशी जलकर खाक हो गया।तो वही सरिसवा में सुरेश पासवान जीतन पासवान फुल सागर पासवान दुखी पासवान सिकंदर पासवान झूठी पासवान रामचंद्र पासवान जंग बहादुर पासवान संतोष पासवान लखन पासवान ध्रुव पासवान संजय पासवान धुरंधर पासवान रूपेश पासवान सहित 15 लोगों का घर जलकर खाक हो गया।वही आगलगी में वर्तन कपड़ा नगदी जेवर मवेशी सहित कई लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गया।सरिसवा में सूचना पर पहुंचे चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह ने अग्नि पीड़ितों को सांत्वना दी।तथा पीड़ितों को हरसंभव मदद करने की बात कही।साथ ही पीड़ितों में आवश्यक सहायता सामग्री का वितरण किये।वहीं अंचलाधिकारी राजीव रंजन व संबंधित कर्मचारी द्वारा घटनास्थल पहुचकर क्षति का आकलन किया गया।अंचलाधिकारी ने बताया कि दोनों जगहों का क्षति का आकलन करा लिया गया है।जल्द ही अग्निपीड़ितों को संबंधित सहायता राशि उपलब्ध करा दी जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### एफसीआई में गेहूं खरीदारी शुरू

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बगही बघंबरपुर स्थित भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में गेहूं की खरीददारी का विधिवत शुभारंभ मंगलवार को किया गया। शुभारंभ भारतीय खाद्य निगम के मंडल प्रबंधक रामगोपाल गोयल द्वारा किया गया। किसान जितेंद्र राव के द्वारा साल 2025 का सबसे पहला गेहूं एफसीआई को 2425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से दिया गया । उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की ये गेहूं खरीद योजना से किसान बहुत ही खुश और संतुष्ट है। पहले बिचौलियों द्वारा अनाप शनाप रेट पर किसानों से गेहूं की खरीद कर लिया जाता था। लेकिन अब भारत सरकार द्वारा 2425 रूपया प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदा जा रहा है। इस कारण किसानों को इधर उधर अपने गेहूं को बेचने जाना नहीं पड़ रहा तथा उन्हें बिचौलियों से मुक्ति मिली है। किसान जितेंद्र राव ने मोदी सरकार एवं सांसद डॉ संजय जायसवाल को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एफसीआई के अधिकारी नवीन कुमार राव, मुकेश कुमार, सांसद डॉ संजय जायसवाल के नीजी सचिव अखिलेश्वर सिंह, समाजसेवी विजय चौधरी, संत माइकल्स एकेडमी के ऑनर प्रतीक शर्मा के साथ साथ गौरव चौधरी, अक्षय राज सहित अन्य मौजूद रहें.

### फुटपाथी दुकानदारों से कौड़ी वसूली पर रोक

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि चालू वितीय वर्ष में अगले आदेश तक मीना बाजार, लाल बाजार, स्टेशन चौक, नया बाजार, छावनी आदि के फुटपाथी दुकानदारों से निगम द्वारा संचालित कौड़ी वसूली पर पूर्णतया रोक लगा दी गई है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया नगर विकास एव आवास विभाग के निर्देश के आलोक मे निगम बोर्ड द्वारा संपूर्ण निगम क्षेत्र में किसी भी सड़क के किनारे या फुटपाथ की दुकानदारों से निगम द्वारा संचालित कौड़ी वसूली पर पूर्णतः रोक लगा दी गई है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इसके साथ ही एसपी ऑफिस के पास निगम द्वारा संचालित बाइक पार्किंग स्टैंड भी बंद कर दिया गया है। महापौर ने आम जनता और दुकानदारों से अनुरोध करते हुए यह भी कहा कि निगम क्षेत्र में किसी भी फुटपाथी दुकानदार से यदि कोई व्यक्ति निगम के नाम पर कौड़ी वसूलने आता है तो इसकी जानकारी शिकायत सीधे उनसे करें। ऐसा गैर कानूनी कृत्य करने वालों पर एफआईआर दर्ज कराने के साथ अन्य कार्रवाई भी की जाएगी। महापौर की इस घोषणा के बाद गरीब फुटपाथी दुकानदारों में हर्ष एवं खुशी का माहौल है।

### नलजल योजना को मोबाइल पर अपलोड करने का निर्देश

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सभी पंचायतों में संचालित नल जल योजना के जांच को लेकर प्रखंड प्रसाशन द्वारा कर्मियो को प्रतिनियुक्त किया गया है। नल जल योजना क्रियाशील है अथवा बंद है। इसका जांच रिपोर्ट पेयजल मोबाइल एप पर प्रतिनियुक्त कर्मी अपलोड करेंगे। इस संदर्भ में बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव व जिलाधिकारी के आदेश पर सभी पंचायतों में नल जल योजना का विधिवत जांच करवाया जा रहा है। इसके जांच के लिए पंचायत सचिव, कृषि समन्वयक, आवास पर्यवेक्षक एवं किसान सलाहकार को प्रतिनियुक्त किया गया है। संबंधित प्रतिनियुक्त कर्मी प्रत्येक चार दिनों में कम से कम एक बार पंचायत के वार्डो का निरीक्षण कर इसका जांच करेंगे। ताकि जहां जहां नल जल योजना बंद है, उसे पीएचईडी विभाग द्वारा दुरुस्त करवाया जा सके।

### एसएफसी गोदाम का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के कृषि बाजार अवस्थित एसएफसी गोदाम का मंगलवार को बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने निरीक्षण किया है। इस दौरान बीडीओ श्री सिंह ने गोदाम में उपलब्ध अनाज की गुणवत्ता, भंडारण की स्थिति व पीडीएस दुकानों के वितरण प्रणाली, स्वच्छता, अनाज की उचित देख-रेख व स्टॉक प्रबंधन, आदि का गहन जांच किया और भंडारण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी व सुव्यवस्थित बनाने को लेकर गोदाम के एजीएम विकाश कुमार को आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के उपरांत बीडीओ ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश के आलोक ने एसएफसी गोदाम का निरीक्षण किया गया है। गोदाम में अनाज की उपलब्धता व वितरण की जानकारी ली गई है। जिसका एक रिपोर्ट तैयार कर वरीय अधिकारि को दिया जाऐगा।

### बलुआ के प्राथमिक विद्यालय में ताला तोड़कर चोरी

**गुठनी/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बलुआ हिंदी विद्यालय में सोमवार की रात असामाजिक तत्वों ने जमकर तोड़फोड़ की और सामानो की चोरी की है। इस संबंध में विद्यालय के एचएम ने थाने में आवेदन दिया है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विक्की यादव ने बताया कि विद्यालय दिवस के बाद सभी शिक्षक स्कूल बंद कर घर चले गए। मंगलवार सुबह विद्यालय के बाहर सामान बिखरा देख ग्रामीणों ने सूचना दी। सूचना पाकर विद्यालय पहुचा तो देखा कि दो कमरो का ताला तोड़कर चोरों द्वारा सारा सामान बिखेर दिया गया है और खाद्यान सहित कुछ कागजात की चोरी कर ली गयी है। चोरों ने विद्यालय में रखे छह क्विंटल चावल की चोरी के बाद स्कूल में लगे आठ पंखे,बल्ब,टेबल,कुर्सी तोड़ दिया है। बच्चों के खेल के सामान, पानी का टँकी व नल को भी क्षतिग्रस्त कर दिये है। प्रधानाध्यापक ने यह भी बताया कि चोरों का मकसद विद्यालय को क्षति पहुचाने का रहा होगा क्योंकि बहुत सामान तोड़ कर छोड़ दिये है और चोरी के नाम पर खाद्यान्न व कुछ कागजात ही ले गये है। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया आवेदन मिला है जांच पड़ताल की जा रही हैं किसी असामाजिक तत्व का शरारत हो सकता है।

### विवादित जमीन पर बन रहा पंचायत सरकार भवन

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जमुनिया मे विवादित जमीन पर बन रहे पंचायत सरकार भवन निर्माण पर रोक लगाने हेतु अनुमंडल न्यायालय द्वारा अंचल कार्यालय गौनाहा को नोटिस भेजा गया है। वाद संख्या 49/2025 मे स्व. भूपेंद्र प्रसाद के पुत्र चंदेश्वर कुमार का कहना है कि वाद भूमि खतियान के अनुसार मालिक गैरमजरुआ प्रकृति की है। जिसका खाता संख्या 31, खेसरा 347/1 व रकबा 23 डिसमिल है उस जमीन कि जमाबंदी संख्या 493 है। बता दे कि 1996-97 में वादी के पिता स्व. भूपेंद्र महतो के पक्ष मे स्थाई बंदोबस्ती कर जमीन उन्हें बंदोबस्ती करायी गयी थी। जिसका बंदोबस्ती कर अंचल कार्यालय द्वारा लगान का निर्धारण किया गया था। उधमी योजना के तहत उक्त जमीन पर रोजगार हेतु मुख्यमंत्री एससी/एसटी योजना के तहत मुर्गी का दाना तैयार करने हेतु करीब 10 लाख रुपया ऋण भी लिया जा चूका है। इधर अंचल कार्यालय गौनाहा द्वारा 24 फरवरी 2025 को अंचलाधिकारी गौनाहा द्वारा पुलिस बल के सहयोग से उक्त जमीन पर अवस्थित बोधबासी मकान,घोटा-घारी मुर्गी दाना शेड को जेसीबी से तोड़कर उसे नष्ट कर दिया गया और उस जमीन पर लगे 10 आम का पेड़ व 100 सागवान का हरा पेड़ नष्ट कर दिया गया। उक्त विवादित जमीन पर पंचायत सरकार भवन बनाया जा रहा है। प्रभारी सीओ दीपक कुमार का कहना है कि जमुनिया में पंचायत सरकार भवन का निर्माण रोकने का कोई आदेश नहीं आया है। वहां कुछ लोगों के द्वारा सरकारी भूमि का अतिक्रमण किया गया था।

# रामनवमी जुलूस निकालने को लेकर मुख्य सचिव ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी 06 अप्रैल को मनाये जाने वाले पर्व रामनवमी पर्व को लेकर लेकर मुख्य सचिव ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए है। जिसको लेकर मंगलवार को बिहार के मुख्य सचिव श्री अमृतलाल मीणा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी डीएम और एसपी के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में जिला पदाधिकारी, सिवान एवं पुलिस अधीक्षक, सिवान भी सम्मिलित हुए। बैठक में रामनवमी त्यौहार को लेकर अधिकारियों को पूरी एहतियात बरतने, अलर्ट रहने और हर हाल में शांति बनाये रखने के साथ सुरक्षा को लेकर बड़ी संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों को प्रतिनियुक्ति करने एवं संवेदनशील इलाकों में विशेष नजर बनाये रखने व जुलूस को लेकर प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश भी दिया गया। मुख्य सचिव, महोदय ने कहा की बिहार में आगामी रामनवमी त्यौहार 06 अप्रैल के मौके पर पूरे राज्य में जुलूस निकाला जाता है। इस




बार भी जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस के शांतिपूर्ण निकाले जाने के निमित्त जिला पदाधिकारीगण एवं पुलिस अधीक्षकगण को विशेष सावधानी बरतने का निर्देश दिया गया। पूर्व से ही जुलूस के रूट का भौतिक सत्यापन शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया।जुलूस के रास्ते में जर्जर बिजली के तारों को बदलवाने का निर्देश भी दिया गया। बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। वही रामनवमी पर्व के अवसर पर भ्रामक खबर फैलाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया ।बताया गया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें। इसके लिए साइबर सेनानी सेल को सक्रिय रखने, असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों पर विशेष नजर रखें। निरोधात्मक कार्रवाई कड़ाई से सुनिश्चित करने एवं जिले के सभी महत्वपूर्ण महावीर मंदिरों तथा संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल को प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया गया।वही प्रमुख पूजा स्थलों पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया। सभी जिलों के महावीर मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं के भीड़ को नियंत्रित करने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध के लिए बैरिकेटिंग करवाने का भी निर्देश दिया गया। इस दौरान यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया।

## अवैध अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के हरिपकड़ी में मंगलवार को आम गैरमजरूआ जमीन पर अवैध कब्जा पर प्रशासन का बुलडोजर चला कर अतिक्रमण मुक्त किया गया।अंचलाधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि हरिपकड़ी गांव आम गैरमजरूआ जमीन पर गांव के ही चंद्रिका शर्मा, दिनेश प्रसाद,प्रभु भगत, सुरेश प्रसाद वगैरह द्वारा अवैध रुप से अतिक्रमण कर फुसनुमा घर बनाया गया था।जिसे उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में एस डब्लू जे सी -10920/24 के तहत बुलडोजर चलवा कर अतिक्रमण हटाया गया।

# दियारा के छात्र राजन रौनियर ने मनवाया प्रतिभा का लोहा

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कहते हैं की प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। सही ढंग से सही दिशा में किया गया मेहनत हमेशा सफलता के परचम लहराता है। इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है गंडक पार के दियारा क्षेत्र के दो छात्रों ने। गंडक पार के मधुबनी प्रखंड के खोताहवा पंचायत के उत्क्रमित एमएस स्कूल पकडिहवा के छात्र राजन कुमार रौनियर एवं मानस ने गंडक पार का नाम रौशन किया है।

राजन रौनियर 485 तो मानस कुमार ने 481 अंक प्राप्त कर अपने क्षेत्र का नाम रौशन किया है। पहले उच्च शिक्षा की कोई व्यवस्था इस क्षेत्र में नहीं थी। गंडक पार के चार प्रखंड में महज मधुबनी प्रखंड में ही एक उच्च विद्यालय था। ऐसे में यहां के बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते थे। लेकिन जब हालात बदले और पंचायत में उच्च विद्यालय की स्थापना हुई तब खोताहवा के सेमरिया गांव के दो छात्रों ने अच्छा रैंक लाकर अपने क्षेत्र का नाम रौशन किया है। राजन रौनियार आगे चलकर आईआईटी कर इंजीनियर बनना चाहता है। इन दोनों छात्रों की सफलता से गंडक पार के दियारा क्षेत्र के लोगों में काफी हर्ष है एवं स्कूल प्रबंधन की ओर से दोनों छात्रों को मिठाई खिलाकर उन्हें शुभकामनाएं दी गई।

# मैट्रिक परीक्षा में उतीर्ण छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के पांडेय टोला स्तिथ पाठक क्लासेज कोचिंग संस्थान में मंगलवार को मैट्रिक परीक्षा में अव्वल छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। वही शिक्षक रिषु पाठक, ललित पाठक ने बच्चों को मेडल पहनाकर उनका हौसला अफजाई किया। संस्था के संचालक ललित पाठक ने बताया कि हमारी संस्था पिछले 11 साल से संचालित हो रही है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मैट्रिक परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक बच्चे प्रथम श्रेणी से उतीर्ण होकर अपने माता पिता एवं गुरुजन के साथ साथ क्षेत्र का नाम रौशन किया है। श्री पाठक ने बताया कि उतीर्ण छात्रों के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया गया है और उन्हें बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी गई है। वही संस्था के निदेशक रिषु पाठक ने कहा कि शिक्षक एक मार्गदर्शक होते है। बच्चों के बेहतर रिजल्ट में शिक्षक के साथ-साथ बच्चो व उनके माता पिता का अहम योगदान रहता है। हमारी संस्था का हमेशा प्रयास रहा है कि शिक्षा के क्षेत्र में हमारा क्षेत्र अव्वल रहे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा देना हमारा प्रयास रहा है। हमारे यहां जो गरीब परिवार से बच्चे आते है और उन्हें शिक्षा लेने में किसी तरह की परेशानी है तो उन्हें निशुल्क शिक्षा देने की भी ब्यवस्था है। मौके पर शिक्षक मन्देश मिश्रा, राजेश दुबे, धनन्जय कुमार, आलोक कुमार एवं सोनू कुमार, स्वेता कुमारी, साजिया प्रवीण, प्रखर देवा, बैभव पांडेय, उत्सव कुमार, रजनीश कुमार, राहुल कुमार, सुष्मिता कुमारी, गोलू कुमार, तेज नारायण कुमार समेत दर्जनों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



# श्री कृष्णदेव किंडरगार्टन में प्रगति पत्रक का हुआ वितरण

**हसनपुरा /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सिसवां कला स्थित श्री कृष्णदेव किंडरगार्टन में मंगलवार को एक समारोह आयोजित कर उत्तीर्ण छात्र छात्राओं के बीच प्रगति पत्रक वितरण किया गया। विद्यालय के सचिव डॉ राजेश्वर भक्त ने बताया कि इस वर्ष वर्ग प्रथम में मयूरी कुमारी प्रथम, अदिवेका सिंह, द्वितीय व आयुश कुमार तृतीय, कक्षा दूसरी में ब्यूटी कुमारी प्रथम,काजल कुमारी द्वितीय व अंशू कुमारी तृतीय, कक्षा तीसरी में अनिता कुमारी प्रथम, पियूश कुमार द्वितीय व शिबू कुमार सिंह, कक्षा चतुर्थ में गोल्डी कुमारी प्रथम, स्वीटी कुमारी द्वितीय व आरुषी कुमारी तृतीय, कक्षा पांच रोहित कुमार प्रथम, तान्या कुमारी द्वितीय व बंटी कुमार तृतीय, कक्षा छह प्रभात कुमार गिरि प्रथम, रोशनी कुमारी द्वितीय व मनसा कुमारी तृतीय,कक्षा सातवीं में क्वीन सिंह प्रथम, सुशांत कुमार सिंह द्वितीय व तृतीय शिवम् कुमार सिंह वहीं कक्षा आठवीं में आयुष कुमार प्रथम, मुन्ना कुमार द्वितीय व शिवानी कुमारी तृतीय स्थान हासिल किया है। सचिव श्री भक्त ने उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। मौके पर प्राचार्य सुमन कुमारी, सहायक शिक्षिका रीता कुमारी, सुनीता कुमारी,रामदेव राम, नागेंद्र साह, अब्दुल कलाम के अलावे रामेश्वर भक्त, परशुराम ठाकुर,सुरेश गिरि,हंसनाथ सिंह,रमेश गिरि,रघुनाथ गिरि, घनश्याम सिंह व विद्या सागर भक्त सहित अन्य अभिभावक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



## रुपये के लेनदेन में दो पक्षों में मारपीट, एफआइआर

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रुपये के लेनदेन को लेकर दो पक्षो मे मारपीट हुई है। मामले में दोनों पक्ष ने शिकारपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। जिसमे भसुरारी निवासी संगीता देवी ने एफआईआर में बताया है कि बल्थर थाना के संतोष यादव की पत्नी बंटी कुमारी के साथ मिलकर गाना बजाना का काम करते है। बंटी के पति संतोष यादव मोटरसाइकिल खरीदने के लिए 20 हजार रुपया लिए जिसमे 10 हजार रुपया नही अभी तक नही दिए है। सोमवार को 10 बजे भसुरारी पेट्रोल पंप के समीप बकाया के रुपया मांगे तो गाली गलौज देने लगे और मारपीट कर जख्मी कर दिए। वही दूसरे पक्ष के बंटी कुमारी ने थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। आरोप है कि भसुरारी निवासी संगीता देवी पति आसिफ हुसैन से 20 हजार रुपया मोटरसाइकिल खरीदने वास्ते लिए थे।

# ग्लोबल हेल्थ केयर अवार्ड से सम्मानित हुए डॉ उमेश

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के बैनर तले आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन मेडिकॉन 2025 में ग्लोबल हेल्थ केयर अवार्ड 2025 से बेतिया के प्रसिद्ध हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डा. उमेश कुमार सम्मानित किये गये। उक्त आयोजन में डा. कुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में टेंडिनोपैथी एवं इसके आधुनिक इलाज विषय पर अपना व्याख्यान दिया। डा. कुमार को बिहार ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के निवर्तमान सचिव एवं वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ मधुसूदन कुमार एवं मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी एवं प्रसिद्ध शिक्षाविद प्रो. रणबीर नंदन के हाथों प्रदान किया गया। यह सम्मान डॉ उमेश कुमार के द्वारा पिछले एक दशक में हेल्थ केयर के क्षेत्र में आधुनिकतम इलाज करने एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए गरीब असहाय मरीजों के इलाज में मदद करने एवं कई सामाजिक संगठनों के द्वारा जुड़कर समाज के हित में काम करने के उपलक्ष्य में प्रदान किया गया। बता दे कि डॉ उमेश कुमार सामाजिक कार्यों में काफी रुचि रखते हैं। एवं बढ़-चढ़कर हिस्सा भी लेते हैं। इससे पहले भी वह चिकित्सा रत्न, चंपारण रत्न, आईकॉनिक डॉक्टर ऑफ बिहार समेत कई राज्य एवं राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित हो चुके हैं।




# 501 कुंवारी कन्याओं के साथ निकाली गई कलश शोभा यात्रा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नरकटियागंज के मथुरा गांव स्थित ब्रह्मस्थान परिसर से मंगलवार को सामूहिक यज्ञ सह अष्टयाम को लेकर भव्य कलश सोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा 501 कुंवारी कन्याओं के साथ गाजे बाजे व भक्तिमय गीतों के साथ मथुरा ब्रह्मस्थान परिसर से निकलकर खैरवा, दुर्गवलिया गांव होते हुए त्रिमुहान नदी पर पहुचीं जहां आचार्य द्वारा यजमान चंदन प्रसाद व उनकी पत्नी के साथ कुवारी कन्याओ को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी की गई। इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय रहा। गोखुला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रौशन ब्याहुत ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से क्षेत्र में सुख एवं समृद्धि बनी रहे, इसके लिए सामूहिक



यज्ञ सह अष्टयाम का आयोजन हुआ है। इसी को लेकर कलश यात्रा निकाली गई थी। इस यज्ञ को सफल बनाने में सोनू कुमार, रंजीत कुमार, अमेरिका प्रसाद, मुकेश प्रसाद, भगत सहनी, ललन सहनी, रवि कुमार, हृदया दास,बिरजू कुमार, बिट्टू कुमार, पप्पू प्रसाद, पंकज गुप्ता, बच्चा कुमार, किशोर यादव, दुर्योधन प्रसाद, देवराज पासवान, सुरेंद्र राम, रॉकी कुमार, रूपेश यादव समेत सभी ग्रामीणों का सहयोग सराहनीय रहा।

## अपहृत लकड़ी को पुलिस ने किया बरामद

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शादी के नियत से अपहृत लड़की को पुलिस ने सोमवार को साठी स्टेशन से बरामद कर लिया है। थाना अध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के परसौनी गांव से अपहृत एक लड़की के ट्रेन से साठी से कहीं बाहर जाने के फिराक की सूचना मिली।

सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष स्वय पीएसआई नीतीश कुमार सअनी शैलेंद्र कुमार सिंह व पुलिस बल के साथ साठी स्टेशन पर पहुंचकर अपहृत लड़की को बरामद कर लिया। इस मामले में अपहृता के पिता ने थाने में आवेदन देकर अपने ही गांव के संतोष ठाकुर और उसके पिता धनु ठाकुर माता मराछी देवी चाचा प्रदीप ठाकुर चाची राधिका देवी पर शादी के नियत से अपहरण के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# गेहूं की फसल कटाई के दौरान कंबाइन ने दो महिला को रौंदा, मौत

**सीवान.** थाना क्षेत्र के गभीरार गांच के दियरा क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर खेत में पशुओं के लिए चारा काट रही दो महिलाएं कंबाइन की चपेट में आ गई। इससे घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। इसके बाद वहां लोगों की काफी संख्या में भीड़ जमा हो गई। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने हंगामा भी शुरू कर दिया। घटना के बाद चालक कंबाइन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने कंबाइन मशीन को कब्जे में लेते हुए दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृत महिलाओं की पहचान गभीरार निवासी मनोज साह की पत्नी कौशल्या देवी (40) तथा श्यामा महतो की पत्नी की चंपा देवी (52) के रूप में हुई है। वहीं इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया।बताया जाता है कि गभीरार के दियरा क्षेत्र में कौशल्या देवी एवं चंपा देवी पशुओं के लिए घास काट रही थी। वहीं कुछ ही दूरी पर कंबाइन मशीन से गेहूं के फसल की कटाई की जा रही थी। इस दौरान कंबाइन मशीन का चालक नियंत्रण खो दिया और ढलान होने के कारण मशीन की चपेट में आ गई। इस दौरान दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी जैसे ही स्वजनों को हुई, वे लोग दहाड़ मारकर रोते हुए घटनास्थल पर पहुंचे। इस संबंध में थानाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया तथा कंबाइन मशीन का पता लगाया जा रहा है। समाचार प्रेषण तक प्राथमिकी नहीं हुई थी।



CMYK

# देव को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सरकार तत्पर

## नहाय-खाय के साथ देव में चार दिवसीय ऐतिहासिक चैती छठ मेला प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के ऐतिहासिक, धार्मिक और पौराणिक स्थल देव में चैती छठ व्रत के अवसर पर लगने वाले विश्व प्रसिद्ध चार दिवसीय चैती छठ मेला का आज बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री तथा प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन, सदर विधायक आनंद शंकर एवं जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री सुमन ने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान किए गए घोषणाओं को कैबिनेट से पास कराकर प्रशासनिक स्वीकृति दिलवाए हैं। देव को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए राज्य सरकार कृत संकल्प है और यहां आने वाले पर्यटकों तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 142 करोड़ रूपये की लागत से रिंग रोड का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा 400 करोड़ की लागत से देव में मेडिकल कॉलेज और 29 करोड़ की लागत से स्पोर्ट्स कंपलेक्स के निर्माण की योजना को राज्य सरकार की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि देव में पर्यटकीय सुविधा के विस्तार के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। प्रभारी मंत्री श्री सुमन ने कहा कि यह पर्व अपने आप में बेमिसाल और अतुलनीय है। इसका कोई तुलना नहीं है और इसमें सब की निष्ठा जुड़ी रहती है। उन्होंने जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिस तरह यहां 5 लाख से अधिक श्रद्धालु आते हैं और जिला प्रशासन उन्हें पूरी तरह सफल आयोजन करती है यह हमारे लिए गर्व की बात है। सदर विधायक आनंद शंकर ने बताया कि छठ मेला राजकीय मेल घोषित हुआ तब से यह मंच देव के विकास के लिए बड़ी भूमिका निभाती है। भगवान भास्कर की नगरी में श्रद्धालुओं को आना-जाना लगा रहता है। उन्होंने प्रभारी मंत्री एवं जिला पदाधिकारियों को धन्यवाद दिए की उनके सहयोग से मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान देव की महान जनता को देव में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हेतु 400 करोड़ की स्वीकृति प्रदान हुआ है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि प्रत्येक बार हम लोग साल में दो बार छठ मेला का आयोजन करते हैं। कुछ एजेंसियां के माध्यम से हम लोग श्रद्धालुओं को ठहरने के लिए आवासन स्थल बनाया जाता है। आवश्यकता अनुसार इस बार भी हम लोग आवासन पानी, बिजली, पार्किंग,अस्थाई मेडिकल कैंप की व्यवस्था कराया है। सरकार ने जो राशि हमें मुहैया कराई है उसे राशि से हम लोग समुचित व्यवस्था करते हैं हम लोगों ने सुरक्षा के मामले में भी बेहतर प्रबंधन किया है उन्होंने प्रभारी मंत्री को आश्वासन दिलाया कि हम लोग किसी भी तरह का श्रद्धालुओं को कोई कष्ट नहीं होने देंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल, अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, बंदोबस्त पदाधिकारी शैलेश कुमार दास, एसडीपीओ मदनपुर, सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन, देव प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकेशा यादव, अंचलाधिकारी देव, समाजसेवी सतेंद्र यादव, दुलारे मुखिया बिजेंद्र यादव, मंदिर न्याय समिति के सदस्य एवं देव क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



# पूरे मेला क्षेत्र में प्रशासन मुस्तैद

## डीएम-एसपी ने अधिकारियों के साथ की संयुक्त ब्रीफिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ऐतिहासिक व धार्मिक दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण देव प्रखंड के सूर्य कुंड परिसर में चैती छठ मेला के दौरान सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा संयुक्त ब्रीफिंग की गई। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को ड्यूटी के दौरान छठव्रतियों की भावनाओं एवं श्रद्धा का ख्याल रखने एवं 01 से 04 अप्रैल के बीच पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि चूंकि सूर्यकुंड छठ घाट पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं इसलिए यह आवश्यक है कि सभी प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस कर्मी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल की पूरी जानकारी प्राप्त कर लें। इस दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह द्वारा सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों की पूर्ण जानकारी दी गई एवं उन्हें आज से ही ड्यूटी पर तैनात रहने का निर्देश दिया गया। एसडीएम द्वारा सूर्य मंदिर, सूर्य कुंड, रुद्र कुंड एवं मेला क्षेत्र के सभी मार्गों पर प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों को आज ही अपने स्थल का भ्रमण कर सुनिश्चित होने का निर्देश दिया गया एवं बताया गया कि किसी भी परिस्थिति में श्रद्धालुओं की भीड़ के मूवमेंट को रुकने ना दें एवं लोगों के आवागमन को बाधित न होने दें। बताया गया कि देव चैती छठ मेला के दौरान सूर्य कुंड एवं रुद्र कुंड घाट के चारों तरफ वरीय पदाधिकारी की निगरानी में दंडाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी लोग अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर जाकर देख लें ताकि आपस में इफेक्टिव कम्युनिकेशन स्थापित किया जा सके। इस बैठक में अपर समाहर्ता, एडीएम पीजीआरओ, एडीएम आपदा, सदर एसडीएम, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, डीएसपी मुख्यालय, डीएसपी मदनपुर सभी वरीय उप समाहर्ता, डीसीएलआर स्वेतांक लाल एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# देव छठ मेला में 500 स्काउट-गाइड तैनात





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड, औरंगाबाद के तत्वावधान में चैती छठ मेले में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार 500 स्काउट-गाइड देव में तैनात किए गए हैं। ये स्काउट-गाइड 1 से 4 अप्रैल तक मेले में श्रद्धालुओं की सहायता करेंगे और भीड़ नियंत्रण में सहयोग देंगे। सूर्य मंदिर में दर्शन के दौरान अनुशासन बनाए रखने और सूरजकुंड पर छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जिला प्रशासन के इस अभियान में औरंगाबाद जिले के अलावा अरवल और रोहतास जिलों के स्काउट-गाइड भी भाग ले रहे हैं। इस अभियान का नेतृत्व जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) श्रीनिवास कुमार कर रहे हैं। उनके साथ सहयोग के लिए अमित रंजन भास्कर, सुधीर कुमार मिश्रा, रीना कुमारी सिंहा, बसंत कुमार, लव कुमार, शुभम कुमार, आयुष कुमार, लालू कुमार, काजल कुमारी, प्रियंका कुमारी, अभय कुमार, राहुल कुमार, संजीत कुमार, पीयूष कुमार सहित कई स्काउट-गाइड मौजूद हैं। जिला प्रशासन के अनुसार, चैती छठ मेला में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में स्काउट-गाइड की तैनाती से व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने में मदद मिलेगी।

# छठ मेला में राज्य के अलावा अन्य प्रांतों से भी पहुंच रहे श्रद्धालु

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के ऐतिहासिक, धार्मिक और पौराणिक स्थल देव में चार दिवसीय चैती छठ मेला मंगलवार से प्रारंभ हो गया है। जिलाधिकारी श्रीकांत ने बताया कि छठ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं तथा छठव्रतियों के लिए पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य, यातायात, सुरक्षा आदि के समुचित प्रबंध किये गये हैं। उन्होंने बताया कि मेला में विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए जगह-जगह दंडाधिकारियों के नेतृत्व में सशस्त्र बल की तैनाती की गयी है। चैती छठ व्रत के अवसर पर त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर को अत्यन्त आकर्षक ढंग से सजाया गया है। देव छठ मेला में देश के विभिन्न प्रांतों तथा राज्य के कोने-कोने से श्रद्धालुओं एवं व्रतधारियों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। चार दिनों का यह पवित्र अनुष्ठान आज नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है, जो 4 अप्रैल को प्रातः उदयाचल सूर्य को अर्घ्य अर्पित किये जाने के साथ सम्पन्न होगा। सुप्रसिद्ध सौर तीर्थस्थल देव में चैती छठ व्रत करने आये पूर्वोत्तर भारत के राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बंगाल, उत्तरांचल एवं बिहार के विभिन्न जिलों के श्रद्धालु छठव्रती महिलाओं ने यहां स्थित पवित्र सूर्यकुण्ड में विशिष्ट स्नान किया और ऐतिहासिक त्रेतायुगीन पश्चिमाभिमुख सूर्य मंदिर में सूर्यदेव की पूजा-अर्चना की। आज के नहाय-खाय के साथ ही देव में लगनेवाले चार दिवसीय चैती छठ मेला भी आरंभ हो गया है। गौरतलब है कि छठ व्रत के दौरान देव आकर छठ व्रत करने की विशिष्ट धार्मिक और आध्यात्मिक महत्ता है। कहा जाता है कि यहां प्रतिवर्ष दो बार कार्तिक एवं चैत माह में छठ व्रत के दौरान छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं को सूर्यदेव की उपस्थिति की साक्षात अनुभूति होती है। नहाय खाय के दिन आज छठव्रती महिलाओं ने जिले के विभिन्न इलाकों में स्थित नदियों, तालाबों एवं सरोवरों में अंतःकरण की शुद्धि के लिए पवित्र स्नान किया और व्रत के दौरान इस्तेमाल किये जाने वाले बर्तनों की साफ-सफाई की। स्नान-पूजन के बाद छठव्रतियों ने नदी एवं कुंए के जल से शुद्धता के साथ कद्दू-भात का आहार बनाकर ग्रहण किया और प्रसाद स्वरूप अपने परिजनों को खिलाया।



# विद्युत करंट की चपेट में आकर दंपति की मौत

## कपड़ा सुखाने छत पर गई थी पत्नी, पति भी आया चपेट में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विद्युत की चपेट में आकर एक दंपत्ति की मौत हो गई। घटना अंबा प्रखंड क्षेत्र के नरहर अंबा गांव की है। मृतक की पहचान अर्जुन पाठक एवं उनकी पत्नी सुनीता देवी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मृतका सुनीता देवी कपड़ा धोकर आंगन में सुखाने गई थी। इसी क्रम में गिला कपड़ा विद्युत तार के संपर्क में आ गया जिससे वह करंट की चपेट में आ गई। पत्नी को छटपटाता देख अर्जुन पाठक उसे बचाने गए परंतु वे भी बिजली की चपेट में आ गए। जब उनके बेटे ने दोनों को आंगन में मूर्छित देखा तो शोर मचाकर पड़ोसियों को बुलाया। इसके बाद परिजन दोनों को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजन एवं गांव में शोक व्याप्त है। रो-रोकर उनका बुरा हाल हैं। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि घटना की सूचना मिली हैं। शव का पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में कार्रवाई की जा रही हैं।



फाइल फोटो

● **औरंगाबाद।** आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें फेसर थाना की पुलिस द्वारा दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के बरिमल गांव निवासी अक्षर कुमार एवं मृत्युंजय सिंह के रूप में की गई है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक से गिरकर एक 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना ओबरा प्रखंड के जम्होर थाना क्षेत्र के मेहंदा गांव के समीप की है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के ही गुलजार बिगहा गांव निवासी शिवपति राम के पुत्र अर्जुन कुमार के रूप में हुई है। घटना सोमवार देर रात की बताई जा रही है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि अर्जुन अपने घर से बाइक से किसी काम को लेकर ओबरा थाना क्षेत्र के कारा मोड़ तरफ गया हुआ था। वापस लौटने के दौरान मेहंदा गांव के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा पहुंचाया और घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा पहुंचे और घायल युवक का हाल जाना। जानकारी मिली कि चिकित्सकों ने अर्जुन की स्थिति गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर, सदर अस्पताल के भी चिकित्सकों ने अर्जुन स्थिति के गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन अर्जुन को बेहतर इलाज हेतु मगध मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल गया लेकर जा रहे थे, लेकिन बीच रास्ते में उसकी मौत हो गई। अर्जुन की मौत के बाद परिजन उसके शव को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। इस दौरान परिजनों की चीत्कार से सदर अस्पताल का कोना-कोना दहल उठा। जानकारी मिली कि परिजन अर्जुन के शव का पोस्टमार्टम कराए बिना ही घर लेकर चले गए और दाह संस्कार करा दिया। घटना के बाद से परिवार वालों को रो-रोकर बुरा हाल है तो वही गांव में मातम पसरा हुआ है। थानाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि दुर्घटना में युवक की मौत की जानकारी नहीं है, आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकराया, चालक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारुन (औरंगाबाद)।** मंगलवार की अहले सुबह सोननगर में बारुन - दाउदनगर सड़क पर रेलवे अस्पताल के पास एक अनियंत्रित ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक दाउदनगर से बारुन की ओर जा रहा था। इसी दौरान वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक विशाल पीपल के पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पेड़ की मोटी शाखा टूटकर ट्रक पर गिर गई, जिससे इंजन केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में रोहतास जिले के दावथ थाना क्षेत्र के मलियाबाग निवासी ट्रक चालक पवन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बारुन भेजा। गनीमत रही कि ट्रक का उपचालक इस दुर्घटना में सुरक्षित बच गया। इस दुर्घटना के कारण सड़क किनारे लगे बिजली के तार भी टूट गए जिससे सोननगर क्षेत्र में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। स्थानीय प्रशासन और विद्युत विभाग के कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की तेज गति और अनियंत्रित होने के कारण यह हादसा हुआ।

# क्षत्रिय महासभा की बैठक में सामाजिक उत्थान पर जोर, डॉ. संजय सिंह बने अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा के एक निजी हॉल में दाउदनगर-ओबरा क्षत्रिय महासंघ की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बिहार प्रदेश जदयू के उपाध्यक्ष नौनेर निवासी विश्वनाथ सिंह ने किया। बैठक में दाउदनगर व ओबरा प्रखंड के सैकड़ो लोगों ने इस महासंघ का गठन किया जिसमें दाउदनगर निवासी पूर्व पार्षद डॉ संजय कुमार सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष व डिहरा पंचायत के पंचायत समिति चितरंजन सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। अंछा गांव निवासी राजेश्वर सिंह, घोड़दौड निवासी उमा सिंह एवं मेहंदा निवासी विनोद सिंह को सर्व सम्मति से उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं गोड़तारा निवासी विनोद सिंह, सुरमा निवासी अखिलेश सिंह, अंछा निवासी नेपाल सिंह, गैनी निवासी पंचायत के मुखिया उदय कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह एवं सोनबरसा निवासी सूरज सिंह को सचिव चुना गया। पसवां निवासी कृष्णा सिंह, कुशा निवासी मनोज कुमार सिंह, लबदना निवासी निखिल सिंह, कुरहमी निवासी उदय सिंह, अंछा निवासी धीरेंद्र सिंह एवं देवकली निवासी सिद्धि सिंह को महासचिव चुना गया। दाउदनगर व्यापार मंडल अध्यक्ष राम बच्चन सिंह एवं सननपूरा निवासी उपेंद्र सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। नौनेर निवासी विश्वनाथ सिंह को सर्वसम्मति से संरक्षक चुना गया। इसके अलावा सौरभ कुमार सिंह पैक्स अध्यक्ष डिहरा, संजय सिंह अरइ खाप, मनीष सिंह देवकली, वीरेंद्र सिंह जिनोरिया, विजय सिंह नहरो डिहरी, संतोष सिंह फदरपुर, प्रसिद्ध सिंह नवनेर, सुरेंद्र सिंह कझवां, वीरेंद्र सिंह मुख्तियारपुर, उपेंद्र सिंह तेजपुरा, बृजा सिंह जिनोरिया, प्रमोद सिंह तूतुरखी, मृत्युंजय सिंह रेपुरा, ललन सिंह भूइया, संतोष सिंह कुरहमी, संजय सिंह नारायणपुर, अजय सिंह केसराड़ी, अरविंद सिंह बेलवा, अरुण सिंह परता, प्रमोद सिंह चंदा, उमेश सिंह घोड़दौड़, अजय सिंह तारा, संजय सिंह भखरुआ मोड, सुरेंद्र सिंह चेचाडी, हरबंस सिंह कझवां, उमेश सिंह बेलवा, बबलू सिंह घटारो, मिथिलेश सिंह हरिना, गुलशन कुमार सोनबरसा, प्रमोद सिंह ललारो, उपेंद्र सिंह प्रेम बीघा, भोला सिंह चौरम, अरुण सिंह सिहूडी, अर्जुन सिंह उकुरहमी, पवन सिंह तेजपुरा, परशुराम कुमार सिंह परसा, संतोष कुमार सिंह नवनेर, रंजय सिंह बेलवां और रविंद्र कुमार सिंह रेपुरा को सर्वसम्मति से कार्यकारिणी समिति का सदस्य बनाया गया। जानकारी देते हुए डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक आम बैठक थी जिसमें 200 से अधिक संख्या में राजपूत समाज के लोग उपस्थित थे। बैठक में सामाजिक उत्थान के लिए बच्चों की शिक्षा-दीक्षा में सुधार पर बल दिया गया।



# बैठक में शत-प्रतिशत टीकाकरण पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बिक्रम सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित की गई जिसमे जेईई वैक्सीनेशन हिट वेव से बचाव को लेकर कई महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बिक्रम सिंह ने सभी सेविका जीविका दीदी तथा अन्य कर्मियों को बताया कि इस संबंध में जागरूकता को लेकर कई बच्चे टीकाकरण से वंचित है। उन्होंने उपस्थित सीडीपीओ आशा कुमारी से अनुरोध किया कि अपने स्तर से निर्देशित करेंगे कोई भी बच्चा जेईई टीकाकरण से वंचित न रहे तथा प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक विकास शंकर को निर्देशित किया कि सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी टीकाकरण का सुक्ष्म कार्य योजना प्रेषित करेंगे। सभी पदाधिकारी क्षेत्र भ्रमण के दौरान टीकाकरण का भी अनुश्रवण करेंगे। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए लू से बचाव हेतु आम जन मानस को जागरूक करेंगे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा में जेईई वैक्सीनेशन ग्रसित बच्चों के लिए पांच बेड का वार्ड तैयार किया गया है और पांच बेड का हिट वेब वार्ड भी तैयार किया गया है। इस मौके पर बीडीओ मो. युनुस सलीम, स्वास्थ्य प्रबंधक विकास शंकर, लेखा प्रबंधक अखिलेश कुमार, पैरामेडिकल वर्कर संतोष कुमार, जीविका अरुण कुमार तिवारी, पर्यवेक्षिका सुनीता कुमारी अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# बकाया रूपये के विवाद ने लिया हिंसक रूप, एक जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अंबा थाना क्षेत्र के अंबा बाजार में बकाया रूपये के विवाद को लेकर एक दुकानदार ने युवक पर नुकीले हथियार से हमला कर दिया, जिसके वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक आकाश कुमार उर्फ रंजन अंबा बाजार के ही देव रोड का रहने वाला है। घटना के बाद उसे इलाज के लिए कुटुंबा रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। मंगलवार की दोपहर सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी युवक ने बताया कि कुछ दिन पहले अपने भाई राहुल की शादी में उसने अंबा के एक ज्वेलर्स दुकान से 2.5 लख रूपये की सोने का आभूषण उधार लिया था। उसने लगभग दो लाख रूपये चूका दिया था। 50 हजार रूपये बाकी रह गया था, जिसके लिए वह लगातार दबाव बना रहा था। आर्थिक तंगी के कारण पैसा जमा नहीं कर सका, जिसे लेकर दो बार पूर्व में भी उसके साथ मारपीट हुई थी। मामला थाना तक भी पहुंचा था। अंबा थाना में पुलिस द्वारा बांड भी बनवाया गया था। पुलिस द्वारा एक महीने के अंदर पैसा चुकाने को कहा गया था। इसके बाद लगभग 45 हजार रूपये चूका दिया था और चार से पांच हजार रुपया बकाया रह गया था। जब ज्वेलर्स दुकान का व्यक्ति आकाश के दुकान पर गया और पैसा मांगने लगा तो धंधा मंदी चलने की बात कहते हुए पैसा नही दिया। इसी दौरान मारपीट की घटना घटी। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली है। आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

# मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बाढ़ अनुमंडल में पुलिस ने मोटरसाइकिल गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की है। अथमलगोला थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने एक मैकेनिक समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ-2 अभिषेक सिंह के अनुसार, 22 मार्च 2025 को करजान गांव के पास न्यू फोरलेन पर तीन बदमाशों ने एक बाइक सवार से हथियार दिखाकर मोटरसाइकिल और मोबाइल लूट लिया था। पुलिस ने तकनीकी और मानवीय खुफिया जानकारी के आधार पर जयनंदन कुमार, विक्रम कुमार, गोलू कुमार और जितेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया।

# स्थापना दिवस पर प्रखंड कार्यालय के 63 सालों के सफर को किया याद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुम्बा प्रखंड मुख्यालय परिसर में मंगलवार को कुटुंबा प्रखंड कार्यालय का 63वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार तथा संचालन मुखिया संघ के अध्यक्ष मंजीत यादव ने किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने प्रखंड मुख्यालय के 63 वर्ष के निरंतर प्रगति के सफर को याद किया। प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 1 अप्रैल 1962 को कुटुंबा प्रखंड कार्यालय की स्थापना हुई थी। कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र की पृष्ठभूमि ऐतिहासिक रही है। पुरातत्व विभाग द्वारा कुटुंबा गढ़ की खुदाई के दौरान मिले शुंग कालीन अवशेष और हर्षवर्धन काल के सिक्के पौराणिक सभ्यता का संकेत देते हैं। आज इस पौराणिक और ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 63 साल के सफर में कुटुंबा प्रखंड निरंतर विकास के पथ पर नये आयाम स्थापित करता आ रहा है। विकास कार्य के लिए कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। इसका श्रेय यहां के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों को जाता है। इस दौरान बिहार बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में प्रदेश में आठवां एवं जिला में प्रथम स्थान हासिल करने वाली शालू को पुष्प माला और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र यादव, अंचल अधिकारी चंद्रप्रकाश, बीपीआरओ हरेंद्र चौधरी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह कल्याण पदाधिकारी शिशिर कुमार रंजन, सीडीपीओ श्वेता कुमारी, एलएसबीए को-ऑर्डिनेटर दिनेश कुमार, उप प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, हम पार्टी के प्रवक्ता सूरज राय, मुखिया मंजीत यादव, तौहिद आलम एवं दर्जनों प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।




CMYK